**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 21.0 | 17.3 |
| जमशेदपुर | 23.2 | 19.2 |
| डालटनगंज | 20.6 | 18.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *


पेज 8-9

www.lagatar.in | गुरुवार, 07 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 229 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- मीरा चंद को सिंगापुर का सर्वोच्च कला सम्मान मिला
- व्लादिमीर पुतिन सऊदी अरब, यूएई की करेंगे यात्रा
- गाजा में युद्ध के कारण सहायता आपूर्ति प्रभावित
- तोशखाना भ्रष्टाचार केस में इमरान की याचिका खारिज

**नेशनल**
- रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 83 .32 प्रति डॉलर पर
- रेवंत रेड्डी के शपथ ग्रहण में शामिल हो सकती हैं सोनिया
- ईडी ने मगध विवि के पूर्व वीसी की संपत्ति जब्त की
- सरकार बी2सी लेनदेन के लिए ई-बिल करेगी अनिवार्य

**स्टेट**
- 3 आईएसबीटी बनाने के लिए ठेकेदार नहीं मिल रहे
- 8.84 करोड़ से झारखंड के तीन थाने होंगे हाइटेक
- पलामू टाइगर रिजर्व में टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा
- ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे साहिबगंज एसपी आलम

**स्पोर्ट्स**
- क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने पर आउट हुए मुशफिकुर
- विश्व कप से पहले लौट सकते हैं डु प्लेसी
- जूनियर हॉकी : भारत व स्पेन में मुकाबला आज
- अंडर-19 एशिया कप में आज से भारत का मैच शुरू

## किसने क्या कहा

- इंडियन टीम के विश्व कप अभियान की तरह फाइनल में हारी कांग्रेस : टीएस. सिंहदेव
- 'इंडिया' गठबंधन को सीट बंटवारे व भविष्य की रणनीतियों पर तेजी से काम
- सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड की सीबीआई जांच हो : काली प्रसाद

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,200 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

## ब्रीफ खबरें

### रवि बिश्नोई नंबर वन टी20 गेंदबाज बने



**दुबई।** भारत के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत पांच पायदान की छलांग लगाकर बुधवार को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज हो गये. बिश्नोई ने हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त हुई शृंखला में पांच मैच में नौ विकेट झटके थे.

### पीएम करेंगे शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को उत्तराखंड का दौरा करेंगे और इस दौरान देहरादून में आयोजित किए जा रहे उत्तराखंड वैश्विक निवेशक सम्मेलन-2023 का उद्घाटन करेंगे. पीएमओ ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी. उसके मुताबिक प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे. शिखर सम्मेलन 8 और 9 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा.

### लालदुहोमा कल लेंगे सीएम पद की शपथ

**आइजोल।** जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा शुक्रवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि लालदुहोमा के अलावा उनकी मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों को भी शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे राजभवन में एक समारोह में शपथ दिलाई जाएगी. लालदुहोमा ने राज्यपाल से मुलाकात की थी.

### गरबा अब यूनेस्को की आईसीएच सूची में शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल ने बुधवार को कहा कि राज्य के लोकप्रिय गरबा नृत्य को यूनेस्को ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया है. मंगलवार को बोत्सवाना में शुरू हुई अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की हिफाजत के लिए अंतर सरकारी समिति की 18वीं बैठक के दौरान अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सहेजने संबंधी 2003 की संधि के प्रावधानों के तहत इसे सूची में शामिल किया.

### रेवंत रेड्डी आज लेंगे सीएम पद की शपथ

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस अध्यक्ष अनुमुला रेवंत रेड्डी हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के बाद गुरुवार को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे. 56 वर्षीय नेता का शपथ ग्रहण समारोह दोपहर एक बजकर चार मिनट पर यहां विशाल एलबी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा. राज्य की मुख्य सचिव ए. शांति कुमारी ने शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर अधिकारियों के साथ बैठक की.

### आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बोले

# ..तो सिलेंडर ₹500 में देते

**विशेष संवाददाता। रांची/आदित्यपुर**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आप किसी के पास काम करेंगे और आपको पैसा नहीं देगा तो आप उससे झगड़ा करेंगे या नहीं. ठीक उसी तरह हमारा भी केंद्र सरकार के पास 1 लाख 36 हजार करोड़ बकाया है. जब हमने सरकार बनाया, हम भीख मांगने की स्थिति में थे. हमने सोचा कि हम पैसा कहां से लाएं तो हम कागज ढूंढ़ने लगे तो पता चला कि हमारा 1 लाख 36 हजार करोड़ केंद्र सरकार के पास बकाया है.

सीएम ने कहा, हम बकाया मांगने गये तो हमारे पीछे ईडी-सीबीआई लगा दिया. लेकिन हम भागने वाले में से नहीं है. अगर वह पैसा हमारे पास आ जाता, तो हम आपको ढाई हजार पेंशन देते. अगर बकाया पैसा मिलता तो हम हर नौजवान को 10 लाख देकर स्वरोजगार करवाते. वो पैसा मिल जाता तो हम इस राज्य के लोगों को सात पीढ़ी तक घर में बैठाकर खाना खिलाते. यह व्यापारियों की जमात है. लेना जानते हैं ,देना नहीं. हमें अपना बकाया पैसा मिल जाता तो हम 1200 का सिलेंडर 500 रुपये में देते. सीएम खरसावां में बुधवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए लाभुकों को संबोधित कर रहे थे. सीएम ने सिमला पंचायत में आयोजित एक कार्यक्रम में 236 करोड़ की 90 योजनाओं का शिलान्यास व 80 करोड़ की 142 योजनाओं का उद्घाटन किया. वहीं 23 हजार लाभुकों के बीच बांटे 244 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण किया. कार्यक्रम में सीएम ने केंद्र सरकार और विपक्ष पर प्रहार किया.

### केंद्र से 1.36 लाख करोड़ बकाया मिल जाए तो सूबे के बेरोजगार युवाओं को 10-10 लाख रुपये में देंगे : मुख्यमंत्री



#### खास बातें

- 236 करोड़ की 90 योजनाओं का शिलान्यास व 80 करोड़ की 142 योजनाओं का किया उद्घाटन
- 23 हजार लाभुकों में 244 करोड़ की परिसंपत्ति वितरित

#### विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे सूबे के छात्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने उत्कृष्ट विद्यालय बनाया. सभी बेटियों को सावित्री बाई फूले योजना का लाभ देंगे. हमारे बच्चे विदेशों में पढ़ रहे हैं. ये देश का पहला राज्य है. जो अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ा रहा है. जिन अंग्रेजों ने हमारे परिवार की तितर-बितर कर दिया. आज हम अपने बच्चों को उन विदेशियों के बगल में बैठ कर पढ़ा रहे हैं. विपक्ष ने सरकार बनने के बाद से ही कोशिश की कि हमारी सरकार को गिरा दे, पर ऐसा कर नहीं पा रहे.

#### विपक्ष के लोग खाने में केरोसिन डाल रहे हैं

सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग आपके खाने में केरोसिन डालने का काम करते हैं ताकि आप खा ही नहीं पाएं. आज जो पोस्टर यहां लगा है, उसमें विपक्ष के नेताओं का भी फोटो है. लेकिन हमारे कार्यक्रम में ये लोग नहीं आते हैं. ये लोग दूसरा कार्यक्रम करते हैं और पीछे से हमला करते हैं. सरकार इनकी चोरियों को समझ गया है. हम भी सरकार से अपना अधिकार मांगते हैं तो ये लोग सरकार गिराने की साजिश रचते हैं. बस आरोप लगाए जाते हैं. हम गरीब हैं, इसलिए पकड़ लो जेल में ठूंस दो.

#### सीएम की अन्य घोषणाएं और अहम बातें

- 15 हजार किमी ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा
- **बिजली, पानी व सड़क गांव गांव पहुंचाने का कार्य होगा.**
- अबुआ आवास योजना राज्य सरकार देगी
- **पूर्व में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया गया.** **लेकिन आपकी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड दिया.**
- जिस तरह धान क्रय को लेकर सरकार ने मिनिमम सपोर्टिंग प्राइस तय किया है, उसी तरह वनोपज को लेकर भी एमएसपी तय किया जाएगा.



## भाजपा के 10 सांसदों ने दिया इस्तीफा, पीएम से मिले

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद सिंह पटेल ने बुधवार को लोकसभा से इस्तीफा दे दिया. इस्तीफा देने वाले सांसद मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की भावी सरकार में शामिल होंगे. पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ दसों सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की. इसके बाद सांसदों ने अपने-अपने इस्तीफे सौंपे और फिर सभी ने संसद भवन परिसर स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस्तीफा देने वाले 10 सांसदों में तोमर और पटेल के अलावा जबलपुर के सांसद राकेश सिंह, सीधी की सांसद रीती पाठक, होशंगाबाद के सांसद उदय प्रताप सिंह, राजस्थान के राजसमंद की सांसद दीया कुमारी, जयपुर के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा, छत्तीसगढ़ के अरुण साव और गोमती साय शामिल हैं.

## शेयर बाजार में उछाल निवेशक मालामाल


2.17 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

**नयी दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत पूंजी प्रवाह से घरेलू बाजार नये शिखर पर पहुंच गया है. इससे निवेशकों की पूंजी भी बढ़ी है. बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 303.25 अंक या 0.44 प्रतिशत उछलकर 69,599.39 के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. निफ्टी भी 100.05 अंक या 0.48 प्रतिशत चढ़कर 20,955.15 के नये सर्वकालिक स्तर पर पहुंच गया. बाजार में आये तेज उछाल से निवेशकों की पूंजी 2.17 लाख करोड़ बढ़ गयी है. इससे पहले मंगलवार को भी शेयर बाजार के कारोबार में अच्छी तेजी दर्ज की गयी थी. बीएसई सेंसेक्स 431 अंक की तेजी पर 69,296 के लेवल पर बंद हुआ था. वहीं निफ्टी 50 इंडेक्स 168 अंक की बढ़त के साथ 20855 के लेवल पर समाप्त हुआ था.

## एल. ख्यांगते बने राज्य के नये सीएस

**रांची।** झारखंड मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित सुखदेव सिंह का सरकार ने तबादला कर दिया है. आईएएस एल ख्यांगते को झारखंड के मुख्य सचिव पद पर पदस्थापित किया है. इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक, प्रशासनिक सुधार व राजभाषा विभाग की ओर से बुधवार को जारी कर दी गयी है.


एल ख्यांगते


सुखदेव सिंह

सुखदेव सिंह को अगले आदेश तक महानिदेशक श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है. ख्यांगते इससे पूर्व श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक के साथ ही साथ वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर सचिव के अतिरिक्त प्रभार में थे.

### हो-हंगामे के बीच जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2023 लोकसभा से पारित

# जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक लोस से पास

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 व जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को विचार और चर्चा के लिए लोकसभा में पेश किया. विधेयक पर लंबी बहस के बाद बुधवार को विधेयक लोकसभा में पास हो गया अमित शाह ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुए दो बड़े ब्लंडर (गलतियों) का खामियाजा जम्मू-कश्मीर को वर्षों तक भुगतना पड़ा. दोनों विधेयकों पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि नेहरू की दो गलतियां, 1947 में आजादी के कुछ समय बाद पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय संघर्ष विराम करना और जम्मू-कश्मीर के मामले को संयुक्त राष्ट्र ले जाने की थी. गृह मंत्री ने कहा कि अगर संघर्ष विराम नहीं हुआ होता तो पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) अस्तित्व में नहीं आता.

शाह की टिप्पणियों का विरोध करते हुए कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया. गृह मंत्री के जवाब के बाद इन दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से मंजूरी दी गयी.



#### खास बातें

- गृह मंत्री ने कहा- नेहरू के ब्लंडर से पीओके बना
- अमित शाह के बयान पर कांग्रेस के नेताओं ने शोर मचाया

### पाक में लश्कर का आतंकी ढेर



**इस्लामाबाद।** 2015 में जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बीएसएफ के काफिले पर हमले की साजिश रचने वाला मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी हंजला अदनान को पाकिस्तान के कराची में अज्ञात हमलावरों ने मार गिराया. हंजला अदनान लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का करीबी सहयोगी था. 2 और 3 दिसंबर की मध्यरात्रि को हंजला अदनान को उनके आवास के बाहर गोली मार दी गई थी. उसे कराची के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया.

### निशिकांत ने एनआरसी लागू करने की मांग उठाई



**नयी दिल्ली।** गोड्डा से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि एनआरसी लागू कीजिए, बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाइए. कम से कम झारखंड राज्य के आदिवासियों को बचाइए. बुधवार को उन्होंने लोकसभा में इस मामले को उठाया. उन्होंने झारखंड के कुछ इलाकों में जनसंख्या का संतुलन बिगड़ने का दावा किया और सरकार से आग्रह किया कि राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू की जाए, ताकि बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर किया जा सके.

### हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के हैं सभी श्रमिक

# सऊदी में फंसे राज्य के 45 मजदूर

➲ **वतन वापसी के लिए केंद्र सरकार से लगाई गुहार**

**संवाददाता। विष्णुगढ़/बेरमो**

हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो के 45 प्रवासी मजदूर सऊदी अरब में फंस गए हैं. सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर भारत सरकार से वतन वापसी की गुहार लगा रहे हैं. 11 मई 2023 को इन तीन जिलों से मजदूर कंपनी एजेंट के माध्यम से सऊदी अरब काम करने के लिए गए थे. इसके लिए एजेंट ने मोटी रकम भी ली थी. सात महीने काम करने के बाद सभी मजदूर खुद को फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं. आलम यह है कि इन मजदूरों को बंधक बनाकर काम कराया जा रहा है. जिस वेतनमान का वायदा कर उन्हें लाया गया था, उतना भुगतान नहीं किया जा रहा है. सात महीने काम कराकर मात्र पांच महीने का वेतन दिया गया है. दो महीने का पगार बकाया है. ऐसे में मजदूरों के दिन फांकाकशी में गुजर रहे हैं.


अपनी व्यथा बताते सऊदी अरब में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूर.

#### ये मजदूर फंसे हुए हैं

**गिरिडीह -** बगोदर के तारानारी निवासी अर्जुन महतो, भागीरथ महतो, टेकलाल महतो, बेको के संतोष, महेश, कामेश्वर, खेतको के महेश, रीतलाल, विजय, मुंडरो के अशोक, जरमुने के सोहन, बरियारपुर इंद्रदेव, चैनपुर के राजेश, पोरदाग के गणेश, डुमरी के सुभाष व जानकी महतो.

**हजारीबाग -** विष्णुगढ़ के सहदेव, रूपलाल, करगालो के बहादुर, नागेश्वर, शीतल, रोहित, मेघलाल, रंजन राज, सारूकुदर के भैरो महतो, उच्चाघाना के सुकर, नंदलाल, लोकनाथ, सुनील, बलकमक्का के तिलक , थानेश्वर, अंबाटांड़ के महानंद, प्रमोद,अनंतलाल, खरकट्टो के तापेश्वर, सीरैय के टोकन,अलखरी के धानेश्वर, नागी चुरामन महतो व अन्य.

**बोकारो -** नावाडीह प्रखंड के पोखरिया निवासी जगदीश महतो, गोनियाटो के रामचंद्र महतो, गोमिया प्रखंड के करी के प्रदीप महतो, सीधाबारा के मनोहर महतो.

### फोर्ब्स की सूची | सूची में टॉप पर यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन

# 100 मोस्ट पावरफुल वुमेन में निर्मला सीतारमण शामिल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

विश्व की 100 सबसे पावरफुल महिलाओं की लिस्ट (फोर्ब्स) में चार भारत वंशी महिलाओं को शामिल किया गया है. इस सूची में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लगातार 5वीं बार स्थान मिला है. वे इस बार 32वें नंबर पर हैं. निर्मला पिछले साल इस लिस्ट में 36वें स्थान पर रही थीं. फोर्ब्स की पावरफुल महिलाओं की इस सालाना सूची में यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन पहले स्थान पर हैं. यूरोपीय सेंट्रल बैंक की बॉस क्रिस्टीन लेगार्ड दूसरे स्थान पर और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमल हैरिस तीसरे नंबर पर हैं. बता दें कि

#### 32 वें नंबर पर हैं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स हर साल दुनिया की 100 ताकतवर महिलाओं की लिस्ट जारी करती है. फोर्ब्स के अनुसार, रैंकिंग का निर्धारण चार प्रमुख मैट्रिक्स के आधार पर होता है. यह पैसा, मीडिया, प्रभाव और प्रभाव के क्षेत्र पर निर्भर करता है. खबरों के अनुसार फोर्ब्स ने राजनीतिक लोगों के लिए जीडीपी और पॉपुलेशन को मानक माना है. वहीं कॉर्पोरेट लीडर्स के लिए राजस्व, मूल्यांकन और एंप्लॉयीज की संख्या मानक है.


निर्मला सीतारमण


रोशनी नाडर मल्होत्रा


किरण मजूमदार शॉ


सोमा मंडल

➲ **फोर्ब्स की लिस्ट में चार भारतवंशी महिलाएं हैं**

➲ **अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस तीसरे नं. पर**

#### बायोकॉन की फाउंडर किरण मजूमदार शॉ 76वें नंबर पर हैं

फोर्ब्स की इस लिस्ट में सीतारमण के अलावा तीन अन्य भारतीय महिलाओं के नाम हैं. इनमें एचसीएल कॉर्पोरेशन की सीईओ रोशनी नाडर मल्होत्रा (60वें नंबर), स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन सोमा मंडल (70वें नंबर),और बायोकॉन की फाउंडर किरण मजूमदार-शॉ (76वें नंबर) शामिल हैं.

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के पांच ठिकानों पर आईटी सर्वे

**संवाददाता। रांची**

- ओडिशा के 3, रांची-लोहरदगा के एक-एक ठिकाने पर जांच

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची, लोहरदगा और ओडिशा के पांच ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम सर्वे कर रही है. बुधवार सुबह ओडिशा आयकर विभाग की टीम ने सांसद साहू के पांच ठिकानों पर पहुंचकर कागजात खंगालना शुरू किया. ओडिशा में तीन, लोहरदगा में एक और रांची में एक ठिकाने पर पुलिस बल की मौजूदगी में इनकम टैक्स की टीम सर्वे कर रही है, जिसमें आवश्यक कागजात की जांच की जा रही है. हालांकि लोहरदगा में साहू परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं है. मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया है और अंदर कागजात की जांच की जा रही है.बता दें कि इससे पहले भी 12 दिसंबर 2019 को रांची एयरपोर्ट से



30 लाख रुपये बरामदगी मामले में आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के घर छापेमारी की थी.आयकर विभाग के अधिकारियों ने लोहरदगा स्थित सांसद के पुस्तैनी मकान को खंगाला था.

## ब्रीफ खबरें

### सुदेश महतो से मिले केंद्रीय गृह मंत्री शाह

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. महतो ने शाह को तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर बधाई दी. इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात सहित अन्य राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई. आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है.

### लोजपा रामविलास ने मनाई बाबा साहेब की पुण्यतिथि

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी. पार्टी कार्यालय में आयोजित पुण्यतिथि में संगठन के शिवजी कुमार, उत्तम राय, राजेश रंजन, संजीत कुमार द्विवेदी, सीताराम महतो, आकाश महतो, रांची जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, जिला महासचिव श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद वर्मा समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे.

### बीआईटी मेसरा में दो दिनी सेमिनार आज से

**रांची।** बीआईटी मेसरा कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग ने दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन गुरुवार से किया जाएगा. इसका आयोजन बीआईटी के लालपुर सेंटर में किया जाएगा. सेमिनार 7 दिसंबर और 8 दिसंबर तक चलेगा. सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय छात्र शामिल होगें कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा.

### रांची विश्वविद्यालय का नामांकन नोटिस

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फैशन डिजाइन में सत्र 2023-25 के लिए बची हुई सीट में नामांकन कर दिया गया है. इस संकाय के किसी भी विषय से स्नातक किए हुए छात्र नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं. फैशन डिजाइनिंग विभाग मोरहाबादी में है. अधिक जानकारी के लिए 9835139191 पर कॉल कर सकते हैं.

### शराब कारोबारी योगेंद्र की बेल पर सुनवाई पूरी

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी है. दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत अब अपना फैसला सुनाएगा. योगेन्द्र तिवारी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. उनपर शराब घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और मनी लाउंड्रिंग का आरोप है.

### बाबरी विध्वंस धर्मनिरपेक्षता पर प्रहार था : शहाबुद्दीन

**रांची।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता मो शहाबुद्दीन ने कहा कि आज ही के दिन हमारे देश में ऐतिहासिक धरोहर बाबरी मस्जिद को शहीद किया गया था एवं देश के मुस्लिम आस्था पर प्रहार करते हुए धर्मनिरपेक्षता को कुचल डाला गया था. इस घटना को गुजरे हुए आज 31 वर्ष पूरे हो चुके हैं इस दिन को देश का मुस्लिम समुदाय काला दिवस के तौर पर मनाता है. मो शहाबुद्दीन ने कहा कि नफरत की राजनीति ने भाजपा को सत्ता तो दिला दिया लेकिन हिंदू मुस्लिम एकता को तार-तार भी कर दिया जो आज तक बरकरार है.यह घटना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है.

### चैंबर उप समिति की बैठक वेब सीरीज की शूटिंग 12 से

**रांची।** झारखंड चैंबर के फिल्म, कला उप समिति व मेरी आवाज मेरी पहचान की बैठक चैंबर भवन में बुधवार को हुई. इसकी अध्यक्षता चेयरमैन आनंद जालान व अभिनेता देवेश खान ने की. निर्णय लिया गया कि वेब सीरीज के लिए कांके, मोरहाबादी, पुंदाग क्षेत्र में शूटिंग की जाएगी. वेब सीरीज के लिए मेरी आवाज मेरी पहचान ने कलाकारों ने नामों की पेशकश की. देवेश खान ने कहा कि नए कलाकारों में प्रतिभा छिपी होती है, उन्हें मंच दिया जायेगा. मौके पर कुमार गहलोत, एक्टर शोएब उर रहमान, बुलंद अख्तर, किशन अग्रवाल, आफताब आलम, विवेक पासवान, सुलोचना सहदेव, कृति सहदेव आदि शामिल थे.

---

जुडको ने साल भर में 18 बार टेंडर निकाल कर किया रद्द

# 3 आईएसबीटी और सात एफओबी बनाने के लिए नहीं मिल रहे ठेकेदार

- रांची में आठ फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना बनाई थी
- फुट ओवरब्रिज के लिए दो साल में 11 बार टेंडर निकला





**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में नगर विकास विभाग विकास की योजनाएं बनाता है. पहले सर्वे होता है, फिर डीपीआर बनता है. फंड भी उपलब्ध हो जाता है, लेकिन समय पर काम शुरू नहीं हो पाता। मामला टेंडर से आगे बढ़ ही नहीं पता. ऐसी कई योजनाएं हैं, जो साल-दो साल में टेंडर से आगे बढ़ ही नहीं पाई हैं. विभाग ने राजधानी रांची में ही 2020 में रांची में 8 फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना बनाई थी. इसके बाद 2021 में रांची, जमशेदपुर और धनबाद में एक-एक इंटर स्टेट बस टर्मिनल बनाने की योजना बनी थी. फिर जुडको ने दिसंबर 2022 में 5 फुट ओवरब्रिज और दो आईएसबीटी के लिए टेंडर निकला.फुट ओवरब्रिज के लिए 2 साल में 11 बार टेंडर निकाले गए, लेकिन अब तक 4 ओवरब्रिज का काम करने के लिए कोई एजेंसी नहीं मिली. नवंबर 2023 में अलबर्ट एक्का चौक पर बनने वाले फुट ओवरब्रिज के लिए कोलकाता की एक कंपनी का चयन हुआ है. वहीं तीनों आईएसबीटी के लिए एजेंसी नहीं मिलने के कारण अब तक सात बार टेंडर निकालकर रद्द कर दिया गया है. एक बार फिर जमशेदपुर और रांची आईएसबीटी के लिए टेंडर निकाला गया है.

### पीपीपी मोड पर आईएसबीटी बनाने की योजना

रांची, धनबाद और जमशेदपुर में करीब 667 करोड़ ही लागत से आईएसबीटी का निर्माण करने की योजना है. प्रस्तावित तीनों आईएसबीटी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर बनने वाले हैं. इसे लेकर जुडको की ओर से कई बार प्री बीड मीटिंग भी की गई है, लेकिन दिक्कत यह है कि पीपीपी मोड पर काम करने में निजी कंपनियां रुचि नहीं दिखा रही है.

### 13 एकड़ जमीन पर 148 करोड़ की लागत से बनना है धनबाद आईएसबीटी

धनबाद के बरवाअड्डा में 13 एकड़ जमीन पर 148 करोड़ की लागत से आईएसबीटी का निर्माण किया जाना है. बसों के आवागमन के लिए 20 बस-वे तैयार किए जाएंगे. प्रस्तावित बस अड्डा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा. 200 लोगों की क्षमता वाला वेटिंग हॉल, 16 टिकट काउंटर और 26 महिला-पुरुष शौचालय बनाये जाने हैं.

### 38 एकड़ जमीन पर 318 करोड़ से बनना है रांची आईएसबीटी

रांची के रिंग रोड के पास दुबलिया में 38 एकड़ जमीन पर 318 करोड़ रुपये की लागत से आईएसबीटी का निर्माण करने की योजना है. आईएसबीटी में एकसाथ 170 बसें प्लेटफॉर्म में खड़ी खड़ी करने की व्यवस्था होगी. 350 यात्रियों के लिए वेटिंग प्लेटफॉर्म भी बनेगा.

### सिर्फ 1 एफओबी का टेंडर फाइनल

राजधानी रांची को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए 8 फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना बनी है। वहीं चर्च कॉम्प्लेक्स के पास पहले से बने फुट ओवरब्रिज को भी अपग्रेड किया जायेगा। अलग-अलग फुट ओवर ब्रिज के लिए 11 बार से अधिक टेंडर निकल जा चुका है, लेकिन अब तक सिर्फ एक का ही टेंडर फाइनल हुआ है। अलबर्ट एक्का चौक पर 18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले फुट ओवरब्रिज के निर्माण का काम पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार की बीआरबीए कंपनी को दी गई है। कंपनी को 6 महीने में इसे कंप्लीट करना है।

### राजधानी में कहां-कहां बनने हैं फुट ओवरब्रिज

- अलबर्ट एक्का चौक
- रातू रोड चौक
- बिरसा चौक
- हरमू चौक
- सुजाता चौक के पास
- रोस्पा टावर
- किशोरगंज चौक
- न्यूक्लियस मॉल

### 13.7 एकड़ जमीन पर 208 करोड़ की लागत से तैयार होगी जमशेदपुर आईएसबीटी

जमशेदपुर के डिमना-पारडीह रोड में 13 .7 एकड़ जमीन पर 208 करोड़ की लागत से आइएसबीटी का निर्माण होगा। यहां 24 बस-वे बनेंगे, जहां एक साथ 96 बसों की पार्किंग हो सकेगी। प्रस्तावित बस अड्डे में टर्मिनल भवन, ड्राइव-वे, लैंड स्केपिंग और कॉमर्शियल भवन की सुविधाएं होंगी।

---

### नरेंद्र सिंह हत्याकांड : सद्दाम, फैसल, बिरसा व शबीब अंसारी दोषी करार

**रांची।** नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड में रांची सिविल कोर्ट ने सद्दाम उर्फ बब्बन खान, फैसल खान, बिरसा कच्छप और शबीब अंसारी उर्फ छोटू को दोषी करार दिया है. साथ ही अदालत ने इस केस में ट्रायल फेस कर रहे अन्य अभियुक्तों आसिफ आलम, मेहंदी हसन, शिव रजक, छोटू हुसैन, रशीद अंसारी, मो. सज्जाद आलम और राजा आदिल उर्फ जग्गा को साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया. अदालत ने जिन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है, उनकी सजा की बिंदु पर 13 दिसंबर को बहस होगी. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 1 दिनेश राय की कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया है. बता दें कि नरेंद्र सिंह होरा की हत्या वर्ष 2018 में चर्च कॉम्प्लेक्स के पीछे की गई थी. हत्या से पहले उनके साथ लूटपाट भी हुई थी. जिन आरोपियों को कोर्ट ने आरोपों से मुक्त किया है, उनकी तरफ से अधिवक्ता राहुल पांडे ने बहस की.

### हाईकोर्ट का आदेश, चांडिल प्रखंड प्रमुख पद पर बरकरार रहेंगी अमला मुर्मू

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को अमला मुर्मू की याचिका पर सुनवाई हुई. अदालत ने आदेश पारित किया कि अमला मुर्मू चांडिल प्रखंड प्रमुख पद पर बरकरार रहेंगी. दरअसल पिछले वर्ष हुए पंचायत चुनाव में अमला मुर्मू ने अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट से भादूडीह पंचायत समिति सदस्य के लिए चुनाव लड़ा था और जीतीं भी थीं. इसके बाद वे चांडिल प्रमुख पद के लिए निर्वाचित हुईं. उनके निर्वाचन को गुरुपद हांसदा ने सरायकेला डीसी के समक्ष यह कहकर चुनौती दी कि अमला का जाति प्रमाण पत्र सही नहीं है. डीसी ने अमला मुर्मू के खिलाफ फैसला सुनाते हुए उनके प्रमुख व पंचायत समिति सदस्य पद को रद्द कर दिया था. प्रखंड प्रमुख का चुनाव कराने का आदेश जारी किया था. डीसी के इस आदेश को अमला मुर्मू ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी .

---

## आपकी बात

> अगर मन में साहस और हिम्मत हो, तो कठिन से कठिन राह भी आसान हो जाती है. बुलंदी की राह में कोई बाधा नहीं आ सकती है.



**नाम : अतहर अली**
**पद : दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी**
**जन्मस्थल : दिग्वार (रामगढ़)**
**कार्य क्षेत्र : रामगढ़ (झारखंड)**

दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी अतहर अली आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है. उन्होंने अपने क्षेत्र, जिला, सहित पूरे झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है. वर्ष 1987 के 3 अप्रैल को अब्दुल कादिर के चौथे पुत्र अतहर अली का जन्म रामगढ़ जिले के दिग्वार गांव में हुआ था. तीन वर्ष की उम्र में अतहर पोलियोग्रस्त हो गए थे और पैसे के अभाव में उनका समुचित इलाज नहीं हो सका. घर की माली हालत खराब होने के कारण खुद पढ़ाई करने के साथ-साथ उन्होंने भाई बहनों को भी पढ़ाया और रामगढ़ कॉलेज से अर्थशास्त्र विषय में स्नातक की डिग्री हासिल की. खुद को स्थापित करने की जिद के कारण अतहर ने खेल को अपने रूटीन में शामिल कर लिया. वर्ष 2007 में दिव्यांग क्रिकेट टीम, झारखंड में उनका चयन हुआ. इसके बाद ईस्ट जोन कप में अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. वर्ष 2008 में नागपुर में आयोजित आठवें राष्ट्रीय खेल झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपनी टीम को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया. वर्ष 2002 में मैकेन स्टेडियम, रांची में आयोजित प्रथम आइडिया कप में रामगढ़ जिला टीम की कप्तानी करते हुए अतहर ने फाइनल में धनबाद को पराजित कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया. वर्ष 2010 में जिला टूर्नामेंट में कप्तानी पारी की बदौलत टीम को जीत दिलाई. वर्ष 2011 में अतहर अली को झारखंड टीम का कप्तान बना दिया गया. उनका चयन एसके मिश्रा चैलेंजर ट्रॉफी के लिए भी हो चुका है. क्रिकेट के अलावा पारा ओलंपिक में एथलेटिक्स खिलाड़ी के रूप में भी अतहर का चयन हुआ. उन्होंने चेन्नई में सातवें नेशनल गेम में भाग लिया और उनके हौसले की उड़ान आज भी जारी है. अतहर ने दिव्यांगों के लिए रामगढ़ डिसएबल स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर एकेडमी का गठन किया है. इसमें जिले भर के दिव्यांगों को जोड़ कर उनकी समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हैं. अतहर आज झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के मेंटर के रूप में कम कर रहे हैं. उनका कहना है कि निःशक्तता भले ही शरीर को कमजोर कर देती है, लेकिन मन में अगर साहस और हिम्मत हो, तो कठिन से कठिन राह भी आसान हो जाती है.

---

## ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे साहिबगंज एसपी आलम, फिर मांगा समय

**संवाददाता। रांची**



साहिबगंज एसपी नौशाद आलम को बुधवार को ईडी ने दुबारा पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे. आलम ने ईडी को पत्र लिखकर समय मांगा है. जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह नौशाद आलम ने ईडी अधिकारियों को पत्र के जरिये सूचना दी कि वो बुधवार को उपस्थित होने में सक्षम नहीं हैं. पत्र में ईडी के समक्ष उपस्थितन हो पाने का कारण भी लिखा है. उन्होंने ईडी अधिकारियों से पूछताछ के लिए दूसरी तारीख मांगी है.

**ईडी ने एसपी से 12 घंटे तक की थी पूछताछ :** बता दें कि ईडी ने इससे पहले 28 नवंबर को भी एसपी नौशाद आलम से 12 घंटे तक पूछताछ की थी. लेकिन उनके अधिकांश जवाब से एजेंसी के अफसर संतुष्ट नहीं थे.इसके बाद ईडी ने दोबारा उन्हें समन भेजकर छह दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था. जानकारी के मुताबिक, ईडी टीम ने एसपी नौशाद आलम से पूछताछ के लिए बाकायदा सवालों की एक पूरी लिस्ट तैयार कर रखी थी. बता दें कि ईडी के गवाह को प्रभावित करने के मामले में एसपी नौशाद आलम से पूछताछ की जा रही है.

## चेक बाउंस केस : अमीषा पटेल ने एक हजार रुपये जुर्माना भरा

**संवाददाता। रांची**



फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अमीषा पटेल की ओर से उनके अधिवक्ता ने कोर्ट द्वारा पूर्व की सुनवाई में लगाए गए जुर्माने की राशि अदालत में जमा की. इसके बाद शिकायतकर्ता के गवाह अजय कुमार का क्रॉस एग्जामिनेशन किया गया. अब इस मामले की सुनवाई 11 दिसंबर को जेएमएफसी (ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास) दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में होगी. बता दें कि वर्ष 2017 से अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है. आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे. अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं. फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय सिंह ने अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है. मामले में अमीषा पटेल ने 17 जून को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था.

---

### बीएयू : वेटनरी साइंस कॉलेज में वीसीआई कोटे से नामांकन नहीं

**रांची ।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वेटनरी साइंस एंड एनिमल हसबैंड्री में वेटनरी काउंसिल ऑफ इंडिया (वीसीआई) से नामांकन नहीं हो रहा है. इसका मुख्य कारण कॉलेज में शिक्षकों की कमी है. वेटनरी कॉलेज में कुल 18 विभाग हैं, जहां स्वीकृत पद 125 हैं और कर्यरत सिर्फ 24 हैं. विश्वविद्यालय प्रोफेसर के स्वीकृत पद 18, कार्यरत 5, एसोसिएट प्रोफेसर के स्वीकृत पद 36, कार्यरत एक भी नहीं और असिस्टेंट प्रोफेसर के स्वीकृत पद 70 और कार्यरत मात्र 19 हैं. स्थायी शिक्षकों की कमी के कारण वीसीआई ने 2023 के काउंसिलिंग में बीएयू के वेटनरी कॉलेज को बाहर रखा. 18 विभागों में 75-75 सीटें हैं. झारखंड के छात्रों के लिए 64 और ऑल ओवर इंडिया के लिए 11 सीटें रिजर्व हैं. सभी विभागों के 64 सीटों पर नामांकन ले लिया गया है. लेकिन सभी 18 विभागों की 11 सीटें खाली हैं.

**वेटनरी में भी राज्य और केंद्र कांउसिलिंग से होता है नामांकन :** जिस तरह मेडिकल में नामांकन के लिए स्टेट का 85 प्रतिशत और केंद्र की 15 प्रतिशत सीट रिजर्व रहती है, उसी तरह वेटनरी में नामांकन के लिए झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) से 85 प्रतिशत छात्रों का नामांकन होता है. वहीं वीसीआई कोटे से 15 प्रतिशत छात्रों का नामांकन होता है. वीसीआई, नीट परीक्षा में क्वालीफाई किए छात्रों की ही काउंसिलिंग करती है.

---

लोकतंत्र बचाओ अभियान का शिष्टमंडल इंडिया गठबंधन के दलों से मिला

# मोदी सरकार को हटाने के लिए 'इंडिया' को मजबूत करने की जरूरत : सुप्रियो



नेताओं के साथ विचार-विमर्श करते सुप्रियो भट्टाचार्य व अन्य.

**विशेष संवाददाता। रांची**

लोकतंत्र बचाओ 2024 (अबुआ झारखंड, अबुआ राज) अभियान का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को इंडिया गठबंधन दलों से अलग-अलग मिला. बुधवार को संगठन के लोग कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सहित राजद, जदयू व भाकपा से मिले. इस दौरान संगठन ने 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा का पराजित करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व से मजबूत गठबंधन और संगठित संघर्ष करने की मांग की. प्रतिनिधिमंडल में आलोका कुजूर, अंबिका यादव, फुलजेंसिया बिलुंग, मंथन, प्रवीर पीटर, सिराज, टॉम कावला आदि शामिल थे.

**भाजपा सरकार संविधान, लोकतंत्र और जन अधिकारों को खत्म कर रही है :** संगठन के लोगों ने इन दलो से कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आई भाजपा सरकार इस संविधान, लोकतंत्र और जन अधिकारों को खत्म कर रही है. झारखंड, देश, लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना अत्यंत महत्वपूर्ण है. इसके लिए लोकतंत्र बचाओ 2024 (अबुआ झारखंड, अबुआ राज) अभियान का गठन किया गया है. यह अभियान राज्य के कई जन संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का साझा प्रयास है. अभियान अंतर्गत राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में जन जागरण कार्यक्रमों जैसे जन सभा, कार्यशाला व वॉलेंटियर प्रशिक्षणों आदि का आयोजन किया जा रहा है. अभियान का पर्चा भी दलों को दिया गया.

### इंडिया गठबंधन दलों को मजबूती से काम करना होगा

संगठन के लोगों ने कहा कि हाल के विधान सभा चुनावों के परिणामों ने फिर से साफ कर दिया है कि इंडिया दलों को जमीनी स्तर पर मजबूत व गंभीर गठबंधन सुनिश्चित करना होगा और भाजपा व केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों, धर्म-आधारित राजनीति व संविधान विरोधी रवैया के विरुद्ध स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शानी होगी. लेकिन विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में अभियान के दौरान यह बात सामने आई है कि गठबंधन दल जनता की अपेक्षाओं व मुद्दों के अनुरूप तैयारी नहीं कर रहे हैं. अभियान के दौरान राज्य के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से लोगों के प्रमुख मुद्दे एवं इंडिया गठबंधन दलों से अपेक्षाएं उभर के आए हैं.

### गठबंधन से मांग

- कई लोकसभा क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन में दरार व प्रत्याशी को लेकर कई प्रकार की नकारात्मक बातें व गलत संदेश लोगों के बीच जा रहे हैं. तुरंत उनका खंडन कर सभी दल आपसी तालमेल स्थापित करें, मजबूत गठबंधन सुनिश्चित करें व जल्द-से-जल्द सीटों का बंटवारा कर संयुक्त प्रत्याशियों की घोषणा करें. गठबंधन के वाम दलों को राज्य की 1-2 सीटों पर टिकट मिलना चाहिए.
- **आदिवासी सीटों पर ऐसे प्रत्याशी को टिकट न दें जो जल, जंगल, ज़मीन, अस्तित्व की लड़ाई में आदिवासियों के साथ खड़े नहीं रहते हैं. कई सामान्य लोकसभा सीटों में गठबंधन दलों द्वारा अनेक बार बाहरी प्रत्याशी को टिकट दिया जाता है. इससे लोगों में रोष है. इन क्षेत्रों में लोगों की मांग है कि स्थानीय व्यक्ति (क्षेत्र के निवासी) को ही गठबंधन का टिकट मिले.**
- यह देखा गया है कि गठबंधन दलों के स्थानीय नेतृत्व में क्षेत्र के अनेक वंचित समुदायों का नेतृत्व न के बराबर है. भाजपा को हराने के लिए विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के सभी वंचित समुदायों को साथ लेकर चलने की जरूरत है.
- **गांवों व शहरी बस्तियों में लोगों तक मोदी सरकार की नाकामियों को पहुंचाए. भाजपा की धर्म आधारित राजनीति के विरुद्ध संवैधानिक मूल्य आधारित राजनीति करें. अभी भी क्षेत्र में लोगों के साथ जन संपर्क कार्यक्रमों की कमी है.**

---

**गुड न्यूज** वन विभाग का राजस्व बढ़ेगा, तो सैलानियों की सुविधाएं बढ़ेंगी, लोगों को मिलेगा रोजगार

# पीटीआर में घूमने के लिए गाइड के साथ मिलेंगे 10 वाहन

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में अब टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा. अब सैनालियों के भ्रमण के लिए 10 नए वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे. साथ ही वन विभाग टूरिस्टों के लिए गाइड भी उपलब्ध कराएगा.

स्थानीय लोगों को ही गाइड नियुक्त किया जाएगा, ताकि सैलानियों को घुमाने व रिजर्व के बारे में जानकारी देने में सुविधा हो. इसके लिए वन विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है. अब रिजर्व एरिया में किसी भी कीमत पर निजी वाहन को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा.



### क्यों तैयार किया गया है प्रस्ताव

वन विभाग के प्रस्ताव के मुताबिक कभी कभी टूरिस्टों को निजी वाहनों से पीटीआर के अंदर प्रवेश करा दिया जाता है. ऐसे में पीटीआर क्षेत्र में पशु तस्करों के भी प्रवेश करने की आशंका बनी रहती है. पशु तस्करों द्वारा कई बार जानवरों का शिकार भी कर लिया जाता रहा है. जंगली जानवरों के संरक्षण को देखते हुए यह प्रस्ताव तैयार किया गया है.

### बढ़ेगा पीटीआर का दायरा

वन विभाग ने पलामू टाइगर रिजर्व का दायरा बढ़ाने का भी निर्णय लिया है. इसके तहत रिजर्व एरिया कादायर 100 हेक्टेयर से अधिक जगह में बढ़ाया जाएगा .इसमें लातेहार के कुछ इलाकों के साथ गढ़वा साउथ और भंडरिया के जंगल क्षेत्र शामिल हैं.

### क्यों दिया जाएगा पर्यटन को बढ़ावा

पलामू टाइगर रिजर्व में हर साल 40 से 50 हजार सैलानी भ्रमण के लिए पहुंचते है. वन विभाग ने अब 70 हजार से अधिक टूरिस्टों के आने का अनुमान लगाया है. सैलानियों की संख्या बढ़ेगी, इसे ध्यान में रखते हुए ही वन विबाग ने सुविधाएं बढ़ाने का निर्णय लिया है.

### प्रोटेक्टेड फॉरेस्ट एरिया की स्थिति

देश में कुल जंगल क्षेत्र का 22 फीसदी एरिया प्रोटेक्टेड है. जिसमें नेशनल पार्क और सेंचुरी भी है. जबकि झारखंड में कुल जंगल क्षेत्र का सिर्फ नौ फीसदी एरिया ही प्रोटेक्टेड है. सैलानियों को होगी सुविधा, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर,जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, वह वन विभाग के लिए काफी लाभदायक साबित होगा. वन विभाग के वाहनों के परिचालन से पशु तस्करों पर अंकुश लगेगा. सैलानियों के लिए 10 अतिरिक्त वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है.

---

## शीर्ष नक्सली प्रशांत बोस को बेल देने से हाईकोर्ट का इंकार

**संवाददाता। रांची**



शीर्ष नक्सली नेता प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शिला देवी को बेल देने से झारखंड हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया है. प्रशांत बोस और उनकी पत्नी की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सतीश प्रसाद ने पक्ष रखा. प्रशांत बोस की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने पक्ष रखा. वहीं, राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोलानाथ ओझा ने बहस की. उन्होंने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि प्रशांत बोस नक्सलियों के थिंक टैंक हैं और इनके खिलाफ झारखंड के अलग-अलग जिलों में कई मामले दर्ज हैं. इसलिए इन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए. उनकी दलील सुनने के बाद अदालत ने प्रशांत बोस और उनकी पत्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी.

**वर्ष 2021 में हुई थी गिरफ्तारी :** बता दें कि वर्ष 2021 में झारखंड पुलिस ने भाकपा माओवादी के शीर्ष पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ किशन दा, उनकी पत्नी शीला मरांडी और चार माओवादियों को गिरफ्तार किया था. तब से वह न्यायिक हिरासत में है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार, 07 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 229 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### शीतकालीन सत्र 15 से राज्यपाल की मंजूरी

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से होगा. सत्र आहूत करने को लेकर प्रस्ताव पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है. गत विधानसभा सत्र का अवसान करने के प्रस्ताव को पिछली कैबिनेट की बैठक में सरकार ने मंजूरी प्रदान की थी. इस बारे में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा कैबिनेट के निर्णय की प्रत्याशा में राजभवन को मंजूरी के लिए भेजा था. जिसे राज्यपाल ने मंजूरी प्रदान कर दी.

### उत्तरकाशी से आए मजदूर सम्मानित

**सिमडेगा।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित सिल्कयारा की निर्माणाधीन सुरंग 17 दिनों तक 41 मजदूर फंसे रहे. लेकिन सभी को रेस्क्यू कर बचा लिया गया. टनल से जंग जीतकर लौटे विजय होरो, चमरा उरांव से झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का मिले. एनोस ने उनका हाल जाना.एनोस एक्का ने टनल से सबसे पहले बाहर निकलने वाले विजय होरो, चमरा उरांव के हौसले को सलाम किया. उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. आर्थिक मदद भी की.

### 16 बंदी दूसरे जेल में किए जाएंगे शिफ्ट

**धनबाद ।** मंडल कारा में शूटर अमन सिंह की गोलीमार का हत्या के बाद जेल के अंदर बंदियों के बीच संघर्ष को देखते हुए जिला प्रशासन और राज्य सरकार ने कुख्यात जेल में बंद बंदियो को दूसरे जेल में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. जेल में बंद कुल 16 बंदियों को दूसरे जेल में भेजा जाएगा. जिसमें झारखंड के विभिन्न विभिन्न जिलों में इन 16 बंदियों को भेजने की तैयारी है, जैनेंद्र सिंह को घाघीडीह जेल, वैभव यादव दुमका जेल, कुंदन पलामू मेदिनीपुर जेल सहित अन्य को दूसरे जेलों में शिफ्ट किया जाएगा.

### 8.317 केजी गांजे के साथ कारोबारी धराया

**गुमला।** घाघरा थाना की पुलिस ने चांदनी चौक के समीप से 8.317 किलो ग्राम (लगभग एक लाख रुपये से अधिक मूल्य) गांजा के साथ कारोबारी दीपक कुमार 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक चेनारी थाना सासाराम जिला रोहतास का रहने वाला है. एसपी हरविंदर सिंह ने बताया में गिरफ्तार अभियुक्त राउरकेला उड़ीसा से गांजा बिहार ले जाता है और वहां छोटा पैकेट बनाकर बिक्री करता है. घाघरा के चांदनी चौक में एक बैग के साथ एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखा व सूचना पुलिस को दी.

### बीसीकेयू ने 6 सूत्री मांग को लेकर दिया धरना

**झरिया।** बीसीकेयू ने 6 सूत्री मांग को लेकर दिया धरनाझरिया . विश्वकर्मा परियोजना में बुधवार को बीसीकेयू ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत श्रमिकों के 6 सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन दिया. धरना की अध्यक्षता धर्म बाउरी व संचालन नंदलाल महतो ने किया. मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव हरिप्रसाद पप्पू ने धरना स्थल का दौरा किया. मौके पर नेताओं ने कहा कि सिर्फ एक मांग पूरा करने पर ही हमारा आंदोलन समाप्त हो जाएगा.

### चौकीदार-दफादार का आमरण अनशन शुरू

**रांची।** 13 दिन से अपनी मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना दे रहे चौकीदार दफादार के अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने 24 घंटे के लिए आमरण अनशन शुरू हो गया है. इस दौरान उन्होंने कहा कि जबतक मांग पूरा नहीं होगी, तब तक आमरण अनशन का सिलसिला जारी रहेगा. इनकी मांगों में सेवा विमुक्त और चौकीदारों के रिक्त पदों पर निकाले गये विज्ञापन को रद्द करना प्रमुख रूप से शामिल है. संघ अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत है.

---

**खामोशी : जेल से बंद हुआ वार्तालाप तो थम गया अपराध**

# 'अमन' खत्म अमन बहाल

**चार दिनों में किसी व्यवसायी को नहीं आया धमकी भरा फोन**

संवाददाता। धनबाद

जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद से जिले के व्यवसायियों ने जहा सुकून की सांस ली है, वहीं पिछले चार दिनों में किसी व्यवसायी को रंगदारी के लिए कोई फोन नहीं आया है. जेल में मौजूद सभी मोबाइल के जब्त होने से बाहर के अपराधियों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है. जिस कारण न ही किसी को धमकी भरे फोन या मैसेज आ रहे न ही किसी को डराने के लिए फायरिंग ही कि गई है. बता दें कि धनबाद जेल के सभी वार्डों में एक से ज्यादा मोबाइल फोन काम कर रहे थे. कुछ बड़े दबंग एक से ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल भी कर रहे थे. जेल सूत्रों के अनुसार अमन सिंह के पास भी दो मोबाइल थे . अमन सिंह की हत्या के बाद जब उपायुक्त, एसएसपी समेत जिले के कई आला अधिकारियों ने जेल में अपनी दबिश दी तो जेल के भीतर से छह मोबाइल फोन बरामद हुए . जेल सूत्रों के अनुसार अमन की हत्या की सूचना फैलते ही सभी बंदी ने अपने मोबाइल को शौचालय में एवं जेल से बाहर फेंक दिया . जिससे जेल में एक भी मोबाइल फोन नहीं रह गया है. जेल के भीतर मोबाइल न होने की वजह से बाहर के अपराधियों से उनके आका का संपर्क बिल्कुल कट गया है. जेल के बाहर के अपराधी अंदर का हाल न जानने से काफी बेचैनी में भी है . जेल से किसी प्रकार की कोई सूचना न मिलने से अपराधी आगे की रणनीति नहीं बना पा रहे हैं. माना जाता है कि अपराध की योजना बनाने के लिए जेल सबसे सुरक्षित जगह है . प्लान बनाने के बाद बाहर के अपराधियों को टास्क देकर अंजाम दिलाया जाता है.



### जेल में मोबाइल जाते ही फिर बढ़ेगा अपराध

जेल में मोबाइल न होने की वजह से जिले में जो शांति और सुकून है. इसकी उम्र उतनी ही है, जब तक जेल में फिर से मोबाइल नहीं पहुंच जाता. भीतर मोबाइल पहुंचते ही संदेशों का आदान -प्रदान शुरू होगा, तो अपराध बढ़ने से कदापि इंकार नहीं किया जा सकता. अमन की हत्या के बाद से उसके करीबी भी बदला लेने के लिए बेचैन हो रहे हैं. जेल में मोबाइल संपर्क बहाल होते ही गैंगवार की घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है . शहर में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए जेल में मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक लगाना जरूरी है.

### धनबाद पुलिस की यूपी में छापेमारी

धनबाद जेल में बंद शूटर अमन सिंह की हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपी शूटर सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव के पैतृक आवास की छानबीन के लिए धनबाद से एक टीम यूपी के प्रतापगढ़ गई है. टीम में शामिल पदाधिकारियों ने शातिर रितेश का घर तलाश लिया है. उसके बारे में टीम को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है. बताया जा रहा है कि वो भी इलाके का शातिर अपराधी है. पुलिस टीम उसके बारे में अधिक से अधिक सूचनांए एकत्र कर रही है.

### आरोपी शूटर की मेडिकल जांच

कुख्यात शूटर अमन सिंह को जेल में गोली मारने वाले यूपी निवासी सह शूटर सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव की सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई. पुलिस सुरक्षा में सुंदर महतो का सदर अस्पताल के ओपीडी में रजिस्ट्रेशन कराया गया. मेडिसीन विभाग में उसके स्वास्थ्य की जांच की गई।ओपीडी रजिस्ट्रेशन में सुंदर महतो ने पिता का नाम इंद्रपाल यादव लिखवाया. वहीं निवास स्थान में यूपी के चांदपुर प्रतापगढ का रहने वाला बताया. सुंदर महतो की बीपी, पल्स और सीने की जांच की गई. फिर से उसे थाने ले गयी.

### अमन हत्याकांड की न्यायिक जांच का आदेश

अमन सिंह हत्या के मामले की न्यायिक जांच होगी. उपायुक्त धनबाद के आग्रह पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने मामले की न्यायिक जांच का आदेश दिया है. उपायुक्त ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखकर मामले की न्यायिक जांच करने का आग्रह तीन दिसंबर 23 को किया था. जांच की जिम्मेवारी धनबाद के प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी को सौंपी गयी है.

---

# सालभर में बढ़े 3.87 लाख उपभोक्ता बिजली की खपत 81.81 लाख केवी

## उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर हुई 58.41 लाख

रवि भारती। रांची

झारखंड में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है. साल भर के अंदर 386815 उपभोक्ता बढ़ गए हैं. वित्तीय वर्ष 2022-23 में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 5454830 थी, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 5841645 हो गई है. वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 बिजली उपभोक्ताओं ने 7784469 किलोवाट बिजली की खपत की, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 8181924 किलोवाट हो गई. इस हिसाब से 397455 किलोवाट अधिक बिजली की खपत हुई.



**पांच साल में कितने करोड़ की खरीदी बिजली**

| वित्तीय वर्ष | राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| 2019-20 | 6033.35 |
| 2020-21 | 5784.29 |
| 2021-22 | 6294.07 |
| 2022-23 | 6927.25 |
| 2023-24 | 6611.19 |



**वित्तीय वर्ष 2022-23 बिजली की खपत**

| श्रेणी | उपभोक्ताओं की संख्या | कितनी खपत (किलोवाट में) |
|---|---|---|
| घरेलू | 5033231 | 5664410 |
| कॉमर्शियल | 320776 | 65283 |
| पब्लिक लाइटिंग | 568 | 18783 |
| सिंचाई | 78937 | 69309 |
| इंडस्ट्रियल एलटी | 19283 | 358744 |
| इंडस्ट्रियल एचटी | 2021 | 981482 |
| आरटीएस/मेस | 13 | 38938 |

**वित्तीय वर्ष 2023-24- बिजली की खपत**

| श्रेणी | उपभोक्ताओं की संख्या | कितनी खपत (किलोवाट में) |
|---|---|---|
| घरेलू | 5385557 | 5920034 |
| कॉमर्शियल | 349646 | 711556 |
| पब्लिक लाइटिंग | 596 | 19723 |
| सिंचाई | 2884 | 72774 |
| इंडस्ट्रियल एलटी | 20826 | 387444 |
| इंडस्ट्रियल एचटी | 2122 | 1030556 |
| आरटीएस/मेस | 13 | 38938 |

## झामुमो के संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा बिरसा मुंडा टाउन हॉल में बुधवार को झामुमो का कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ. इसमें झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया और आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की. कार्यक्रम में तीनों जिले के पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल थे. बैठक में मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए टिप्स दिये.



---

# रंगदारी नहीं दी तो सब्जी दुकान में लगा दी आग



25 से 30 हजार रुपये का नुकसान

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के उलीडीह ओपी अंतर्गत गांधी मैदान के पास सब्जी दुकान में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी. घटना बुधवार की सुबह की है. इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी. जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची और आग को बुझाने के प्रयास में लग गयी. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया पर तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया. घटना की जानकारी मिलने पर दुकान संचालक मो. इस्तियाक भी मौके पर पहुंचे. इस्तियाक ने बताया कि सुबह जब वे उठे और दुकान की ओर गए तो पाया कि दुकान में आग लगी है. इस्तियाक ने बताया कि वे बीते तीन सालों से उक्त स्थान पर दुकान लगा रहे हैं. बस्ती के कुछ युवक नशा के लिए रंगदारी की मांग करते हैं.

---

**मिचौंग का असर : आज और कल भी है बारिश के आसार**

# झारखंड में झमाझम बारिश, बढ़ी कंपकंपी

संवाददाता। रांची/धनबाद

चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है. राज्य के अधिकांश जिलों में झमाझम बारिश हो रही है. इससे कंपकंपी बढ़ गयी है. रांची, सिमडेगा, गुमला, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, खूंटी और रामगढ़ जिले में बारिश हुई. तूफान से झारखंड में अछूता नहीं रहा है. आईएमडी झारखंड के निदेशक और मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 6 व 7 दिसंबर को राज्य भर में बादल छाये रहेंगे. मध्यम बारिश होगी. 7 दिसंबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में वज्रपात होने की संभावना है आठ दिसंबर तक झारखंड का मौसम खराब रहेगा. बारिश के कारण ठंड बढ़ गयी है. नौ दिसंबर से मौसम साफ होने की संभावना जताई गई है.

### राजधानी रांची का भी गिरा पारा



राजधानी रांची में पिछले 24 घंटे में तापमान का पारा में छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है. मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है. वहीं पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 10 मिलीमीटर बारिश कोलेबिरा, बानो, ठेठईटांगर और जलडेगा में 10 मिलीमीटर हुई.

### धनबाद में भी बारिश से बढ़ी ठंड

चक्रवात तूफान मिचौंग ने बुधवार को मौसम का मिजाज बदल दिया. सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक लगातार हुई बारिश की वजह से लोग अपने अपने घरों में दुबके रहे. ठंड में भी अचानक बढ़ोतरी देखने को मिली. सड़क, बाजार और सरकारी दफ्तरों में अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवजाही कम रही. हालांकि तापमान में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला. दिन का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा.

### आंध्रप्रदेश व तमिलनाडु में कहर बरपाया

**नयी दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठे चक्रवाती तूफान मिचौंग भारी तबाही मचा दी है. खबर है कि तूफान आंध्र प्रदेश तट से टकराकर उत्तर दिशा की ओर बढ़ गया है. मौसम विभाग के अनुसार तेलंगाना पहुंच कर साइक्लोन कमजोर पड़ गया. बताया गया है कि तूफान का सर्वाधिक असर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में हुआ. आंध्र प्रदेश मेंमिचौंग के कारण 194 गांव और दो शहरों के लगभग 40 लाख लोग प्रभावित हुए. 25 गांव बाढ़ की चपेट में आये.

---

**शुभारंभ | झारखंड में पहली बार किसी स्कूल में हुई एरो-इनोवेशन लैब की शुरुआत**

# स्पेस टेक्नोलॉजी के गुर सीखेंगे बोकारो डीपीएस के छात्र

संवाददाता। बोकारो

बोकारो डीपीएस विद्यालय में बुधवार को एरो-इनोवेशन लैब का शुभारंभ हुआ, जहां विद्यार्थी अब पढ़ाई के साथ-साथ एयरोनॉटिक्स, एविएशन और स्पेस टेक्नोलॉजी सहित कई महत्वपूर्ण तकनीकी गुर सीख सकेंगे. इसके साथ ही डीपीएस बोकारो झारखंड का पहला विद्यालय बन गया है, जहां इस प्रकार का लैब स्थापित किया गया है. देश के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा और पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के नाम पर इसका नामांकरण किया गया है. लैब का उद्घाटन कर प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि स्कूल के लिए ये गौरव का क्षण है.

### देश के अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा व कल्पना चावला के नाम पर बनाए गए विशेष लैब

**स्टीम एजुकेशन के तहत की गयी है पहल**

नयी शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को व्यावहारिक और अनुभव आधारित शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से स्टीम एजुकेशन के तहत डीपीएस बोकारो ने एरो इनोवेशन लैब की शुरुआत की है. बच्चे स्पेस साइंस, एयरोडायनेमिक्स, हाइड्रोलिक्स, आर्किटेक्चर के जो सिद्धांत किताबों में पढ़ते हैं, वो तमाम चीजें जीवंत रूप में इस लैब में जीवंत रूप में देखकर-छूकर कॉन्सेप्ट को अच्छी तरह से समझ सकते हैं.



### 3-डी प्रिंटिंग, लेजर टेक की मिलेगी जानकारी

विमानन में नवाचार के इस भव्य लैब में प्रदूषणरहित 3-डी प्रिंटिंग, सीएनसी लेजर कटिंग, मैकेनिकल टूल्स, वेदर मैन, विंड टनल, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रॉकेट साइंस, सैटेलाइट, मार्स रोवर, हाइड्रोलिक आधारित एक्सवेटर, ट्रांजिस्टर व सेंसर आधारित वायुयान संचालन आदि की बारीकियां बच्चों को सिखाई जा रही हैं. भवन-निर्माण अभियंत्रण, तकनीक आधारित कलात्मक निर्माण के बारे में भी चलंत मॉडलों से जानकारी दी जाती है.

---

# रैयत डीबर केस : प. सिंहभूम पुलिस को एसटी कमीशन का मिला नोटिस

संवाददाता। चाईबासा

**आयोग सक्रिय**

- 15 दिनों के भीतर डीबर देवगम मामले में रिपोर्ट देने का आदेश
- रिपोर्ट समय पर नहीं मिली तो की जा सकती है कार्रवाई

कोल्हान भूमि बचाओ समिति के उपाध्यक्ष डीबर देवगम की पैतृक जमीन पर अवैध कब्जे के मामले पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान लिया है. आयोग ने इस मामले में जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को नोटिस भेजा है. आयोग ने इसमें 15 दिनों के अंदर डीबर देवगम की शिकायत पर हुई कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट देने को कहा है.

आयोग ने यह भी कहा है कि निश्चित समयावधि में रिपोर्ट नहीं मिलती है, तो वे भारत के संविधान के अनुच्छेद-338 क के अंतर्गत प्राप्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग उनके खिलाफ कर सकता है. व्यक्तिगत रूप से या प्रनिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिये उनको समन भी जारी कर सकता है. आयोग ने कहा है कि उनको मतकमहातू निवासी डीबर देवगम की ओर से शिकायत मिली है कि उनकी जमीन पर गैर आदिवासी बनवारी लाल नेवटिया का अवैध कब्जा है. डीबर देवगन ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में लिखित शिकायत की थी कि टुंगरी में उनकी 1.44 एकड़ जमीन पर गैर आदिवासी बनवारी लाल नेवटिया का अवैध कब्जा है.

### परिणय सूत्र में बंधी 101 जोड़ियां, मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिया आशीर्वाद, कहा- सोसोयटी की यह सराहनीय पहल है

# सोसायटी ने की अनोखी और ऐतिहासिक पहल : मिथिलेश ठाकुर

अरूण कुमार यादव । गढ़वा

**गढ़वा** । कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने 101 जोड़ी का सामूहिक विवाह कराया. मौके पर उपस्थित मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इसके बाद सभी बाराती बरात लेकर विवाह स्थल पर पहुंचे. मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सामूहिक विवाह कराना

**कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने कराया सामूहिक विवाह**



विकास सोसायटी का सराहनीय पहल है. संस्था ने वैसी लड़कियों की शादी कराई है जो आर्थिक रूप से कमजोर है. आज जहां दहेज को लेकर बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है वहीं संस्था दहेज मुक्त सामूहिक विवाह करा रहा है. इसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है. मंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह अनोखी और ऐतिहासिक है.

**मौके पर निकाली गई जागरूकता रैली :** संस्था के सचिव विकास माली ने बताया कि संस्था को स्थानीय विधायक, जिला पार्षद चेयरमैन, वार्ड पार्षदगण, समाजसेवी राकेश पाल का भरपूर सहयोग मिला. इनके अमूल्य सहयोग के लिए संस्था परिवार तहे दिल से आभार व्यक्त करता है. मौके पर जागरूकता रैली भी निकाली गई जिसमें दहेज नहीं लेने पर जोर दिया गया. मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता सह बारात को विदा किया. जो कचहरी, घंटाघर, गढ़ देवी मंदिर में आशीर्वाद लेने के बाद, बाईपास रोड होते हुए विवाह स्थल मैदान को पहुंचा.

**मुंबई से आये कलाकारों ने लोगों को झुमाया**

सायंकाल में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया. मुंबई से आयी गायिका अर्चना गोस्वामी, एंकर चन्दन मिश्रा, एकता मालन सहित विभिन्न कलाकारों ने संगीत से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया. मौके पर जेएमएम के जिला अध्यक्ष रणबीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, संस्था के उषा कुमारी, राजेश कुमार सिन्हा, हासिबुल्लाह अंसारी, संजय सिंह, रितेश सिंह, अर्जुन माली, प्रधान कार्यालय महिला समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- क्षेत्रफल की दृष्टि से झारखंड का भारत में कौन सा स्थान है – **16वां**
- अनाथ बच्चों के लिए योजना बनाने वाला पहला राज्य कौन सा बना – **हिमाचल प्रदेश**
- शेषेर कविता किसकी रचना है – **रविंद्र नाथ टैगोर**
- किसे 'हजारीबाग का जतिन बाघा' कहा जाता है – **राम विनोद सिंह**
- सैंडलवुड किसके लिए प्रयोग किया जाता है – **कन्नड़ सिनेमा**
- हेमिस गोम्पा देश में किस क्षेत्र में है – **लद्दाख**
- झारखंड में किस नदी घाटी पर मैथन व पंचेत हाइड्रल पावर स्टेशन है – **बराकर**
- भारत का सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक राज्य कौन है – **कर्नाटक**

## ब्रीफ खबरें

### गृह रक्षकों की लेखन परीक्षा स्थगित

मेदिनीनगर। पलामू जिले में हो रहे लगातार बारिश के कारण गृह रक्षकों के नव नामांकन प्रक्रिया संबंधी 6 एवं 7 दिसंबर को होने वाली शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा को संशोधित करते हुए नई तिथि की घोषणा की गई है. 6 एवं 7 दिसंबर 2023 को होने वाली शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा की नई तिथि 18 एवं 19 दिसंबर 2023 निर्धारित की गयी है. अब 18 दिसंबर को हरिहरगंज, नौडीहा बाजार एवं नावाबाजार प्रखंड के लिए शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा ली जाएगी. वहीं 19 दिसंबर 2023 को सदर प्रखंड एवं पंडवा प्रखंड के अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा होगी. इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है.

### पंचायतों में हुआ शिविर का आयोजन

**गढ़वा**। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत पंचायतों में शिविर का आयोजन कर लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से अच्छादित किया गया एवं कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया. खरौंधी के सुंडी पंचायत सचिवालय में, कांडी के हरिहरपुर पंचायत भवन में, मंझिआंव के बोदरा पंचायत भवन में, मेराल के लोवादाग पंचायत के अधौरा में विजय मेहता के महुआ के पास दामर पर, रंका के विश्रामपुर पंचायत भवन में, डंडई के जरही पंचायत भवन में एवं गढ़वा के जाटा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया. उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए.

### गोगामेड़ी की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण : प्रेमतोश



**हुसैनाबाद, पलामू**। क्षत्रिय जागृति मंच जपला ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या पर शोक सभा का आयोजन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर क्षत्रिय जागृति मंच के सदस्यों ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या से पूरे देश के क्षत्रिय समाज आहत है. हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने के लिए प्रदर्शन किया जायेगा. क्षत्रिय जागृति मंच घटना के विरोध में आगामी 11 दिसंबर को विरोध मार्च निकालेगा. मौके पर प्रेमतोश सिंह ने कहा कि गोगामेड़ी की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है.

### आहर की जमीन का अतिक्रमण कर भूमि माफिया बेच रहे हैं

# केश्वर आहर की जमीन पर भूमि माफिया की नजर

आशीष टैगोर । लातेहार

लातेहार शहर के बीचो-बीच है केश्वर आहर. केश्वर आहर जाने का मुख्य रास्ता शहर के बाइपास चौक व धर्मपुर मोड़ से है. इसके अलावा अन्य एक-दो गलियां भी केश्वर आहर तक जाती है. अब इसी केश्वर आहर की जमीन पर भूमि माफियाओं की नजर गड़ गयी है. आहर की जमीन का अतिक्रमण कर भूमि माफिया इसे बेच रहे हैं. उस जमीन पर घर बनाये जा रहे हैं. बावजूद इसके प्रशासन को इसकी कोई खबर नहीं है.

**एक एकड़ 88 डिसमिल भूमि में था केश्वर आहर :** लातेहार तपाखास में प्लाट नंबर 148 में है केश्वर आहर. इसकी कुल रकबा एक एकड़ 88 डिसमिल है. यह आहर लघु सिंचाई विभाग के अधीन है. विभाग के द्वारा आठ-दस साल पहले इस आहर का सुदंरीकरण कराया गया था. आहर की गहराई बढ़ाई गयी थी और केश्वर आहर की भिंड पर बने पीसीसी सड़क के किनारे पाइप लगाया गया था. हालांकि बाद मे आहर का पानी कम होने लगा और आहर सूखने लगा. इसी के बाद भूमि-माफियाओं की नजर इस पर पड़ी. केश्वर आहर की भूमि की बाकायदा प्लाटिंग कर बेची जा रही है. आहर के अंतिम छोर पर मकान तक बना दिये गये हैं. अन्य मकान यहां बनने की प्रक्रिया में है.



**खास बातें**

- इस आहर का सुदंरीकरण कराया गया था
- लघु सिंचाई विभाग के अधीन है यह आहर
- लातेहार तपाखास में प्लाट नंबर 148 में है केश्वर आहर



**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में पूछे जाने पर नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने कहा कि इस संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है. उन्होंने इसकी जांच कराने के लिए अंचलाधिकारी से पत्राचार किया है. अगर वहां अतिक्रमण किया गया है तो उसे हटाया जायेगा.

**उपायुक्त से आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग**

इसी साल नवंबर के महीने में स्थानीय लोगों ने लातेहार के उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा था. आवेदन में केश्वर आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गयी थी. कहा गया था कि विभिन्न अदालतों ने जल स्त्रोत व तालाब आदि को अतिक्रमण मुक्त रखने का आदेश दिया है, बावजूद इसके केश्वर आहर की भूमि पर धड़ल्ले से अतिक्रमण किया जा रहा है. केश्वर आहर की पूर्वी क्षेत्र में अतिक्रमण कर शौचालय की टंकी का निर्माण कराया गया है. नहर की चौड़ाई को कम कर जल निकास को बाधित कर दिया गया है. इसके ठीक पहले एक पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा है.

### ईद मिलादुन्नबी का भव्य आयोजन किया गया

**हुसैनाबाद, पलामू**। हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत अंतर्गत लोहबंधा में मरहूम शेख़ मो. युसूफ अंसारी कादरी का पांचवां सालाना उर्स मनाया गया. उर्स के मौके पर उनके कब्र पर चादरपोशी कर फातेहा पढ़ी गई. साथ ही जश्ने ईद मिलादुन्नबी की महफ़िल सजाई गई. जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शुरुआत हाफिज व करी अनिस रज़ा ने कुरान पाक की तिलावत व नात पाक से की. बाहर से आए ओलमा ने एक से बढ़कर एक नाते मनकबत व अपने तकरीर से महफ़िल को सराबोर कर दिया. मौके पर मौलवी इसहाक अनवर, हॉजी ईस्माइल अंसारी आदि मौजूद थे.

### अंबेडकर की पुण्यतिथि पर झामुमो ने दी श्रद्धांजलि

**सिमडेगा** । भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना और जिला सचिव सफीक खान की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई. उन्हें याद किया गया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया और उनके मार्गदर्शन पर चलने की बात कही गई. इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि बाबा साहब ने विस्तृत संविधान लिखा जो समयानुकूल परिवर्तनों को अपने अंदर समाहित करने की क्षमता रखता है.

## भाजपा का प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन



संवाददाता । लातेहार

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व मे भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल ने नई दिल्ली में केद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होने लातेहार में प्रस्तावित बाइपास सड़क व फोरलेन सडक निर्माण में एनएचएआई के द्वारा जमीन का कम मुआवजा देने की शिकायत की और इसे ले कर एक ज्ञापन सौंपा. आवेदन में वर्तमान दर के अनुसार अधिग्रहण किये जाने वाले जमीन का मुआवजा देने की मांग की गयी.

प्रतिनिधि मंडल में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुमंत यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार और किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी दिलीप यादव व इंद्रजीत यादव शामिल थे.

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# तीन वर्षों के अंदर 8 लाख गरीबों को अबुआ आवास देगी हमारी सरकार



संवाददाता । कुड़ू-लोहरदगा

कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत स्थित उमरी खेल मैदान में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव अनिल उरांव, प्रमुख मुनि देवी, अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साहू, स्थानीय मुखिया आदि मौजूद थे. कार्यक्रम की शुरुआत उक्त अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया.

मौके पर झामुमो सचिव अनिल उरांव ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए शासन प्रशासन सीधे जनता के द्वार तक पहुंच कर विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है. उनके सभी समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस कार्यक्रम के माध्यम से दिया जा रहा है. पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सरकार की नई योजनाएं जैसे अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिए जा रहे हैं. इसके साथ ही जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, संर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन-परिमार्जन, आधार और राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत आदि का निवारण समेत अन्य कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आगामी तीन वर्षों के अंदर 8 लाख गरीबों को अबुआ आवास देने का निर्णय लिया है, जिसमें से इसी वित्तीय वर्ष में दो लाख लोगों को अबुआ आवास देने का लक्ष्य है.

पूरे राज्य में 20 लाख राशन कार्ड लाभुकों को हमारी सरकार ने उपलब्ध कराया है. इस गठबंधन सरकार ने ऐसी व्यवस्था किया है कि सरकारी पदाधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पोटली बना कर जनता के द्वार तक जा रहे हैं. अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा.

### वाइल्ड लाइफ | सुरक्षा कारणों से उस इलाके का खुलासा नहीं किया

# पीटीआर में दो बाघ देखे जाने का दावा

संवाददाता । लातेहार

व्याघ्र परियोजना क्षेत्र (पलामू टाइगर रिजर्व) के जंगलों में दो बाघ देखे जाने का दावा वन विभाग ने किया है. सुरक्षा कारणों से उस इलाके का खुलासा नहीं किया जा रहा है, जिस इलाके में बाघ देखे गये हैं. उन इलाकों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है. यहां तक कि बाघ की तस्वीरों को भी शेयर नहीं किया जा रहा है. बताया जाता है कि ऐसा बाघ की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है. पीटीआर के डायरेक्टर कुमार आशुतोष ने इसकी पुष्टि की है. उन्होने बताया कि बाघ के पद चिन्ह पाये गये हैं. बाघ के स्केट (मल) को जांच के लिए वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ़ देहरादून भेजा गया है. बता दें कि पिछले मार्च माह में ही एक एक बाघ देखा गया था. बाद में वह छत्तीसगढ़ की तरफ वापस लौट गया. लेकिन उसके बाद नवंबर महीने में दो अलग-अलग जगहों पर दो बाघों को देखे जाने का दावा किया जा रहा है. इससे पीटीआर प्रबंधन मे हर्ष देखा जा रहा है. बताया जाता है कि बाघों के द्वारा पीटीआर में जानवारों का शिकार किया जा रहा है. वन विभाग ने जानवरों के मारे गये जगहों पर कैमरा लगाये हैं ताकि वह दुबारा आयें तो उनकी तसवीर ली जा सके. विशेषज्ञों ने ट्रैप कैमरा में आये तसवीरों को देख कर बताया कि दो अलग अलग बाघ हैं. इनकी शारीरिक बनावट मार्च में देखे गये बाघ से अलग है.


बाघ के पद चिह्न

**खास बातें**

- दो अलग-अलग जगहों पर दो बाघों को देखे जाने का दावा
- इस बाघ शारीरिक बनावट मार्च में देखे गये बाघ से अलग है

CLASSIFIED






























### मारवाड़ी समुदाय के लोगों ने राणी सती दादी जी का ज्योत लिया और प्रार्थना की

# पुनर्निर्मित मंदिर में भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन

**संवाददाता। पलामू**

जिले के मेदिनीनगर रेड़मा स्थित राणी सती दादी मंदिर में पांच दिवसीय पुनर्प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा है. आज बुधवार को मंगसिर बदी नवमी के अवसर पर यहां भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें 171 महिलाओं ने चुनरी ओढ़कर दादी जी का भव्य मंगल पाठ किया. प्रथम जोत प्रदीप सांवरिया एवं उनकी धर्मपत्नी कांता सांवरिया ने लिया. मंगल पाठ से पहले मारवाड़ी समुदाय के लोगों ने राणी सती दादी जी का ज्योत लिया और धोक दिया.



**खास बातें**

- रात में नृत्य-नाटिका का किया गया था आयोजन
- एक से बढ़कर एक नाट्य और नृत्य प्रस्तुत किये गए

**रात में मारवाड़ी समुदाय के लोगों ने नृत्य-नाटिका प्रस्तुत किये**

इससे पहले मंगलवार रात में नृत्य-नाटिका का आयोजन किया गया था. प्रेरणा ग्रुप और बालाजी ग्रुप की महिलाओं ने नृत्य के जरिये रानी सती दादी की पूरी जीवनी का वृतांत पेश किया. बच्चों ने दादी जी पर आधारित एक से बढ़कर एक नाट्य और नृत्य पेश किये. नंदिनी मोदी ने सर्वप्रथम गणेश वंदना की. इसके बाद रीमा भिवानिया और शालिनी सिंघानिया ने नाट्य प्रस्तुत कर नाट्य पूरी सभा को मंत्र मुग्ध कर दिया. पांच दिवसीय पुनर्प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत यज्ञशाला में सभी जजमान पूजन की विधि को संपन्न कर रहे हैं.

**कार्यक्रम को सफल बनाने में ये लोग दिन-रात लगे हैं**

मुख्य कार्यक्रम संयोजक मनोज तुलस्यान एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुरेश भिवानिया, सचिव आलोक सांवरिया, कोषाध्यक्ष गोपाल छापड़िया, उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल, मंदिर ट्रस्ट के मनोज तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, पीयूष तुलस्यान, सुशील तुलसियान, गोपाल हाजीपुरिया, श्याम पोद्दार, भरत सांवरिया, बद्री सिंघानिया सहित अन्य लोग लगे हुए हैं.

### शौर्य दिवस पर सम्मानित किए गए कारसेवक

**चंदवा।** चंदवा के युवाओं के द्वारा संजीव आजाद की अध्यक्षता में शौर्य दिवस मनाया गया. इस मौके पर 1992 में कारसेवा करने अयोध्या गए कारसेवकों का स्वागत और अभिनंदन चंदवा स्थित पथ निर्माण के विश्रामगार में किया गया. मौजूद महेंद्र प्रसाद साहू,रामप्रसाद साहू,महेश लोहरा और रमेश उरांव को भगवा अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. मौके पर उपस्थित लोगों के बीच महेंद्र साहू ने शौर्य दिवस की चर्चा की. उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण में कारसेवकों का बलिदान नींव की ईंट के समान है. भव्य रामलला का मंदिर इस बलिदान को कभी भुला नहीं सकता. कारसेवकों ने जहां पूरे समाज को एक करने का कार्य किया. वहीं ढांचा को गिरकर वर्षों पुराने कलंक को मिटाने का भी कार्य किया था.

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- भारत के पहले सोलर रूफ साइकलिंग ट्रैक का उद्घाटन कहां हुआ – हैदराबाद
- आगरा नगर की स्थापना किसने की – सिकंदर लोदी
- श्वेत कोयला किसे कहा जाता है – जलविद्युत
- किसे साउथ इंडियन बैंक का एमडी एंड सीईओ बनाया गया – पीआर शेषाद्री
- सल्तनत कालीन कौन राजा बाजार नियंत्रण के लिए प्रसिध्द है – अलाउद्दीन खिलजी
- नासा के किससे संबंधित मिशन का नाम जूनो है – बृहस्पति
- झारखंड में स्वर्णरेखा नदी परियोजना कब शुरू हुई – 1982
- वसुचित्र की रचना किसने की थी – रामराज
- ग्लोबल इंडिया अवार्ड पाने वाली पहली महिला कौन बनी है – सुधा मूर्ति
- झारखंड में मिट्टी के कितने प्रकार हैं – 6

**ब्रीफ खबरें**

### रजवाडीह की प्रिया को मिला योजना का लाभ

**पलामू।** सदर प्रखंड के रजवाडीह गांव निवासी मिथिलेश पासवान एवं कविता देवी की पुत्री प्रिया कुमारी को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ मिला. आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में प्रिया कुमारी को इस योजना के अंतर्गत ऑन स्पॉट 4500 रुपए का चेक हाथों-हाथ प्रदान किया गया. इस राशि से वह साइकिल की खरीद कर सकेगी. सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने शिविर के माध्यम से चेक सौंपते हुए प्रिया को सरकार से साइकिल मिलने को लेकर शुभकामनाएं दी.

### नाली निर्माण में गुणवत्ता पर रखें ध्यानः राधा तिर्की

**सेन्हा (लोहरदगा)।** पक्की नाली निर्माण कार्य शुरु होने से पहले विधिवत आदिवासी रीति रिवाज के तहत पूजन कर जीप सदस्य द्वारा नाली का शिलान्यास किया गया. लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के पंचायत ग्राम स्थित आदिवासी मुहल्ला में आंगनबाड़ी केंद्र से लीची बगान तक पक्की नाली निर्माण कराया जाना है. जिसका शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बुधवार को गांव के पुजार चमरू उरांव द्वारा आदिवासी विधि विधान के साथ पूजन किया गया. जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने नारियल फोड़ कर शिलन्यास किया.

### शिविर में ग्रामीणों ने ली योजनाओं की जानकारी

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को झमाझम बारिश के बावजूद कसियाडीह पंचायत भवन में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में ग्रामीणों का उत्साह कार्यक्रम के अंत तक बरकरार रहा. इस दौरान सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ ग्रामीणों ने लिये, जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेंशन, पीडीएस के लाभुकों को धोती-साड़ी वितरण, स्वास्थ्य, राजस्व विभाग, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के विद्यार्थियों को पोशाक वितरण समेत कई विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों में जरुरतमंदों को लाभ दिये गये.

### चंदवा पूर्वी पंचायत में शिविर का आयोजन

**चंदवा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को चंदवा प्रखंड के पंचायत चंदवा पश्चिमी सचिवालय परिसर में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार,बीपीओ रतन कुमार और मुखिया रंजीत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. शिविर में अबुआ आवास और रोजगार गारंटी कार्ड बनवाने वाले ग्रामीणों की रही भीड़. मौके पर ही कई अबुआ आवास और रोजगार कार्ड बनवाने वालों ने अपने-अपने योजनाओं को ऑन लाईन करवाई.

### जल मीनार फाउंडेशन का गड्ढा नहीं भरा गया

**चंदवा।** प्रखंड क्शेत्र कई गांव के कई ग्रामीणों की शिकायत है कि जल जीवन मीशन योजना द्वारा लगए जा रहे सोलर जल मीनार के फाउंडेशन को ठेकेदार ने छोड़ दिया. इसी तरह का एक मामले में हिसरी के एक ग्रामीण ने बताया की जल जीवन मीशन योजना के तहत गांव में टावर टंकी लगानें के लिए संवेदक द्वारा जेसीबी मशीन से फाउंडेशन के लिए गड्ढा करवाया गया था. नियमतः फाउंडेशन के गड्ढे को भरकर इसमें प्लास्टर किया जाना था लेकिन संवेदक ने गड्ढा को नहीं भरा.

### काश ! टैक्स लोगों पर लादने के बजाय जनता के हित में काम करतीं पूर्व महापौर

# विकास का काम बोलता है : सन्नी शुक्ला

**संवाददाता। पलामू**

पूर्व मेयर साहिबा को पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर का नाम लेने से पहले पलामू के अपनी पार्टी विधायकों के कार्यों के बारे में बात करना चाहिए. मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पूरे पलामू प्रमंडल में जितना विकास का कार्य किया है, भाजपा के मंत्री और विधायकों ने अपने तमाम कार्यकालों में भी उसका दस प्रतिशत भी कार्य नहीं किया है. जबकि, पिछले 10 सालों से पलामू के सभी सीटों पर भाजपा के विधायक सांसद, मेयर, डिप्टी मेयर जीतते आ रहे हैं. परंतु इन्होंने जनता की भावनाओं के साथ खेलने और जुमला देने के अलावा कभी कुछ नहीं किया. उक्त बातें झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने बुधवार को कही.

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपने कार्यकाल में टैंकर से पानी बंटवाने के बजाय सौंदर्यीकरण के नाम पर पानी बहाया है. वह अब मेयर का ख्वाब दूर होता देख, विधायक बनने के लिए सरकार पर अनर्गल बयानबाजी कर राजनीति चमकाना चाहते हैं. पलामू के किसानों की बात अचानक मेयर साहिबा करने तो लगी हैं, परंतु उन्हें याद करना चाहिए कि मंडल डैम का शिलान्यास मोदी जी ने किया था. अब चंद महीनों में लोकसभा चुनाव होने वाला है परंतु, मंडल डैम परियोजना में अभी तक एक ईंट भी केंद्र की सरकार जोड़ नहीं पाई है.



झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला

**लगाया आरोप**

- भाजपा के कार्यकाल मे 10 फीसदी भी कार्य नहीं हुआ
- भाजपा ने जनता को जुमला देने का कार्य किया

**थोड़ी बुनियादी जानकारी रखें मेयर साहिबा**

सन्नी ने कहा कि पेयजल और पटवन दोनों में बहुत अंतर होता है. पेयजल से खेतों को नहीं पटाया जा सकता. मेयर साहिबा को थोड़ी बुनियादी जानकारी रखनी चाहिए. क्योंकि, पलामू किसानों की धरती है और वो केंद्र की सत्ता से भी जवाब मांगेगी. कुछ दिन पहले ही मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ लहजों में कहा था कि जल्द ही पलामू में पानी का दुख दूर होगा. मिथिलेश ठाकुर जो कहते हैं वह करते भी हैं.

**डबल इंजन सरकार ने लीपा-पोती का काम किया**

सिर्फ क्रेडिट लेने के लिए पूर्व मेयर कुछ भी बयान दे रही हैं, परंतु जब वो सत्ता में थी तब पलामू में पानी के लिए कितना हाहाकार मचा था. महिलाएं बच्चे टैंकर से पानी भरने के लिए मजबूर थे. डबल-ट्रिपल इंजन की रघुबर दास की सरकार ने सिर्फ योजनाओं का लीपा-पोती ही किया था. उसी कारनामों की देन है कि आज वर्तमान सरकार को चीजें पटरी पर लाने में मुश्किल हो रही है. परंतु असंख्य बाधाओं के बावजूद पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर क्षेत्र का विकास करना जानते हैं. पलामू प्रमंडल में विकास का दूसरा नाम हैं मंत्री मिथिलेश ठाकुर, जो सभी बाधाओं को दूर करते हुए जल्द ही सभी योजनाओं का लाभ जनता को दिलवा कर रहेंगे.

### हेमंत सरकार ने झारखंड को लेबर स्टेट बना दिया : जितेंद्र सिंह



**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

स्थानीय देव इन होटल में आजसू पार्टी की एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में प्रखंड व पंचायत कमिटि के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह एवं जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय मौजूद थे. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने इस प्रदेश के लेबर स्टेट बना दिया है.

खनिज संपदा रहने के बाद भी यहां के मजदूर दूसरे प्रदेशों में कमाने जाते हैं. प्रति वर्ष आठ से दस लाख मजदूर काम की तलाश मे यहां से पलायन कर रहे हैं. जब इतनी बड़ी संख्या में लोग दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं तो ऐसी सरकार चलाने का क्या मतलब. जिलाध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय ने कहा कि जिले मे हर जल नल योजना में व्यापक गड़बड़ी की गयी है. इसके खिलाफ पेयजल व स्वच्छता विभाग का घेराव किया जायेगा. बैठक में हीरो कुमार यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया. जिला अध्यक्ष ने उनका माल्यापर्ण कर स्वागत किया. मौके पर बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव केके मिश्रा, जिला प्रवक्ता नीतीश कुमार पांडेय, सद्दाम अंसारी, विजेंद्र दास, रोहित महतो, रामदीन भुईयां, अजीत लोहरा, अजय तूरी अमित तूरी अंकित पांडेय, महेंद्र उरांव व सुनील उरांव आदि उपस्थित थे.

### लोकतंत्र की मजबूती में बाबा साहेब का अतुलनीय योगदानः मिथिलेश ठाकुर

**पाटन।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कहा कि आज पूरा देश बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनको याद कर रहा हैं. इस देश के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. देश संचालन के लिए संविधान निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है. संविधान ने देश के सभी लोगों को एक साथ और समानता के साथ आगे बढ़ने का मौका दिया है. संविधान समाज के सभी दलित, शोषित, पिछड़े और महिलाओं समेत सभी वर्गों को एक साथ एकता और समानता के साथ आगे बढ़ाने की सीख देता है.

# सरकार की योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : पूनम देवी

**संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के पांडेयपुरा पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, प्रमुख परशुराम लोहरा, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, मुखिया संजय उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी ने योजनाओं का लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से की. कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जानकारी देना है.

कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के 661, कूप के 22, पेंशन के 19, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 67 समेत कुल 2634 आवेदन प्राप्त किये गये. इन आवेदनों मे से 1378 आवेदनों का ऑन द स्पाट निष्पादन कर दिया गया. मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, साकेत कुमार, रेखा देवी व एजीएम रघुनंदन राम समेत कई ग्रामीण मौजूद थे.

# महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकली झंडा यात्रा



**संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के सेमरी मैदान मे महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ किया जायेगा. इसे ले कर बुधवार को झंडा यात्रा निकाला गया. विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर झंडा यात्रा सेमरी मैदान पहुंचीं. यहां झंडा स्थापित किया गया.

महायज्ञ कमिटी के मुख्य संरक्षक राकेश सिंह ने बताया की पिछले कई नों से उक्त महायज्ञ की तैयारी की जा रही थी. महायज्ञ स्वामी शत्रुधनाचार्य जी के सानिध्य मे संपन्न होगा. झंडा यात्रा मे अध्यक्ष नंद किशोर सिंह,आजसू जिलाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, राजेंद्र साव, पिंटू रजक, रितेश पांडेय, मनोज साव, अनिल साव, विजय सिंह, बसंत कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार, दीपक कुमार, प्रसाद सिंह, नागेंद्र सिंह, सचिन कुमार सिंह, संजय सिंह, मनीष कुमार, उपेंद्र कुमार व पारित सिंह समेत अन्य कई लोग शामिल थे.

### गढ़वा जिले में बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा

# लोस में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनाने की मांग उठी

**संवाददाता। पलामू**

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन (एनआईसीडी) जो कोलकाता अमृतसर इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के नाम से भी जाना जाता है, जिसके तहत झारखंड के गढ़वा में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनाने की मांग की गई है.



पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने लोकसभा के शून्य काल में इस मामले को उठाया है. दरअसल, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक ने गढ़वा डीसी से 6 बिंदुओं पर प्रतिवेदन मांगा था, डीसी ने सभी बिंदुओं पर प्रतिवेदन झारखंड सरकार को भेज दिया है. लोकसभा में बोलते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखंड के आर्थिक ढांचे में परिवर्तन होगा. गढ़वा जिले में बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा. उन्होंने कहा कि वह केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि झारखंड सरकार के साथ बातचीत कर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के लिए पहल की जाए. राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन गढ़वा के भवनाथपुर स्थित जमीन और बोकारो स्थित सेल की जमीन का कॉम्परेटिव इवोल्यूशन करवा ले. भवनाथपुर में 1180 हेक्टर जमीन ऑफर किया गया है जबकि, बोकारो में 700 हेक्टर ही जमीन है.

### आज होगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत आज जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत व नगर निकायों में शिविर का आयोजन किया जाएगा. मोहम्मदगंज प्रखंड के कोल्हुआ सोनबरसा मुख्यालय में, हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी पंचायत में, छतरपुर प्रखंड के रुदवा पंचायत में, पांडू प्रखंड के पांडू पंचायत में, ऊंटारी रोड प्रखंड के मुरमाखुर्द मुख्यालय में, चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत में, पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत में, सतबरवा प्रखंड के धावड़ीह पंचायत में, पांकी प्रखंड के सकलदीपा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा.वहीं, मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड संख्या 01 के लिए शिव मंदिर परिसर सिंगरा खुर्द में और हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड संख्या 02 एवं 03 के लिए टाउन हॉल वार्ड संख्या 3 में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा.

### सड़क सुरक्षा समिति और डीसी की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

# सड़क हादसे रोकने को लेकर बैठक

**संवाददाता। गढ़वा**

जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन कराने के साथ ही सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए उपायुक्त ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य करने का निर्देश दिया. बैठक में हिट एंड रन मामलों की उपायुक्त ने समीक्षा की.

शेखर जमुआर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 75 पर गढ़वा के नजदीक यातायात से संबंधित बोर्ड लगाने का निर्देश दिया. कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले के कई स्थानों पर साइनेज लगा लिया गया है और शेष बचे स्थान पर जल्द ही साइनेज लगाने का काम पूरा हो जायेगा. उपायुक्त ने जिले के तीन ब्लैक स्पॉट अन्नराज घाटी, गुलरिया ढोड़ा और बूढ़ापरास की कार्य प्रगति के संबंध में जानकारी ली. जिले में रोड किनारे सूखे पड़े वृक्ष, जिनके कारण आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही है, वैसे वृक्षों का आंकलन कर वन विभाग से अनुमति लेते हुए वृक्षों के कटाई का निर्देश दिया. शहर के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी लगाने की जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से ली. साथ ही हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने पर भी जोर दिया गया.



**कार्यों का शत प्रतिशत निष्पादित करें : डीसी**

**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित समीक्षा बैठक की गई. बैठक में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 80 गढ़वा/ 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय संग उपायुक्त ने बिंदुवार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत हुए कार्यों की समीक्षा किया. बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मुख्य रूप से प्रपत्र 6,7,8 की प्राप्ति, निष्पादन एवं ऑनलाइन अपडेट की स्थिति समेत अन्य विषयों पर बिन्दुवार समीक्षा की.

### गढ़बुढ़नी पंचायत भवन में लगाया गया शिविर

**लातेहार।** बुधवार को बारिश के कारण आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन महुआडांड प्रखंड के गढ़बुढ़नी पंचायत भवन मे किया गया. उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा व मुखिया रेनु तिग्गा ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया. बीडीओ ने शिविर का लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से किया. कहा कि शिविर में हर विभाग के स्टॉल लगे हैं, ग्रामीण संबंधित स्टॉल में जा कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और योजनाओं का लाभ ले सकते हैं. उन्होने कहा कि प्रशासन के अधिकारी आपके गांव आये हैं, इसका लाभ अवश्य उठाना चाहिए. उन्होने कई योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम मे परिसंपतियों का भी वितरण किया गया. शिविर में मनरेगा, कृषि एवं पशुपालन, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, अबुआ आवास, मुख्य मंत्री सारथी योजना समेत कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे.

**श्रद्धांजलि** बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि पर बसपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

# बाबा साहेब से हमें वोट देने का अधिकार मिला : शेर अली

**संवाददाता। हुसैनाबाद, पलामू**

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में शहर के अंबेडकर चौक पर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 68वी पुण्यतिथि महा परिनिर्वाण दिवस के रुप में मनाई गई. मौके पर मुख्य अतिथि बसपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी शेर अली, हरि यादव पुनीत अम्बेडकर, अजय भारती और मंचासीन अतिथियों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित की.

सभा गोष्ठी की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष अजय भारती ने की जबकि संचालन विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र राम ने किया. मौके पर बसपा नेता शेर अली ने कहा कि बाबा साहेब ने गरीब मज़दूर, दलित और शोषित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष किया. उनके संघर्षों का परिणाम है कि देश के प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार मिला. उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है. उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित है.



**खास बातें**

- बाबा साहेब के बताए हुए रास्ते पर चलती है बसपा
- अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है

**बसपा सभी धर्मों और वर्गों को साथ लेकर चलती है**

शेर अली ने कहा कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो और धर्मों के लोगों को साथ लेकर चलती है. बाबा साहेब अंबेडकर के बताए हुए रास्ते चलने का काम करती है. मौके पर पूर्व झारखंड प्रभारी पुनित अंबेडकर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि यादव, पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार राम, ज़िला अध्यक्ष अजय भारती, नूरुल खान, सरोज कुमार, जीतेंद्र पासवान, प्रदीप मेहता, सरोज कुमार, सुनैना कुंवर ने गोष्ठी में अपना विचार व्यक्त किया.

# सरयू में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**संवाददाता। लातेहार**

नवसृजित प्रखंड सरयू के घासीटोला पंचायत में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया.

उद्घाटन जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने किया. उन्होने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. प्रखंड विकास पदाधिकारी शंभू राम ने भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की. कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी व लाभ देने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सोना सबरन धोती-साड़ी योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं का लाभ दिया गया.

### ब्रीफ खबरें

#### अस्पताल में मोबाइल चोरी करते पकड़ाया चोर

रांची । मेन रोड स्थित सदर अस्पताल में मोबाइल चोरी करते एक चोर पकड़ा गया. इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चोर की पिटाई कर दी. बताया जा रहा है कि चोर ने सदर अस्पताल में दो मरीजों का मोबाइल फोन चोरी कर लिया था. इसी दौरान बुधवार की दोपहर मरीजों का मोबाइल फोन चोरी करते ही मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया. पहले तो उसकी पिटाई की गई, फिर पुलिस को सूचना देकर पुलिस को सौंप दिया.

#### तीन मोबाइल बरामद दो आरोपी गिरफ्तार

**धनबाद** । बैंकमोड़ पुलिस ने बुधवार को मोबाइल चोरी के आरोप में रिफ्यूजी मार्केट के रहने वाले रंजीत और महेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इनके पास से पुलिस ने चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए हैं. वहीं, मारपीट के एक मामले के आरोपी विक्की को भी बैंकमोड़ पुलिस ने दबोचकर जेल भेजा है. उसके खिलाफ जान मारने की नीयत से मारपीट करने का मुकदमा कायम था, वो फरार चल रहा था.

#### 14 किलो तांबा के साथ दो गिरफ्तार

**धनबाद** । धनसार व बरवाअड्डा पुलिस ने बुधवार को धनसार इलाके में छापेमारी कर लगभग 14 किलो अवैध तांबा के साथ जुगादी राम को पकड़ा है. बता दें कि बुधवार को बरवाअड्डा पुलिस रानीबांध निवासी शशिभूषण साव को पकड़कर धनसार थाना पहुंची थी. जहां उसकी निशानदेही पर पुलिस ने जुगादी को चोरी के तांबा के साथ पकड़ा है. पकड़े गए लोगों से पुलिस पूछताछ चल रही है.

#### लातेहार : मंडल कारा में की गयी छापेमारी

**लातेहार** । सुरक्षा कारणों से मंडल कारा, लातेहार में मंगलवार की देर रात छापामारी की गयी. इसका नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी मो परवेज व एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र ने किया. हालांकि इस छापामारी में किसी प्रकार की कोई आपित्त सामग्री बरामद नहीं की जा सकी. पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने इसकी पुष्टि करते कहा कि सुरक्षा कारणों से यह कार्रवाई की गयी थी और यह रूटीन वर्क है. बताया जाता है कि धनबाद जेल में हुई फायरिंग के बाद इस तरह की कार्रवाई राज्य के अन्य जेलों में भी की गयी है.

#### पिठोरिया में पीसीआर 30 दुर्घटनाग्रस्त, घायल

**रांची** । पीसीआर वैन 30 के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए. यह हादसा बुधवार को जिले के पिठोरिया थाना क्षेत्र के पिठोरिया घाटी में हुई. इस हादसे में पीसीआर में तैनात एक जवान, एक हवलदार और एक एएसआई घायल हो गए. घटना की सूचना मिलने के बाद पिठोरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पुलिसकर्मियों को पीसीआर वैन से बाहर निकालकर रिम्स ले गई. बेहतर इलाज के लिए सभी पुलिसकर्मियों रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया है.

#### लोहरदगा में सड़क हादसे में युवक की मौत

**लोहरदगा** । जगन ढोडा के समीप मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना के सूचना पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार के निर्देश पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया. मृतक का पहचान बुटी ग्राम निवासी रोजामत अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र तौसीर अंसारी के रूप में हुआ है. बताया जाता है कि तौसीर अंसारी कल्हेपाट ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आया था.

#### कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा

**दुमका** । एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बुधवार को दुमका के सिविल कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया. एसपी के साथ सिविल एसडीओ कौशल कुमार एवं डीएसपी विजय कुमार सहित इंस्पेक्टर मौजूद थे. एसपी ने कोर्ट के चारों ओर घुम-घुमकर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिए. एसपी ने क्यूआरटी टीम एवं नियंत्रण कक्ष के पुलिस पदाधिकारियों को विशेष रूप से सजग रहने का निर्देश दिया.

### एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र की छापेमारी टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा

# 5 लाख का इनामी सब-जोनल कमांडर प्रदीप गिरफ्तार

**आशीष टैगोर । लातेहार**

भाकपा माओवादियों के सब-जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. सरकार ने उस पर पांच लाख रूपये का इनाम रखा था. वह अपने गांव परिजनों से मिलने जा रहा था, इसी दौरान पुलिस ने उसे बारियातू जागीर गांव के पास गिरफ्तार किया. पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि सूचना मिली थी कि वह लातेहार के बारियातू जागीर ग्राम में छुपा है. सूचना की सत्यापन के बाद एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया. दल ने सघन छापामारी अभियान चलाया. इसी दौरान पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा. छापेमारी दल ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया. पूछे जाने के पर उसने अपना परिचय माओवादियों के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो के रूप में दिया.

**खास बातें**

- सरकार ने उस पर पांच लाख रूपये का इनाम रखा था
- लातेहार के बारियातू जागीर ग्राम में छुपा था प्रदीप सिंह



**छापेमारी में शामिल पुलिस अधिकारी :** छापेमारी में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि गौरव सिंह, राज रौशन सिंह, मो शाहरूख, रोहित कुमार महतो, दिवाकर धोबी व देवानंद कुमार, सअनि कुबेर प्रसाद, नागेश्वर महतो, निर्मल बेक के अलावा लातेहार थाना के रिजर्व गार्ड व सैट-1 के रिजर्व गार्ड शामिल थे.

#### प्रदीप सिंह पर दर्ज हैं 23 मामले

एसपी ने बताया कि प्रदीप सिंह चेरो पर लातेहार जिला के विभिन्न थानों में कुल 23 मामले दर्ज हैं. इसके अलावा अन्य कई जिलों के थानों में भी उस पर मामला दर्ज हैं. वह माओवादियों के जोनल कमांडर छोटू खरवार के दस्ते साथ पिछले 10-12 सालों से चल रहा था और कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है. एसपी ने बताया कि प्रदीप सिंह लातेहार का रहने वाला है, इसलिए उसे बूढ़ा पहाड़ एवं आसपास के सभी रास्ते व इलाकों की जानकारी रखता था. वह हमेशा अपने दस्ते को लीड करता था. एसपी ने कहा कि प्रदीप सिंह की गिरफ्तारी से माओवादी कमजोर हुए हैं.

### आओ जानें

#### देश में सुसाइड करनेवालों में महाराष्ट्र अव्वल

| | | | |
|---|---|---|---|
| मणिपुर | : 49 | कर्नाटक | : 13056 |
| हरियाणा | : 3692 | आंध्रप्रदेश | : 8067 |
| उत्तराखंड | : 717 | केरल | : 9549 |
| दिल्ली | : 2840 | तमिलनाडु | : 18925 |
| उत्तरप्रदेश | : 5932 | लद्दाख | : 11 |
| बिहार | : 827 | जम्मू कश्मीर | : 247 |
| सिक्किम | : 268 | हिमाचल प्रदेश | : 889 |
| असम | : 3262 | पंजाब | : 2600 |
| मिजोरम | : 99 | अरुणाचल प्रदेश | : 160 |
| छत्तीसगढ़ | : 7828 | गुजरात | : 8789 |
| ओडिशा | : 5651 | मध्यप्रदेश | : 14965 |
| त्रिपुरा | : 771 | झारखंड | : 1825 |
| महाराष्ट्र | : 22207 | पश्चिम बंगाल | : 13500 |
| तेलंगाना | : 10171 | मेघालय | : 226 |
| गोवा | : 321 | नागालैंड | : 43 |

### धनबाद का अमन सिंह हत्याकांड

# बादशाहत के गुरुर ने दोस्तों को ही बना डाला जानी दुश्मन

- रघुकुल जैसे दबंग घराने से पंगा लेते ही बन गया था अपराध जगत का बड़ा नाम
- अमन के नाम हत्या, रंगदारी, फायरिंग, धमकी जैसे मुकदमों की लंबी फेहरिस्त

**संवाददाता । धनबाद**

यूपी निवासी कुख्यात शूटर अमन सिंह की कोयलांचल के अपराध जगत में इंट्री धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के साथ हुई. दो हजार रुपये का उधार लेकर धनबाद पहुंचा अमन सिंह इस हत्याकांड के साथ ही कोयलांचल के अपराध जगत में बड़ा नाम हो गया. यहीं से उसका आपराधिक सफर शुरू हुआ. सिर्फ पांच वर्षों में उसके नाम हत्या, फायरिंग, बमबाजी, रंगदारी और धमकी जैसे संगीन मुकदमों की लंबी फेहरिस्त पुलिस फाइलों में दर्ज हो गई. चार दर्जन से अधिक मामले दर्ज होने के बावजूद 11 मुकदमों में मिली रिहाई उसके रसूख और शातिर दिमाग की कहानी बयां करती है. लेकिन जो दुश्मनों से नहीं डरा, दोस्तों की साजिश का शिकार हो गया. इस शातिर अपराधी की हत्या में दोस्तों की भूमिका पर पड़ताल करती शुभम संदेश की खास रिपोर्ट :

नीरज हत्याकांड के आरोपी अमन सिंह के धनबाद जेल पहुंचते ही कोयलांचल के छोटे-मोटे अपराधियों की सलामी उसे मिलने लगी थी. यूपी का कलेवर और रघुकुल जैसे घराने से पंगा लेना उसे मशहूर बना दिया. इसके बाद उसे धनबाद में रुपया बटोरने का स्कोप दिख गया. उसने जेल में ही कुछ लोगों को अपने साथ जोड़ा. फिर, जेल के बाहर रंगदारी के लिए फोन करने की शुरुआत हुई. धमकी को अमली जामा पहनाने के लिए गोली-बारी, बमबाजी भी होने लगी.

#### कुख्यात शूटर के करीबी दोस्तों की है लंबी फेहरिस्त

**1. आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह :** अमन सिंह का सबसे करीबी माने जाने वाले जेसी मल्लिक रोड निवासी आशीष ने अमन के इशारे पर कई बार गोलियों की तड़तड़ाहट फैलाई. हत्या, रंगदारी जैसे अपराध को अंजाम देकर अमन का रुतबा बढ़ाया. बाद में उसी आशीष ने अमन की हत्या की जिम्मेवारी ली और बोला कि धनबाद किसी के बाप का नहीं है.

**2. रिंकू सिंह :** अमन के यूपी से धनबाद आने की वजह रिंकू सिंह था, जो यूपी के मिर्जापुर का रहने वाला है. मिर्जापुर जेल से ही उसे रिंकू ने धनबाद भेजा था. बाद में आशीष रिंकू का करीबी हो गया. खुद अमन के भाई अजय सिंह ने इस हत्या के पीछे रिंकू सिंह का हाथ होने की बात कही. आशीष ने कहा कि रिंकू सिंह अब उसके साथ है.

**3. विकास बजरंगी :** कतरास के रहने वाले विकास बजरंगी को भी पुलिस ने अमन सिंह के शूटर के तौर पर गिरफ्तार किया था. कोयला कारोबारी मनोज यादव की हत्या के मामले में विकास जेल में है. मनोज हत्याकांड में अमन का नाम आया. यानी पुलिस फाइल में बजरंगी और अमन साथ-साथ थे.

**4. अमर रवानी :** जमीन कारोबारी लाल खान की हत्या में भी अमन का नाम आया था. इस मामले में शूटर के तौर पर लोयाबाद के रहने वाले अमर रवानी की गिरफ्तारी हुई. यानी अमर और अमन के बीच भी सीधा कनेक्शन था.

**5. सुंदर महतो :** बाइक चोरी में मुनीडीह से गिरफ्तार सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव यूपी के प्रतापगढ़ का निवासी है. जेल जाने के बाद अमन सिंह के साथ उठता-बैठता था. जेल के फुटेज में रितेश उसकी खिदमत करता भी दिखा. यानी रितेश और अमन के बीच पुराने संबंध थे.

#### हत्याकांड में पांच संदिग्ध दोस्तों की भूमिका की जांच

अमन सिंह की हत्या में 5 संदिग्ध पुलिस अनुसंधान की लपेट में हैं. सुंदर उर्फ रितेश को पुलिस ने शूटर के तौर पर गिरफ्तार किया है. जबकि बजरंगी, सतीश उर्फ गांधी, और अमर रवानी को इस हत्याकांड में साथ देने और हथियार आपूर्ति कराने में मददगार होने का संदेह है. ये सभी जेल के एक ही वार्ड में थे. पुलिस महकमा के बड़े अधिकारी इनसे पूछताछ भी कर चुके हैं. इन लोगों के अलावा इस हत्याकांड में आशीष रंजन और यूपी निवासी रिंकू सिंह को पुलिस मास्टरमाइंड के तौर पर देख रही है.

#### हत्या के बाद व्यवसायियों को धमकी बंद

गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद से जिले के व्यवसायियों ने जहां सुकून की सांस ली है, वहीं पिछले चार दिनों में किसी व्यवसायी को रंगदारी के लिए कोई फोन नहीं आया है. जेल में मौजूद सभी मोबाइल के जब्त होने से बाहर के अपराधियों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है. यही वजह है कि किसी को न तो धमकी भरे फोन या मैसेज आ रहे हैं, न ही किसी को डराने के लिए फायरिंग ही की गई है. सूत्रों के अनुसार, धनबाद जेल के सभी वार्डों में एक से ज्यादा मोबाइल फोन काम कर रहे थे. कुछ बड़े दबंग एक से ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे थे. अमन सिंह के पास भी दो मोबाइल थे. अमन सिंह की हत्या के बाद आला अधिकारियों की दबिश पर जेल से छह मोबाइल फोन बरामद हुए थे. सूत्रों के अनुसार अमन की हत्या की सूचना फैलते ही सभी कैदियों ने अपने मोबाइल शौचालय या, फिर जेल के बाहर फेंक दिए. इसके बाद से बाहर के अपराधियों से उनके आका का संपर्क बिल्कुल कट गया है.

# पुलिस ने अंतर जिला चोर गिरोह के सदस्य को दबोचा, पांच बाइक जब्त

**संवाददाता । लातेहार**



पुलिस ने अंतर जिला बाइक चोर को पकड़ा है. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से पांच बाइक बरामद किया है. पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हेरहंज थाना क्षेत्र के बालूमाथ-पांकी मुख्य मार्ग पर नवादा चौक के पास अंचल पुलिस निरीक्षक, बालूमाथ शशिरंजन के नेतृत्व में थाना प्रभारी नीतिश कुमार के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इसी क्रम में लातेहार की ओर से एक बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल पर एक युवक तेज गति से आ रहा था.

रुकने का इशारा करने पर वह अपनी बाइक को पीछे की ओर मोड़ कर भागने लगा. मौके पर पुलिसवालों ने खदेड़ कर पकड़ा. उन्होंने अपना नाम मो दिलशाद उर्फ बाबू मियां और घर मासियातू, बालूमाथ बताया. उसने बताया कि वह मोटरसाइकिल चोरी की है. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पांच बाइक विभिन्न स्थानों से बरामद किया. इस संबंध में हेरहंज थाना में कांड संख्या 55-2023 दर्ज किया गया है.एसपी ने आगे बताया कि मो दिशाल का अपराधिक इतिहास रहा है. वह साल 2020 में मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में जेल भी जा चुका है. उस पर लातेहार थाना में दो, चंदवा थाना में एक व बालूमाथ थाना में तीन मामले दर्ज हैं. एसपी ने बताया कि इससे पहले भी लातेहार से बाइक चोर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था. छापेमारी में पुनि बालूमाथ अंचल शशिरंजन कुमार, थाना प्रभारी नीतिश कुमार, पुअनि विश्वजीत कुमार तिवारी, अशोक कुमार सिंह, सअनि सुबोध कुमार सिंह समेत हेरहंज थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

**खास बातें**

- मौके पर पुलिसवालों ने खदेड़ कर पकड़ा चोर को
- 2020 में बाइक चोरी के आरोप में जेल भी जा चुका है

#### गिरीडीह-मधुपुर रेलखंड से व्यक्ति का शव बरामद

**बेंगाबाद** । गिरिडीह-मधुपुर रेलखंड पर बुधवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. आशंका जताई जा रही है कि मंगलवार रात को मधुपुर-गिरिडीह पैसेंजर ट्रेन से कटकर उसकी मौत हुई होगी. बुधवार सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने मामले की जानकारी बेंगाबाद पुलिस व रेलवे पुलिस को दी. सूचना पाकर बेंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. इस संबंध में बेंगाबाद थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि महेश मुंडा रेलवे स्टेशन के आगे दुंदो के समीप रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है.

## अफीम की खेती के खिलाफ 15 से चलाया जायेगा अभियान

**संवाददाता । खूंटी**

उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को एनसीओआरडी की बैठक आयोजित की गई. इस दौरान एनसीकोर्ड से संबंधित अधिकारियों को अफीम की खेती विनष्ट करने और लोगों को वैकल्पिक खेती करने के प्रति जागरूक करने के लिए 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने एनसीकोर्ड से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित गांव के ग्राम प्रधान और मुखिया के साथ बैठक का आयोजन कर अवैध अफीम की खेती का त्याग कर वैकल्पिक उन्नत खेती के लिए लोगों को प्रेरित करें. डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम की खेती की को नष्ट करने के संबंध में विचार-विमर्श करने के लिए मुखिया, ग्राम प्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधि के संग बैठक का आयोजन करें. उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में ग्रामीणों को अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए अफीम की खेती का त्याग कर चना, मूंग, सरसों आदि की खेती के प्रोत्साहित और जागरूक करें.

## 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आने से छह मवेशियों की मौत

- कंजकिरो बिजली सबस्टेशन के पास की घटना, मुआवजे का भरोसा

**संवाददाता । बोकारो थर्मल**

नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित कंजकिरो बिजली सबस्टेशन के समीप बुधवार को 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आकर छह मवेशियों की मौत हो गई. सूचना मिलते ही घटनास्थल पर भीड़ जुट गई. गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया. विभाग के कर्मियों ने सूचना मिलते ही बिजली सप्लाई बंद कर दी. बताया जाता है कि बुधवार की सुबह से लगातार हो रही बारिश से बचने के लिए दर्जन भर मवेशी कंजकीरो बिजली सबस्टेशन के बगल सीमेंट दुकान के छज्जा के नीचे खड़े थे. इसी बीच दुकान के ऊपर से गुजरा 11 हजार वोल्ट का तार टूटकर गिर गया. तार से सटकर 4 गाय एवं दो बैल की मौत हो गई. इनमें 3 गाय व एक बैल नया बस्ती निवासी नागेश्वर यादव व मंजू देवी के तथा एक गाय व एक बैल कंजकिरो निवासी नंदलाल महतो और हिलिया देवी के थे. घटना के बाद कई मवेशियों ने इधर-उधर भागकर जान बचाई.

पेंक नारायणपुर थाना बोकारो थर्मल थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. घटना की जानकारी मिलते ही बेरमो एसडीओ शैलेश कुमार सिन्हा ने तेनुघाट के प्रमंडलीय विद्युत अभियंता को कार्रवाई व मुआवजा भुगतान का निर्देश दिया.

#### दो प्राथमिक अभियुक्तों के घर चिपकाया पोस्टर

**तिसरी (गिरिडीह)** । तिसरी पुलिस ने बुधवार को जमुआ और गांवा थाना क्षेत्र के आर्म्स एक्ट के दो प्राथमिक अभियुक्तों बबलू यादव और लक्ष्मण सिंह के घरों व चौक-चौराहों पर ढोल व मांदर बजाकर इश्तिहार चिपकाया. बताया गया कि अभियुक्त जमुआ थाना क्षेत्र के परगोडीह निवासी बबलू यादव पिता भोला यादव और गांवा थाना क्षेत्र के जमडार निवासी लक्ष्मण सिंह उर्फ लक्ष्मण कुमार पिता छोटू सिंह के विरुद्ध तिसरी थाने में आर्म्स एक्ट की प्राथमिकी दर्ज है. तिसरी थाना के एसआई अभिमन्यु पड़िहारी के द्वारा सशस्त्र बलों के मदद से स्थानीय स्वतंत्र गवाहों के समक्ष विधिवत इश्तिहार का तमिला करने के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों में इश्तिहार की परती को विधिवत चिपकाया गया.

### अवैध कोयला कारोबार को लेकर की गई छापेमारी

## दो वाहन जब्त, पांच लोगों को किया गिरफ्तार, 60 टन कोयला जब्त हुआ

- कोयले के धंधे से जुड़े पांच लोगों को जेल भेजा गया
- अचानक हुई छापेमारी से तस्करों में मचा हड़कंप

**संवाददाता । महुदा**



भाटडीह ओपी क्षेत्र के भाटडीह धोड़ा में मंगलवार की देर रात ग्रामीण एसपी ने छापेमारी कर कोयले से लदा एक ट्रैक्टर, एक टाटा मैजिक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया. इसके साथ ही बोरियो में भरकर रखे करीब 60 टन अवैध कोयला जब्त किया गया है. गिरफ्तार लोगों में छत्रुटांड़ निवासी आनंद कुमार साव, चुन्नु कुमार महतो, लक्ष्मीपुर निवासी हीरा लाल हांसदा, केशलपुर निवासी शत्रुधन सोरेन एवं रवि शंकर सोरेन शामिल हैं. पकड़े हुए लोग सभी मजदूर व ड्राइवर हैं.

इधर, पांचों गिरफ्तार लोगों के खिलाफ भाटडीह पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दिया. मामले को लेकर ओपी प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि कुछ लोग ट्रैक्टर में अवैध कोयला लादकर ले जा रहे हैं. सूचना के आलोक में ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में छापेमारी कर पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही कोयला एवं गाड़ी भी बरामद किया गया है.

#### पैसे के लेन-देन में मारपीट, युवती घायल

**गोड्डा** । दस लाख से अधिक का बकाया राशि मांगे जाने पर सरकारी स्कूल के शिक्षक ने युवती के साथ मारपीट कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया है. मामला नगर थाना अंतर्गत बाबू पाड़ा मोहल्ले की है. बुधवार देर शाम निजी अस्पताल लाइफ केयर में भर्ती युवती ने बताया कि आरोपी शिक्षक उसका परिचित है और काफी समय से संपर्क में है. आरोपी शिक्षक उपेंद्र उर्फ संजीत मंडल मवि दियारा में हेड मास्टर के पद पर कार्यरत है. मंगलवार रात उसके साथ मारपीट कर उसे अपने घर के कमरे में बंद कर दिया था. आरोप है कि युवती के पिता ने पांच लाख और बाद में जमीन बेचकर मिले पांच लाख रुपए को शिक्षक ने बहला-फुसलाकर ले लिया था. इस मामले में युवती के बयान पर थाने में मामला दर्ज कर लिया है.

### धनबाद | महिला थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को सुलह के लिए बुलाया था थाने में

# नोकझोक के बाद युवती ने महिला थाना में खाया जहर

- पूजा को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है

**संवाददाता । धनबाद**

धनबाद के महिला थाने में एक युवती ने जहर खा लिया. घटना के बाद थाने में अफरा-तफरी मच गई. थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने बताया कि पति-पत्नी में विवाद चल रहा था, जिसे सुलझाने के लिए पति रॉकी गुप्ता समेत उसकी पत्नी को मंगलवार को थाना बुलाया गया था. रॉकी गुप्ता के साथ उसकी बहन पूजा गुप्ता भी आई थी. जबकि रॉकी की पत्नी अपने पिता के साथ आई थी.

थाना पहुंचते ही दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई. धक्का-मुक्की में थाने के ओडी चैंबर का शीशा टूट गया. इस दौरान पूजा गुप्ता का मोबाइल थाने में गिर गया. थोड़ी देर बाद जब वह मोबाइल लेने आई, तो थाना प्रभारी ने कहा कि ओडी का शीशा टूटा है. इसे कौन बनाएगा. यह सुन पूजा ने थाने में ही जहर खा लिया. इधर, महिला थाना प्रभारी ने बताया कि रॉकी ने दो सितंबर को मंदिर में लव मैरेज शादी किया था. इस बीच जहर खाने से बीमार पूजा को आनन-फानन में एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया. जहां उसका इलाज चल रहा है. इस दौरान पीड़ित युवती पूजा की मां ने महिला थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है.

मां का आरोप है कि महिला थाना प्रभारी उन लोगों से लगातार पैसे ऐंठ रही है. महिला थाना पहुंचने के बाद थाना प्रभारी ने उसकी बेटी को गालियां देते हुए मर जाने की बात कही, जिससे गुस्से में आकर उसने आत्महत्या करने की कोशिश की. बेटी को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है.



अस्पताल में इलाजरत युवती पूजा गुप्ता.

#### शादी कराने वाला अगवा हिरासत में, पूछताछ जारी

**धनबाद** । धनबाद थाना के बैंकमोड़ पुलिस ने छाइगदा इलाके में एक युवक और युवती के बीच सड़क पर विवाद होने की खबर पाकर वहां से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. पुलिस को सूचना मिली कि यहां पैसे लेकर शादी-विवाह कराया गया था. इसी में विवाद होने के बाद बात पुलिस तक पहुंच गई. पुलिस के पहुंचने से पहले ही लड़का-लड़की वहां से निकल गए थे, जबकि शादी में अगवा का रोल निभाने वाला पकड़ा गया है. पुलिस उससे पूछताछ कर पूरे मामले की सच्चाई जानने की कोशिश में जुटी है. विवाह में शामिल लड़का-लड़की दोनों को थाने में बुलाया जा रहा है. दोनों से पूछताछ के बाद ही कोई अग्रतर कार्रवाई होगी.

## एसीबी ने फरार संवेदक दिलीप को रांची से पकड़ा

### 3 सड़क योजनाओं में की थी लाखों की गड़बड़ी

**संवाददाता । पलामू**

गत छह वर्ष से फरार चल रहे छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के संवेदक दिलीप कुमार उर्फ दिलीप राम को पलामू एसीबी की टीम ने रांची से गिरफ्तार किया है. संवेदक को गिरफ्तार करने के बाद उसे मेदिनीनगर लाया गया. यहां से उसे न्याय हिरासत में भेज दिया जाएगा. संवेदक दिलीप पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार का मूल निवासी. ऐसे मेदिनीनगर के रेलवे कॉलोनी में रहता है. संवेदक पर तीन सड़क योजनाओं में लाखों रुपए गड़बड़ी का आरोप है. इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के कार्यालय में प्राथमिक की दर्ज की गई थी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के पुलिस अधीक्षक ने बुधवार की शाम जानकारी दी है कि छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के दिलीप कुमार उर्फ दिलीप राम एवं अन्य के विरुद्ध सड़क के निर्माण कार्यों में अनियमितता बरतने, लागत राशि से अधिक भुगतान संवेदक को करने, सरकारी राशि का गबन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था. प्राथमिकी अभियुक्त दिलीप गिरफ्तारी के डर से भागा फिर रहा था. उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट, इश्तेहार, कुर्की निर्गत था. अनुसंधान के क्रम में जानकारी मिली कि आरोपी दिलीप रांची में है.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शत्रु मानसिक रूप से परेशान करेंगे. समय स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है. रोग और शत्रु से परेशान हो सकते हैं. कुसंगति से बचें. चोट व रोग से बचें. विवाद न करें. पर आय के लिए दिन अच्छा है. धन का आगमन होगा.

**वृषभ** शिक्षा से लाभ होने की संभावना. नुकसान की भरपाई आपको ही करनी होगी. शिक्षा में सुधार होगा. बकाया वसूली होगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. विवाद न करें. नेत्र पीड़ा की संभावना. कार्य सम्पन्न होगा जिसका कुछ लाभ भी होगा.

**मिथुन** भाई बहन से किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है. जलज रोग से घर में परेशानी होगी. माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे. विरोधी सक्रिय होंगे. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**कर्क** कार्य करने के लिए अच्छा मौका है. पूरी ताक़त से कार्य करें. कोई नया कार्य होगा. लाभ का वातावरण बनेगा. पराक्रम बढ़ेगा. विजय मिलेगी, गर्व न करें. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**सिंह** समय अनुकूल है. आपके द्वारा किये गए कार्य मे सुधार दिख रहा है. समय अनुकूल है. बस मेहनत और लगन चाहिए. थोड़ा खर्च बढ़ेगा. पर धनागम के अवसर बनेंगे. अकारण भय बना रहेगा. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** परिवार में किसी से विवाद हो इससे पहले अपना मुंह बन्द करना ही उचित है. यदि यात्रा बहुत जरूरी नहीं है तो टालना ही उचित है. हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा. कुछ लाभ के आसार दिखेंगे. अन्न दान करें.

**तुला** मंजिल सामने है, पर आलस और काम टालने के चलते नुकसान होगा. संपत्ति के कार्य लाभ देंगे. थकान महसूस होगी. प्रसन्नता रहेगी. कष्टों में वृद्धि के योग हैं. पर कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी.

**वृश्चिक** आय के लिए प्रयास सफल होगा. माता की सलाह नहीं भूले. रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे. स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा. रोग घेरेंगे. चिंताएं बढ़ेंगी. शत्रु शांत होंगे.

**धनु** दौड़-धूप अधिक होगी. विवाद न करें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. धनलाभ के अवसर होंगे. अकारण भय व्याप्त होगा. शत्रु शांत होंगे. आप अपने कार्य से मतलब रखें. जब कार्य पूर्ण हों तब ही उसका बखान करना चाहिए.

**मकर** किसी अपरिचित से कोई विवाद हो सकता है. मातृपक्ष से परेशानी होगी. दुर्घटना की संभावना. धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी. अंतरप्रेरणा से कार्य करें. धनागम के अवसर बढ़ेंगे. प्रमाद का त्याग करना होगा.

**कुंभ** जीवनसाथी से किसी बात को लेकर बहस हो सकती है. लाभ-हानि बराबर रहेंगे. प्रमाद बढ़ेगा. भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. उत्साह-वर्धक सूचना मिलेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. आपके प्रभाव से शत्रु शांत होंगे.

**मीन** ऋण लेने से बचें. शत्रु हानि कर सकता है. इससे पहले ही सतर्क रहें. नम्रता बनाए रखें. यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे. अप्रत्याशित लाभ होगा. प्रसन्नता रहेगी. प्रमाद न करें. शुभ समाचार की आशा बंधेगी.

## कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन 11 को



**सिमडेगा।** सिमडेगा के प्रिंस चौक पर बनी कांग्रेस कमेटी के नये कार्यालय का उद्घाटन 11 दिसंबर को होगा. इस कार्यक्रम में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता और मंत्री बादल पत्रलेख शामिल होंगे. इसके अलावा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो और गीता कोड़ा सहित सिमडेगा एवं कोलेबिरा के विधायक मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे. इस दिन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में क्रिसमस मिलन समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा. साथ ही सिमडेगा परिसदन में खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के पदाधिकारियों की भी बैठक होगी.

## कमलेश पंत का डीसी ने किया स्वागत



**सिमडेगा ।** एनपीपीए के चेयरमैन कमलेश कुमार पंत सिमडेगा पहुंचे. उनका उपायुक्त अजय कुमार संह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. मौके पर मौके पर नजारत उपसमाहर्ता-सह-समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, नियोजन-सह-जिला जन-संपर्क पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, एडीएफ असीम सिन्हा मौजूद थे. एनपीपीएम के चेयरमैन कमलेश कुमार पंत ने जिले में चल रहे योजना की जानकारी ली और कई दिशा-निर्देश दिये.

### मिचौंग तूफान का असर : 8 दिसंबर तक छाये रहेंगे आंशिक बादल, 9-10 दिसंबर को आसमान रहेगा साफ

# झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, आज कई स्थानों पर बारिश के आसार

संवाददाता ।रांची

मिचौंग तूफान का असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को राज्य के सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई, जिससे खेतों में तैयार फसलों को नुकसान हुआ. वहीं राज्य में अगले दो दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है. इसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है. वहीं गुरुवार को भी राज्य के कई स्थानों में हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी. जबकि 8 दिसंबर को आंशिक बादल छाए रहेंगे. रांची का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जबकि जमशेदपुर का 19.2 और डालटेनगंज का 18.8 डिग्री दर्ज किया गया है. वहीं रामगढ़ में सबसे ज्यादा 18.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि चतरा में 13.5 और बोकारो में 10.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई.



- राज्य में विभिन्न जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की हुई बारिश, खेतों में लगी फसलों को नुकसान
- अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी प्रकार के बड़े बदलाव की संभावना नहीं
- 8 दिसंबर के बाद झारखंड में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में हो सकती है गिरावट

### जिलों का तापमान और कहां-कितनी हुई बारिश

| जिला | अधिकतम तापमान | वर्षा (एमएम) | जिला | अधिकतम तापमान | वर्षा (एमएम) |
|---|---|---|---|---|---|
| बोकारो | 17.6 | 10.5 | किरीबुरू | 17.6 | 4.5 |
| चतरा | 19.2 | 13.5 | लातेहार | 18.1 | 0 |
| देवघर | 22.3 | 3.5 | लोहरदगा | 18.6 | 9 |
| गढ़वा | 20.1 | 4.5 | पाकुड़ | 24.9 | 2 |
| गिरिडीह | 19.4 | 10.5 | पलामू | 20 | 8 |
| गोड्डा | 25.3 | 0.5 | रामगढ़ | 18.5 | 18.5 |
| हजारीबाग | 17.9 | 0.5 | रांची | 17.7 | 2.5 |
| जामताड़ा | 22 | 3.5 | साहेबगंज | 25.7 | 0 |
| धनबाद | 21 | 5 | सिमडेगा | 19.9 | 3.5 |
| खूंटी | 19.9 | 0.5 | पश्चिमी सिंहभूम | 21.8 | 3 |

### राजपूत करणी सेना के प्रमुख की हत्या को लेकर देश भर में उबाल

# राजधानी में आक्रोश मार्च





राजपूत करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में राजधानी रांची में निकाले गये आक्रोश मार्च में शामिल क्षत्रिय समाज प्रतिनिधि.

संवाददाता।रांची

राजपूत करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या उनके घर में घुस कर अपराधियों के द्वारा कर दी गई. इस हत्या के विरोध में और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर देश भर में उबाल है. इसको लेकर राजधानी रांची में बुधवार को आक्रोश मार्च निकाला गया और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की गई.

हत्या के विरोध में सभी क्षत्रियों ने एक स्वर में कहा कि यह एक जघन्य अपराध है. ऐसे अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी देनी चाहिए. ऐसे अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को तुरंत फांसी पर लटकाना चाहिए. ऐसे लोग जबतक जिंदा रहेंगे, हत्याएं होती रहेंगी. इस तरह के लोग समाज के लिए खतरा हैं. ऐसे अपराधियों पर कड़ी सी कड़ी सजा का प्रावधान लाना चाहिए, ताकि इन्हें तुरंत फांसी की सजा हो. लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ऐसे अपराधियों पर त्वरित सुनवाई करते हुए इन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए.

उल्लेखनीय है कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी काफी लंबे समय से सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन से गुहार लगा रहे थे कि उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाये, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनकी हत्या कर दी गई. अब सरकार का दायित्व बनता है कि कम से कम इस विपदा की घड़ी में सरकार उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराये और अन्य किन्हीं के साथ ऐसा न हो इसका ख्याल रखा जाये. साथ ही इस मामले की जांच सीबीआई से भी कराने की मांग झारखंड के क्षत्रिय संगठनों ने की है. आक्रोश रैली के क्रम में सभी क्षत्रियों ने मिलकर शपथ भी ली की सभी एक दूसरे की विपदा हमेशा साथ खड़े नजर आएंगे.

**आक्रोश मार्च में ये हुए शामिल :** नन्द किशोर सिंह चंदेल,वीनू सिंह, प्रतुल सहदेव,भानु प्रताप सहदेव ,संजीत सिंह,श्याम सिंह, विपिन सिंह, रवि सिंह, नीतू सिंह, विनय सिंह, मुकेश सिंह, काली प्रसाद सिंह, ललन सिंह, शिवजी सिंह, रणधीर सिंह, डीके सिंह,बी एन सिंह, राकेश सिंह, बैजनाथ सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, अजीत सिंह, बालाजी सिंह, बबन सिंह राठौर, धर्मेंद्र सिंह, अविचल सिंह, निखिल राणा, बलराम सिंह, सुरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, अनूप सिंह, शिवम सिंह, विजय सिंह, सतीश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, मधुवेंद्र सिंह, गणेश सावाल, संजीत सिंह, अमर सिंह राजकुमार सिंह, दीपक सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, शिवराज सिंह, अंकित सहदेव, विक्रांत राणा, आर्यन राजपूत, पंकज सिंह, सुरेश सिंह, कमलाकांत सिंह, संतोष सिंह, सुधाकर सिंह, अमन सिंह, रवि सिंह, कौशल सिंह, सुमन सिंह आदि.

### आओ जानें

## झारखंड के जैविक उद्यान

- झारखंड में कई जैविक उद्यान हैं, वन्य जीव-जंतुओं एवं पशु-पक्षियों को संरक्षण प्रदान करते हैं. उनमें प्रमुख जैविक उद्यान इस प्रकार हैं
- **बिरसा भगवान जैविक उद्यान यह जैविक उद्यान ओरमाँझी प्रखण्ड के अन्तर्गत चकला गाँव के समीप स्थित है. इसकी स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी. यह सपही नदी के तट पर अवस्थित है. यहाँ विभिन्न प्रजातियों के जीव-जन्तु, पशु-पक्षियों को प्राकृतिक अवस्था में रखा गया है.**
- मगर प्रजनन केन्द्र यह प्रजनन केन्द्र राज्य के रांची जिले के रूक्का में स्थित है. इसकी स्थापना आईयूसीएन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1987 में की गई थी. इस प्रजनन केन्द्र के अतिरिक्त



बिरला जैविक उद्यान के समीप मूटा में भी मगर प्रजनन केन्द्र स्थापित किया गया है.

- **बिरसा मृग विहार यह मृग बिहार राज्य के रांची जिले के काला माटी में स्थित है. इसकी स्थापना राज्य में साम्भर व चीतल के संरक्षण हेतु की गई थी.**
- जवाहर लाल नेहरू जैविक उद्यान यह राज्य के बोकारो जिले में बोकारो स्टील सिटी में स्थित है. इसे सिटी पार्क के नाम से भी जाना जाता है.

## दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे जदयू प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी

संवाददाता ।रांची

झारखंड में खोई सियासी जमीन की तलाश की कवायद में जदयू जुट गई है. इसी कड़ी में झारखंड प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे हैं. इस दौरान एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि एक वक्त यहां पर पार्टी के आठ विधायक और मंत्री हुआ करते थे. राज्य में संगठन को मजबूत करने का काम निरंतर जारी है. जल्द ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का झारखंड में द्वारा भी होने वाला है. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जदयू नेता डॉ आफ़ताब जमिल, श्रवण कुमार,



पत्रकारों से बात करते डॉ. अशोक चौधरी

भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, अखिलेश राय, बैद्यनाथ पासवान, तेतरा महतो, महेश्वर चौधरी, रामजी प्रसाद, प्रवीण झा एवं अन्य ने उनका स्वागत किया.

## हेमंत सोरेन में आदिवासियों के लिए कोई संवेदना नहीं : बाबूलाल



पाकुड़िया में निकली आदिवासी अधिकार रैली में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी

संवाददाता ।पाकुड़

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिर्फ आदिवासी होने का दंभ भरते हैं, लेकिन उनमें आदिवासियों के लिए कोई संवेदना नहीं है. उनके मन में आदिवासी समाज के लिए न कोई सोच है, न सम्मान और न ही संवेदना. मुख्यमंत्री को अपने क्षेत्र में मलेरिया से हुई मौत की चिंता नहीं. वे पीड़ितों से मिलना भी जरूरी नहीं समझते. उन्हें बच्चों के भविष्य की भी चिंता नहीं है. रघुवर सरकार में संथाल में स्वीकृत आवासीय विद्यालय पिछले 4 साल से उद्घाटन की बाट जोह रहा है. अगर हेमंत सरकार चाहती तो इन स्कूलों में भी शिक्षक होते और बच्चे पढ़ते. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासी समाज को उनका हक और अधिकार दिलाएगी. जिनकी जमीन होगी वही खदान का मालिक होगा. बाबूलाल मरांडी ने लिट्टीपाड़ा के पाकुड़िया भाजपा एसटी मोर्चा की ओर से आयोजित आदिवासी अधिकार रैली में यह बातें कही.

बाबूलाल मरांडी ने भारी बारिश के बीच दूसरे आदिवासी अधिकार बाइक रैली का नेतृत्व किया. मंगलवार को उन्होंने कुमारभजा गांव के आवासीय विद्यालय में रात्रि विश्राम किया और ग्रामीणों की समस्या से प्रत्यक्ष रूबरू हुए. बुधवार को उन्होंने कुमारभाजा, लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक सैकड़ों आदिवासी युवाओं के साथ रैली निकाली.

## झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी ने मनायी अपनी पहली वर्षगांठ



नये पाठ्यक्रम की नयी पुस्तकों का लोकार्पण करते डॉ. बालागुरुस्वामी व अन्य.

संवाददाता।रांची

झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी ने बुधवार को अपनी पहली वर्षगांठ मनायी. कार्यक्रम का आयोजन बीएयू के सभागार में हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार डॉ. बालागुरुस्वामी शामिल रहे. झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. टीएन साहू ने इन डिप्लोमा कोर्सेस में पढ़ाई जाने वाली दो पुस्तकों फर्स्ट एड स्पेशलिस्ट डिप्लोमा कोर्स और जनस्वास्थ्य रक्षक के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से फर्स्ट एड काउंसिल ऑफ इंडिया (एफएसीआई) नई दिल्ली के सहयोग से चलाए जा रहे कोर्सेस के बारे में भी जानकारी दी गई.

समारोह में उपस्थित एफएसीआई के अध्यक्ष डॉ शबाब आलम ने बताया कि जून 2023 में एफसीआई और झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी की बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गया, जिसमें दो कोर्स शुरू किए गए हैं. कार्यक्रम में राज्यपाल के विश्वविद्यालय ओएसडी राजीव राय, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. धनश्याम सिंह, तमिलनाडु के कुलपति अरुमुगम, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत सिन्हा, डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ. तपन शांडिल्य, व अन्य लोग शामिल रहे. कुलपति डॉ. टीएन साहु ने कहा कि ओपन कोर्स रेगुलर कोर्स के बराबर है.

## लातेहार में मना डॉ. भीमराव आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

संवाददाता ।लातेहार

शहर के चंदनडीह में अवस्थित विवेकानंद पार्क में बसपा के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया. मौके पर डा अंबकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. जिला प्रभारी मुनेश्वर राम के कहा कि छह दिसंबर 1956 को बाबा साहेब भीमदाव अंबेडर का निधन हुआ था. इस दिवस को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है. उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने जीवन में बहुत संघर्ष किया. देश उनका हमेशा



ऋणी रहेगा. मौके पर नंदलाल सिंह, संतन राम, दीपिका कुमारी, रवि उरांव, आशीष उरांव व ऋषभ राज आदि मौजूद थे.

### सुरक्षा पूरे प्रदेश में चालू किया गया है इमरजेंसी रेस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम, महिलाओं के लिए विशेष उपयोगी

# एसपी ने डायल 112 लांच किया, जारी किया पोस्टर

संवाददाता।लातेहार

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बुधवार को राज्य में आपातकालीन स्थिति में आम जनों की समस्याओं में पुलिस सहायता प्रदान करने हेतु डायल-112 का लांच किया. उन्होंने इसका पोस्टर भी जारी किया. एसपी ने अपने मोबाइल में डायल-112 का एप्प डाउनलोड करने की अपील की. पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में एसपी ने बताया कि डायल-112 एक इमरजेंसी रेसपांस सपोर्ट सिस्टम (इआरएसएस) है. इसे पूरे प्रदेश में चालू किया गया है. इस सेवा में पुलिस से संबंधित सेवा डायल-100, अग्निशमन से संबंधित सेवा डायल- 101 और एंबुलेंस से संबंधित सेवा डायल- 108 संयुक्त से



इमरजेंसी रेसपॉन्स सपोर्ट सिस्टम के अंतर्गत डायल 112 का पोस्टर जारी करते एसपी एवं अन्य पुलिस अधिकारी

निहित है. उन्होने बताया कि इआरएसएस सेवा का हेल्प डेस्क रांची में गठित किया गया है. यह जिला स्तरीय गठित डीसीसी से सीधा संपर्क स्थापित रहता है. इआरएसएस से प्राप्त सूचनाओं को संबंधित डीसीसी में जिला स्तर पर स्थानांतरित किया जाता है. जिला स्तरीय डीसीसी समस्याओं को पा कर उनसे जुड़ पुलिस थाना, पीसीआर या हाइवे पेट्रोल वाहन को अवगत कराते हैं. डीसीसी मामले के निष्पादन की जानकारी इआरएएस हेल्प डेस्क को देती है.शक्ति एप्प पर महिलायें अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिलाएं अपनी शिकायत शक्ति एप्प पर दर्ज करा सकती हैं. उन्होंने बताया कि महिला उत्पीड़न रोकने के लिए इस एप्प को लाया गया है. उन्होंने बताया कि इस एप्प को डाउनलोड करने के बाद मोबाइल में सिर्फ एक ही ऑप्शन आता है. उस ऑप्शन को टच करते ही उनकी शिकायत दर्ज हो जाती है. कई बार महिलायें कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं होती हैं, ऐसे में सिर्फ ऑप्शन टच करते ही उनकी शिकायत दर्ज हो जाती है. उन्होने बताया कि एप्प डाउन लोड करते समय ही सारी जानकारी ले ली जाती है, इस कारण ऑप्शन टच करते ही उक्त महिला का नाम व पता आसानी से पता लग जाता है. उन्होने कहा कि यह महिलाओ के लिए काफी कारगर है.

# 8.84 करोड़ से झारखंड के तीन थाने होंगे हाइटेक



संवाददाता।रांची

8.84 करोड़ की लागत से झारखंड के तीन थानों को हाइटेक बनाया जाएगा. झारखंड सरकार के गृह विभाग की ओर से पाकुड़ जिले के हिरणपुर, महिला थाना और साहिबगंज जिले के बोरियो थाना में दो मंजिला नया भवन का निर्माण कराया जाएगा. इन थानों का पुराना भवन जर्जर हो गया है. झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन नए भवन का निर्माण कराएगा.

### जानें कितने की लागत से होगा इन थानों का निर्माण

- **पाकुड़ का हिरणपुर थाना : 3.02 करोड़**
- पाकुड का महिला थाना : 2.82 करोड़
- **साहेबगंज का बोरियो थाना : 03 करोड़**
- तीनों थानों में होंगे ये काम :
- **बिल्डिंग वर्क**
- वाटर सप्लाई और सैनिटरी वर्क
- **सेप्टिक टैंक और सोक पिट**
- डीप बोरिंग
- **अप्रोच रोड**
- फेंसिंग
- **बिजली का काम**
- रेन वाटर हार्वेस्टिंग

## ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा में शामिल होंगे पलामू इप्टा के रंगकर्मी

**मेदिनीनगर।** झूठ, नफरत व हिंसा के विरुद्ध ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा 8 दिसंबर को विभूतिभूषण बंधोपाध्याय की जन्मभूमि घाटशिला से प्रारंभ होगी.इस यात्रा का संचालन झारखंड में 12 दिसंबर तक किया जाएगा. 12 दिसंबर को यह यात्रा जमशेदपुर पहुंचेगी. यात्रा में कबीर के संदेश के साथ सिदो-कान्हू , फूलो-झानो, बाबा तिलका मांझी, बिरसा मुंडा तथा लोक परंपरा से संबंधित प्रेम के मूल्य पर संवाद स्थापित किया जाएगा. इप्टा जिलाध्यक्ष रविशंकर ने बताया कि ढाई आखर प्रेम की शुरुआत 28 सितंबर को राजस्थान के अलवर से प्रारंभ की गई थी. यात्रा का समापन 30 जनवरी को होगा. यात्रा में पलामू से शैलेंद्र कुमार,उपेंद्र कुमार मिश्रा,आकाश कुमार,संजीव कुमार संजू, सुमित कुमार, अनुभव मिश्रा, शशि पांडे, प्रेम प्रकाश, प्रलेस अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव शामिल रहेंगे.

# कंपकपाती ठंड में कंबल से गरीबों को राहत



- आबादी के हिसाब से कम पड़ रहे हैं कंबल
- बांटने वालों को झेलनी पड़ रही है लोगों की नाराजगी
- ठंड का मौसम शुरू, सरकारी स्तर पर जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण शुरू

सर्दी का मौसम शुरू हो गया है. कुछ दिन में इसका तीखापन और बढ़ेगा. इस समय आसमान में बादलों के छाए रहने से थोड़ी राहत जरुर है, लेकिन जैसे ही बादल छटेंगे कंपकपी शुरू हो जाएगी. सरकारी स्तर पर भी इसकी तैयारी कर ली गई है. आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगों के बीच कंबल बंटने की पहल शुरू हो गई है. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को चिह्नित कर गांवों के मुखिया के माध्यम से कंबल बांटे जा रहे हैं. पर उनकी शिकायत है कि जरुरत से कम कंबल हमें बांटने के लिए दिए जा रहे हैं. जिससे लोगों की नाराजगी झेलने पड़ रही है. साथ ही कंबल की क्वालिटी अच्छी नहीं है. इसलिए ठंढ़ से निजात मिल पाएगी या नहीं कहना मुश्किल है. जिन लोगों को कंबल मिले हैं उनका कहना है कि सरकार सिर्फ खानापूर्ति कर रही है. इस सर्दी के मौसम में पतले कंबल से रात काटना मुश्किल होगा. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों व प्रखंडों से इस संबंध में जानकारी हासिल की है. पेश है रिपोर्ट...

## आदित्यपुर

### आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम में गरीबों को मिल रहे हैं कंबल, 8000 कंबल बांटने का लक्ष्य : अपर आयुक्त



#### एक हजार कंबल बांटे जा चुके हैं : सुबोध कुमार



ठंड बढ़ने लगी है. जिसे देखते हुए जरूरतमंदों को आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम में चिह्नित कर कंबल बांटे जा रहे हैं. गरीबों को ठंड से बचाने के लिए प्रशासन हर साल कंबलों का वितरण करता है, लेकिन इस बार उन्हें इसी कार्यक्रम के तहत कंबल दे दिये जा रहे हैं. उक्त जानकारी नगर निगम के प्रभारी अपर नगर आयुक्त सुबोध कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि अबतक के शिविरों में 1000 कंबल जरूरतमंदों में बांटे जा चुके हैं. जिसे मंत्री चम्पई सोरेन और स्थानीय वार्ड पार्षदों के माध्यम से सूची बद्ध किया गया है और उन्हीं के हाथों बंटवाया भी गया है. अपर नगर आयुक्त ने बताया है कि नगर निगम के 35 वार्डों में तत्काल 8000 जरूरतमंदों को कंबल देने का लक्ष्य निर्धारित है.

## चक्रधरपुर



### शिविर में बांटे जा रहे जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल

**बढ़ती ठंड को लेकर चक्रधरपुर प्रखंड की शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है. आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के पंचायतों में व शहरी क्षेत्र के वार्डों में लगाये जा रहे शिविर में क्षेत्र के जरुरतमंद लोगों को चिह्नित कर कंबल दिए जा रहे हैं.**

#### जरुरतमंदों के लिए कुल 1925 कंबल मिले हैं : अभिषेक राहुल

इस संबंध में चक्रधरपुर नगर परिषद् के सिटी मैनेजर अभिषेक राहुल ने कहा कि नगर परिषद् क्षेत्र के जरुरतमंद लोगों के लिए कुल 1925 कंबल मिले हैं, जो वार्डों में लगाये जा रहे शिविर के दौरान वार्ड के जरुरतमंदों को प्रदान किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि अब तक आठ वार्डों में लगे शिविर के दौरान कुल 560 कंबल जरुरतमंद लोगों को दिये जा चुके हैं. प्रत्येक वार्ड में 50 से 60 कंबल बांटे गये हैं.

#### पंचायत स्तर पर ही कंबल बांटे जा रहे हैं : सीमा कुमारी

चक्रधरपुर प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि पंचायत स्तर पर ही कंबल बांटे जा रहे हैं. चक्रधरपुर प्रखंड को लगभग चार हजार कंबल प्राप्त हुये थे. इसमें प्रत्येक पंचायत में 160 कंबल बांटने के लिए दिये गये हैं.पंचायत स्तर पर ही जरुरतमंदों को ही चिह्नित कर कंबल दिये जा रहे हैं.कई पंचायतों में लगे शिविर के दौरान स्थानीय विधायक सुखराम उरांव कंबल प्रदान किया गया है.

## किरीबुरू

### कंबल कम मिलने से मुखियाओं में नाराजगी

नोवामुण्डी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के वृद्धों व जरुरतमंदों को ठंड से बचाने हेतु प्रशासन द्वारा प्रत्येक पंचायत को कम्बल उपलब्ध करा दिया गया है. मुखियाओं द्वारा कंबल का वितरण भी प्रारम्भ हो गया है. लेकिन कम कम्बल आने से मुखियाओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है.

#### आपात स्थिति के लिए कुछ कंबल रखते हैं: अनुज बंदो



इस मामले में नोवामुण्डी के बीडियो अनुज बंदो से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि पंचायतों की आबादी व वहां की स्थिति को देखकर पंचायतों को 100 से 250 कम्बल भेज दिए गए हैं. कुछ कम्बल हम लोग प्रखंड कार्यालय में रिजर्व भी रखते हैं ताकि आपात स्थिति में जरुरतमंदों को दिया जा सके. अगर पंचायतों में जरूरतमंदों को कम्बल कम पड़ेगा तो जिला को पत्र लिखकर और कम्बल मंगाया जायेगा. पिछले बार की तुलना में इस बार कम कम्बल कुछ जगह भेजा गया है. जितना लक्ष्य निर्धारित किया गया था उसी अनुपात अनुसार कम्बल को विभिन्न पंचायतों में भेजा गया है.

#### दो बंडल कम कंबल मिले हैं : पार्वती



किरीबुरु पश्चिम पंचायत की मुखिया पार्वती किडो.ने बताया कि इस बार समय से कम्बल प्रखंड प्रशासन उपलब्ध कराई है. इस बार दो बंडल कम्बल मिले हैं. प्रत्येक बंडल में 40 या 50 है पता नहीं. उन्होंने कहा कि पहले 170 कम्बल मिलते थे. बांटने पर भी तमाम जरूरतमंदों को पूरा नहीं हो पाता था. इस बार कम कम्बल मिलने से किसे दें, किसे नहीं दें, यह बडी.समस्या होगी. जिसे कम्बल नहीं मिलेगा उसकी नारजगी झेलनी पड़ेगी.

#### 50 कंबल कम मिले हैं : लिपि मुंडा



मेघाहातुबुरु उत्तरी पंचायत की मुखिया लिपि मुंडा ने बताया कि हमें इस बार 250 कम्बल देने की बात कर 200 कम्बल दिए गए. प्रत्येक बंडल में 40 कम्बल अनुसार 5 बंडल कम्बल मिले हैं. काफी कम्बल जरुरतमंदों को दे दिया गया है. कुछ बचे हैं उसे भी बांटा जा रहा है. उन्होंने कहा कि हमारा पंचायत सारंडा के सुदूरवर्ती व पिछडा.गांव से संबंधित है. प्रायः लोग गरीब हैं. सभी को कम्बल की जरुरत है. लेकिन इतने कम कम्बल से हमें ही लोगों की नाराजगी झलनी पडेगी.

## हुसैनाबाद

### बहुत से जरुरतमंदों को नहीं मिले कंबल : अजित सिंह



प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में ठंड से निजात दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंदों के बीच प्रखंड प्रशासन के द्वारा पंचायत जनप्रतिनिधियों से कंबल का वितरण कराया जाता है. इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा पहले ही पंचायत जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कंबल का वितरण कराया जा चुका है. कहा गया कि इक्का दुक्का पंचायत जनप्रतिनिधि छोड़कर सभी पंचायतों में कंबल का वितरण किया जा चुका है. हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत बाइस पंचायत के मुखिया को प्रति पंचायत 70 कंबल दिए गए हैं. कहा गया कि प्रखंड मुख्यालय से 2500 कंबल जन प्रतिनिधियों को दिए गए हैं. पर इनमें ज्यादातर जरुरत मंदों को कंबल नहीं मिल पाए हैं. बताया गया कि सरकार की ओर से पिछले साल की तरह ही कंबल का आवंटन किया गया है. कंबल वितरण के संबंध में देवरी कला ग्राम पंचायत समिति सदस्य दो के अजित सिंह ने कहा कि ठंड के इस मौसम में विकलांग, विधवा एवं जरुरत मंदों को कंबल नहीं मिल पाए हैं. जो बहुत गंभीर मामला है.

## जमशेदपुर

### 70 हजार कंबल खरीदे गए हैं : नेहा संजना खालखो



पूर्वी सिंहभूम जिले के सामाजिक सुरक्षा की सहायक निदेशक नेहा संजना खालखो के अनुसार जिले के लिए लगभग 70 हजार कंबल खरीदे गए हैं. जिसे जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी बांटा जा रहा है. शुरुआत ग्रामीण क्षेत्रों से की जा रही है, वह सभी जरुतमंदों के बीच कंबल दिए जा रहे हैं. इसके अलावा ठंड से बचने के लिए अन्य उपाय भी किए जा रहे हैं.

#### कंबल काफी नहीं, अलाव भी जल रहे हैं : संतोष



बोड़ाम के पहाड़पुर पंचायत के कोयरा ग्राम प्रधान संतोष सरदार कहते हैं कि उनके गांव में कुछ दिन पहले ही कंबल का वितरण कर दिया गया है. गांव के हर परिवार को कंबल बांटा गया है. उन्होंने बताया कि ठंड से बचने के लिए कंबल काफी नहीं पड़ता. पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण लोग ठंड से बचने के लिए अलाव भी जला रहे है. बोड़ाम प्रखंड में कुल 3100 कंबल का वितरण किया जाना है.

#### कंबल वितरण की शुरूआत हो चुकी है : नितिन कालिंदी



पंसस नितिन कालिंदी बताते है कि उनके क्षेत्र में कंबल वितरण की शुरुआत हो चुकी है. हालांकि अभी ठंड उतनी नहीं गिरी है. पिछले साल दिसंबर में काफी ठंड थी. प्रशासन की ओर से द्वारा कंबल वितरण से ठंड में ग्रामीणों को काफी राहत मिलती है.उनके क्षेत्र में एक हजार से ज्यादा कंबलों का वितरण किया जाना है जो जल्द ही पूरा हो जाएगा. इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं.

## चांडिल



### आबादी के अनुसार पंचायतों को मिल रहे हैं कंबल

सर्दी के मौसम में सरकार की ओर से जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए हर साल कंबल का वितरण किया जाता है. इस वर्ष सर्दी का मौसम शुरू होने से पहले ही जिलास्तर पर कंबल की खरीदारी कर प्रखंड कार्यालयों को भेजा जा चुका है. चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के ईचागढ़ प्रखंड को जिला प्रशासन से 2600 कंबल मिले हैं.जिसे प्रखंड कार्यालय से पंचायतों को सरकार की ओर से भेजे गए कंबल सौंप दिए गए हैं. पंचायतों को आबादी के अनुसार कंबल दिए गए हैं. कंबलों का वितरण वृद्ध, जरूरतमंद व गरीबों के बीच किया जाना है. पंचायत स्तरीय शिविरों में भी जरूरतमंदों के बीचकंबल का वितरण किया जा रहा है.

#### शिविर के दौरान शुरू होगा वितरण : विपिन सिंह मुंडा



ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड पंचायत के मुखिया विपिन सिंह मुंडा ने बताया कि प्रखंड कार्यालय से उन्हें पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच वितरण करने के लिए 160 कंबल मिले हैं. पंचायत मुख्यालय में छह दिसंबर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर के दौरान कंबल वितरण का शुभारंभ किया जाएगा.

#### कंबल के लिए जरूरतमंदों का हो रहा चयन : ठाकुर दास माझी



ईचागढ़ प्रखंड के बांदू पंचायत के मुखिया ठाकुर दास माझी ने कहा कि कंबल का वितरण करने के लिए जरूरतमंदों का चयन किया जा रहा है. पंचायत में आठ दिसंबर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर में ही हर गांव से पांच-पांच चयनित लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा. इसके बाद पंचायत सचिवालय से चयनित लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा.

#### कपाली के हर वार्ड में बांटे जाएंगे सौ कंबल : कार्यपालक पदाधिकारी



कपाली नगर परिषद क्षेत्र में भी ठंड से बचने के लिए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा. जिला प्रशासन से कपाली नगर परिषद को 2100 कंबल मिले हैं. कपाली नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि कपाली के हर वार्ड में जरूरतमंदों के बीच सौ कंबल का वितरण किया जाना है, इसके लिए सभी वार्डों को कंबल की आपूर्ति कर दी गई है. आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में चयनित लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया भी जा रहा है. इसके अलावा वार्ड सदस्य अपने-अपने क्षेत्र के चयनित लाभुकों के बीच कंबल का वितरण करेंगे. इसके लिए वार्ड सतर परसभी तैयारी पूरी की जा चुकी है.

## बेरमो

### अभी तो 6100 कंबल मुहैया कराया गया है : बीडीओ



गोमिया प्रखंड के बीडीओ महादेव महतो ने बताया कि ठंड का मौसम शुरू हो गया है. जो धीरे धीरे और बढ़ रहा है. झारखंड सरकार इस बार ठंड से पहले ही तैयारी कर ली है. प्रखंड को करीब 6100 कंबल मुहैया कराया गया है.इसे बंटने का काम भी शुरू कर दिया गया है. अगले कुछ दिनों में बहुत से लोगों को कंबल मिल जाएंगे.

#### कंबल इतने कम कि वितरण करना मुश्किल: बुधनी देवी



महुआटांड़ पंचायत की मुखिया बुधनी देवी ने कहा कि सरकार जितना कंबल मुहैया कराया है वह कम है. उसका पंचायत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में है. यहां अधिक गरीब लोग रहते हैं. मात्र डेढ़ सौ कंबल मिले हैं. इतने कम कंबल में सभी जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण कम पड़ जायेगा. इसलिए कंबल उन्हें और चाहिए, ताकि सभी गरीबों को कंबल दिया जा सके.

#### कंबल उतने अच्छे नहीं, सिर्फ खानापूर्ति : महादेव महतो



गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी पंचायत के मुखिया महादेव महतो ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ही कंबल का वितरण कर दिया गया है. ग्रामीण क्षेत्र है. जंगल का इलाका है. जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर दिया गया है, लेकिन सबसे दुखद बात यह है कि कंबल की क्वालिटी अच्छी नहीं है. देखा जाए तो इसे सिर्फ खानापूर्ति कही जा सकती है.

# झारखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ा, सुरक्षा की तैयारी में प्रशासन

## रांची

### नगर निगम ने ली जरुरतमंदों की सुध, गरीबों को बांटे कंबल



रांची में ठंड धीरे धीरे बढ़ने लगी है. बादलों के छाए रहने के कारण अभी थोड़ी रहत जरुर है, पर जैसे जैसे बदल छटेंगे ठंड बढ़ेगी. इस बीच राजधानी में भी जरुरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण शुरू हो गया है. ठंड को देखते हुए नगर निगम की ओर कंबल बांटने का काम शुरू हो गया है. रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने मंगलवार की रात शहर में घूमकर विभिन्न चौक-चौराहे का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने सड़क पर सोये लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिए. साथी ही लोगों को खुले में सोने से मना किया और आश्रयगृह जाने की बात कही. प्रशासक ने बकरी बजार और कर्बला चौक जाकर आश्रयगृह का भी जायजा लिया. उन्होंने एजी मोड़, हनुमान चौक समेत कई अन्य स्थानों पर जाकर जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया और लोगों को ठंड से बचने की बात कही. इसके साथ ही उन्होंने अटल वेंडर मार्केट का भी दौरा किया. मौके पर नगर प्रशासक अमित कुमार के साथ अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन सहित अन्य कर्मी मौजूद थे. रांची नगर निगम की ओर से मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तहत दो वार्ड में शिविर में शिविर लगाए गए थे. वार्ड संख्या 17 और 18 में निगम की ओर से आयोजित शिविर में आमलोगों की ओर से समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे. जिसमें 67 आवेदन आए थे. निगम की ओर से दिए जाने वाली सुविधा से संबंधित सभी आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया. इस मौके पर दोनों वार्ड क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद परिवार के 206 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. अगले कुछ दिनों में और लोगों को चिह्नित कर कंबलों का वितरण किया जाएगा. कुछ समाजसेवी संगठन भी जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण की तैयारी कर रहे हैं.



### ग्रामीण इलाकों में ठंड का असर ज्यादा

**रांची। झारखंड में ठंढ़ का प्रकोप बढ़ गया है. शाम ढलने के बाद ठंड अपना असर दिखाना शुरू कर देती है. हालांकि इधर कुछ दिनों से राज्य के आसमान में बादलों के छाए रहने से थोड़ी राहत है. पर जानकारों का कहना है कि जैसे ही बादल छंटेंगे ठंड और बढ़ेगी. इन दिनों ग्रामीण इलाकों में ठंड का असर कुछ ज्यादा ही है. लोग किसी तरह अलाव के सहारे रात काट रहे हैं. उनका कहना है कि अभी पूरा दिसंबर और जनवरी बाकी है. अगर सरकारी स्तर पर अलाव की व्यवस्था हो जाती , तो बहुत राहत मिलती. राजधानी रांची सहित हजारीबाग, देवघर, दुमका, पलामू, गोड्डा में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. ठंड के कारण शाम ढलते ही सड़कों पर वीरानी पसरने लगी है.**

## लातेहार



### कंबलों का वितरण प्रारंभ है

डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप ने बताया कि जिले मे कंबलों का वितरण पिछले 24 नवंबर से ही प्रारंभ है. जिले में आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम मे कंबलों का वितरण किया जा रहा है. इसके अलावे विभिन्न पंचायतों के मुखिया को कंबल वितरित करने के लिए अलग से दिया गया है. उन्होंने बताया कि जिले में 24,431 कंबलों का क्रय किया गया है. वहीं लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 15 वार्ड हैं. इन वार्डों में बांटने के लिए नगर पंचायत को पहले फेज में जिला से 906 कंबल आवंटित किये गये हैं. नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने बताया कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में कंबल का वितरण शुरू कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि हर वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया जायेगा. हालांकि जिले में कंबलों का वितरण शुरू कर दिया गया है, लेकिन ग्रामीण कंबलों की गुणवत्ता लेकर शिकायत कर रहे हैं. सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा रांची के एपी इंटरप्राइजेज के द्वारा जिले में कंबलों का क्रय किया गया है. 292.25 रुपये की दर पर प्रति कंबलों का दर तय है. ग्रामीणों का कहना है कि कंबलों की क्वालिटि सही नहीं है. कंबलों को धोते ही वजन में हल्का हो जा रहा है. एजेंसी को दिये गये वर्क आर्डर के अनुसार कंबलों का वजन दो किलोग्राम व न्यूनतम लंबाई व चौड़ाई 90 गुणा 60 इंच होना चाहिए.

## बोकारो



#### कसमार प्रखंड में 2700 लोगों को मिलेगा कंबल : बीडीओ



बोकारो जिले से कसमार प्रखंड के गरीब गुरबों को इस साल कड़ाके की ठंड शुरू होने से पहले ही सरकार की ओर से नि:शुल्क कंबल मिलेगा. इस बाबत कसमार बीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि कसमार प्रखंड में इस साल 2700 कंबल जिला प्रशासन की ओर प्राप्त हुए हैं, जो स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कसमार प्रखंड के सभी 15 पंचायतों व वार्ड में गरीबों को चिह्नित कर वितरण किया जाएगा. उन्होंने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से कंबल वितरण की शुरुआत भी हो चुकी है. उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए मुखिया, पंसस, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, बीस सूत्री कमेटी अध्यक्ष, विधायक व सांसद समेत अन्य प्रतिनिधियों के माध्यम से कंबल वितरण किया जाएगा. इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रखंड कार्यालय की ओर से कंबल उपलब्ध करवाया जा रहा है.

#### कंबल वितरण में पंचायत समिति सदस्यों की अनदेखी : रवि कुमार



कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत के पंसस रवि कुमार ने बताया कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन की ओर से ज्यादा संख्या में कंबल उपलब्ध कराना चाहिए था. लेकिन कसमार प्रखंड में सिर्फ 2700 कंबल मिले हैं. इससे काफी गरीब कंबल से वंचित रह जाएंगे. हर पंचायत में मुखिया को 70 एवं पंसस को सिर्फ 30 कंबल मिले हैं. इसमें समझ में नहीं आ रहा है कि वितरण कैसे करें. इस पर ध्यान देना चाहिए था.

#### आबादी के हिसाब से काफी कम कंबल मिले हैं: हारू रजवार



कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत के मुखिया हारू रजवार ने बताया कि इस साल भले ही समय पर कंबल का वितरण हो जाएगा, लेकिन आबादी के अनुसार हर पंचायत को कम से कम 500 कंबल मिलना चाहिए. अभी हर पंचायत में मुखिया व पंसस को 100 कंबल दिए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि पिछले साल जिन्हें कंबल नहीं मिल पाया है, उनकी सूची बनाई गई है, ताकि वंचित लोग तक कंबल पहुंच सके.

## घाटशिला



### 15 दिन पहले शुरू किया गया कंबल वितरण का काम

**अचानक मौसम में बदलाव आने से क्षेत्र में ठंड काफी बढ़ गई है. घाटशिला प्रखंड कार्यालय की तरफ से सभी पंचायत प्रतिनिधियों को जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण के लिए दिया गया है. जानकारी के अनुसार घाटशिला प्रखंड में लगभग 5000 कंबल की आपूर्ति की गई है. किसी पंचायत में डेढ़ सौ तो किसी पंचायत में 200 कंबल मुखिया को दिया गया है. जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य को नहीं के बराबर मिला है.**

#### 15 वार्ड में मिले 170 कंबलः पार्वती मुर्मू



पावड़ा पंचायत की मुखिया पार्वती मुर्मू से कंबल वितरण के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पावड़ा पंचायत में 15 वार्ड है जबकि एक वार्ड में काम से कम 25 से 30 कंबल की आवश्यकता है. प्रखंड कार्यालय की ओर से उन्हें 170 कंबल मिला था. इसी हिसाब से अपने वार्ड के लाभुकों के बीच वितरण किया जा रहा है. किसी किसी वार्ड में तो वितरण के दौरान स्थिति काफी खराब हो जाती है. सरकार से और कंबल की मांग की गई है.

#### कम कंबल मिले, इसलिए हो रही परेशानी : बनाव मुर्मू



कंबल वितरण को लेकर धरमबहाल पंचायत के मुखिया बनाव मुर्मू ने बताया कि सरकार की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने का निर्देश है. परंतु जिस अनुपात से कंबल उपलब्ध हुआ है वैसे में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पूर पंचायत के वार्ड सदस्यों द्वारा जरूरतमंदों की सूची के अनुपात में कंबल उपलब्ध नहीं होने के कारण स्थिति काफी खराब हो रही है. ठंड के समय सभी जरूरतमंदों को कंबल नहीं मिलने से जरूरतमंदों के अंदर भेदभाव की भावना जागृत हो रही है.

#### सात पंचायत के जिला परिषद सदस्य को मिले 20 कंबल : देवयानी



जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण को लेकर घाटशिला के जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उन्हें सात पंचायत के लिए मात्र 20 कंबल मिला है जो की काफी कम है. उन्होंने अपने स्तर से डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया है.

## जामताड़ा

### ठंड की दस्तक, जितने कंबल खरीदे गए, उतने बंट नहीं रहे



बादल और बुंदाबांदी बारिश के साथ ही ठंड ने दस्तक दे दी है. सुबह और शाम के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है. लिहाजा अब ठंड का सामना करने के लिए गर्म कपड़ों की जरुरत पड़ने लगी है. फिलहाल ठंड के मद्देनजर गरीबों के बीच वितरण के लिए जिलेभर में 26 हजार 895 कंबल की खरिदारी की गई है. जहां प्रति कंबल 287 रुपये के दर पर कंबल की खरीद हुई है. वहीं लगभग 77 लाख 19 हजार कंबल खरीद के लिए आवंटन मिला है. जिसके तहत जामताड़ा प्रखंड-4480, नारायणपुर प्रखंड-5550, करमाटांड़ प्रखंड-3900, नाला-4550, कुंडहित-2880, फतेहपुर-3030, नगर परिषद मिहिजाम-1370 एवं नगर पंचायत जामताड़ा को 990 कंबल उपलब्ध कराया गया है. इधर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगने वाले शिविर के माध्यम से लगभग 04 हजार कंबल का वितरण किया गया है.

## गिरिडीह

### भेजे गए 70 हजार कंबल बांटने का काम भी शुरू



गिरिडीह जिले में ठंड की दस्तक के साथ ही कंबल का वितरण शुरू हो गया है . वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इस कार्यक्रम के दौरान भी जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है. जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी कौशिक अप्पू ने बताया कि इस वर्ष जिले में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण के लिए 70 हजार कंबल भेजे गए हैं. जिले के सभी पंचायतों को 187 कंबल उपलब्ध करा दिए गए हैं. गिरिडीह जिले में कुल 343 पंचायत हैं . मुखिया को 125 कंबल दिए गए हैं. शेष कंबल पंचायत समिति सदस्य और प्रमुख को दिए गए हैं. कंबल वितरण कार्य शुरू हो गया है . दिसंबर महीने के अंत तक सभी कंबलों का वितरण करने का निर्देश दिया गया है . इस संबंध में बेंगाबाद की बीडीओ निशा कुमारी ने बताया कि सभी पंचायतों को कंबल का आवंटन भेज दिया गया है. जिसका वितरण पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किया जा रहा है .

## धनबाद

### कंबल वितरण को लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं

**जन प्रतिनिधियों ने कहा- कंबल वितरण को लेकर नहीं मिली है कोई सूचना**

कोयलांचल में ठंड शुरू हो चुका है, लेकिन कंबल खरीद और वितरण को लेकर अभी तक जिले में कोई सुगबुगाहट नहीं है. धनबाद के प्रभारी अंचलाधिकारी से जब इस विषय में पूछा गया तो उन्होंने सवाल सुनने के बाद कहा अभी रांची में हूं, धनबाद आने के बाद ही इस विषय पर कुछ कह सकता हूं. मानो कंबल खरीद और उसके वितरण को लेकर उनके पास कोई जवाब ही नहीं है. वहीं इस विषय में समाज कल्याण पदाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाना ही जरूरी नहीं समझा. यानी हर साल की भांति इस साल भी धनबाद में ठंड खत्म होने के बाद ही निर्धन लोगों को कंबल का लाभ मिलेगा.

#### कंबल वितरण को लेकर सूचना नहीं : जय कुमार



वार्ड 38 के पूर्व पार्षद जय कुमार ने कहा कि पहले हर साल कंबल वितरण को लेकर हमलोग के पास लेटर भेजा जाता था. लेकिन पिछले दो साल से कोई सूचना नहीं मिल रही है. इस बार भी अंचल कार्यालय से कोई सूचना अभी तक नहीं मिली है. इसलिए हम नहीं बता सकते हैं. हमारे वार्ड में कब कंबल वितरण होगा या नहीं होगा इसकी जानकारी नहीं है.

#### फिलहाल समाज सेवा से दूरी बना ली है : अंकेश राज



वार्ड 29 के पूर्व पार्षद अंकेश राज ने कहा पिछले चार साल से नगर निगम का चुनाव नहीं हुआ है. अब अधिकारी भी पूर्व पार्षद को तरजीह नहीं दी रहे हैं. पहले तो सूचना भी देते थे, लेकिन अब कोई सूचना हमलोग को नहीं मिलती है. काफी चिरौरी करने पर 100, 50 कंबल मिलते हैं, गरीबों में बांटने के लिए. यह काम अब हमलोग नहीं कर रहे हैं. आर्थिक तंगी के कारण फिलहाल समाज सेवा से दूरी बना ली है.

#### अभी तक सरकारी स्तर पर कोई सूचना नहीं है : प्रियरंजन



वार्ड 25 के पूर्व पार्षद प्रियरंजन ने कहा धनबाद में चार साल से तो पार्षद का चुनाव हुआ नहीं है. हमलोग अभी पार्षद है भी नहीं. लेकिन जिला प्रशासन को हमलोग समय समय पर अभी भी सहयोग करने का काम करते आ रहे है. पर इस बार सरकारी कंबल वितरण को लेकर हमलोग के पास कोई सूचना नहीं आई है. जब आयेगी तो सहयोग भी किया जायेगा.

## बहरागोड़ा

### जरुरतमंदों के बीच इस साल भी कंबलों का वितरण



बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में ठंड का तीखापन बढ़ने लगा है. जरूरतमंदों के बीच प्रशासन की ओर से इस बार भी कंबलों का वितरण शुरू कर दिया गया है. यह कार्य कपंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है.साथ ही इसी कार्यक्रम के तहत अन्य पंचायत में भी कंबल वितरण किया जाएगा. वहीं कंबल वितरण के लिए जरूरतमंद लोगों की सूची वार्ड मेंबर से प्राप्त किया जा रहा है. हर जरूरतमंद को आधार कार्ड के मुताबिक कंबल दिए जा रहे हैं. जनसंख्या के मुताबिक प्रत्येक पंचायत में प्रशासन द्वारा कंबल उपलब्ध कराया गया है.

## हजारीबाग

### हर पंचायत में जरुरतमंदों के बीच हो रहा है कंबलों की वितरण



हजारीबाग जिला प्रशासन इस वर्ष आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के दौरान कंबल वितरण का काम कर रहा है. लगभग हर पंचायत में प्रत्येक दिन कंबल का वितरण किया जा रहा है ताकि ठंड में गरीबों को राहत दिया जा सके. इसी क्रम में मंगलवार को भी 100 से अधिक कंबलों का वितरण कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किया गया. शिविर में पहुंचे गरीब लोगों को मुखिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी के सामने कंबल वितरण किया गया.

## चौपारण

### ठंड का तीखापन बढ़ा, लोगों के बीच कंबलों का वितरण शुरू



चौपारण प्रखंड के ताजपुर पंचायत भवन में उप मुखिया मांजर देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत ने 101 ज़रुरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया. अभिमन्यु भगत और मांजर देवी ने बताया कि ठंड को देखते हुए ताजपुर पंचायत के हरेक गरीब, असहाय और ज़रुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि मैं सभी के सुख दुख में साथ रहती हूं. इसी कड़ी में बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया है. कंबल गरीब, असहाय, वृद्ध महिला एवं पुरुष के बीच वितरण किया गया है. कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी. आगे भी जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा. इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत, उप-मुखिया मांजर देवी, जितेंद्र राणा, वार्ड सदस्य चंपा देवी और विनोद भुइंया सहित कई लोग उपस्थित थे.

# नये संदर्भ को समझें

भारतीय राजनीति का पूरा संदर्भ, प्रक्रिया और प्रवृत्ति पिछले दस सालों में पूरी तरह बदल चुकी है. इस बदलाव को आंकने में विपक्ष कितना कामयाब हुआ है, इसे विभिन्न राज्यों में पिछले पांच सालों में हुए चुनावों से समझा-परखा जा सकता है. दरअसल लोकतंत्र एक ऐसी प्रक्रिया और शैली है, जो बदलावों को आत्मसात करती रहती है और उन्हीं के अनुरूप अपने को बदलती भी है. पिछले तीस सालों में आर्थिक, तकनीक और विचारों की दुनिया में भारी बदलाव हुए हैं. भारतीय राजनीतिक दलों के समक्ष यह सबसे बड़ी चुनौती है कि वह इन प्रवृत्तियों के बीच मतदाताओं के समक्ष किस तरह का वैकल्पिक अवधारणा- आख्यान पेश करे, जिसमें लुभावनापन भी हो और उनकी समस्याओं के निदान का कार्यक्रम भी. इस नजरिए से देखा जाए तो पिछले दस सालों में भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कुछ ऐसे नए प्रयोग किए हैं, जिसमें लोगों की कथित आहत भावनाओं को स्वर मिला है. यह एक नए भारत का विचार है, जो पहले से चले आ रहे आइडिया ऑफ इंडिया के निषेध पर खडा है. यह एक ऐसी वैचारिक पृष्ठभूमि का सृजन भी करता है, जिसमें बुनियादी आर्थिक सरोकारों पर सांप्रदायिकता का लेप चढ़ा हुआ है. इसमें कार्पोरेट समूहों के एक समूह का वर्चस्व इतना नियंत्रणकारी हो जाता है, जो प्रचार तंत्र को पूरी तरह न केवल नियंत्रित करता है, बल्कि उसी के इर्दगिर्द अपने हितों के अनुकूल राजनीतिक दलों का पक्षपोषण भी करता है.

> भारतीय राजनीतिक दलों के समक्ष यह सबसे बड़ी चुनौती है कि वह इन प्रवृत्तियों के बीच मतदाताओं के समक्ष किस तरह का वैकल्पिक अवधारणा- आख्यान पेश करे, जिसमें लुभावनापन भी हो और उनकी समस्याओं के निदान का कार्यक्रम भी.

हालांकि कहा जा सकता है कि यह प्रवृत्ति अभी पूरी तरह जीत नहीं पा सकी है. इसका उदाहरण विभिन्न राज्यों में अब भी विपक्षी दलों को समय समय पर मिलने वाली चुनावी कामयाबियां भी हैं. लेकिन केंद्र के स्तर पर और हिंदी भाषी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का बढ़ता जनाधार बताता है कि कार्पोरेट राजनीति एक नए दौर में जा चुकी है. ऐसे हालात में विपक्षी दल केवल प्रचलित धारणाओं और शैलियों के आधार पर ही भाजपा को चुनौती हिंदी भाषी इलाके में देने में समर्थ नहीं हैं. यही वह संदर्भ केंद्र है, जिसे समझ कर नयी रणनीति के साथ ही एक नए आइडिया ऑफ इंडिया के समावेशी विचार को विकसित करने और आम लोगों में लोकप्रिय बनाने की जरूरत है. इंडिया गठबंधन की अब तक की नाकामी इस वैचारिका का विकास नहीं करना है. गठबंधन में शामिल हर दल के सामने न केवल उनके अपने अस्तित्व को बचाने की चुनौती है, बल्कि लोकतंत्र में मतदाताओं के बीच एक नए उभार और विचार को प्रसारित करने का भी दायित्व है. इंडिया गठबंधन के निर्माण से ले कर अब तक उनकी गतिविधियों से केवल यही संदेश गया है कि वह नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों के विरोध में तो हैं, लेकिन भाजपा की कार्यशैली को वे अपने बिखराव को रोके बगैर किस तरह चुनौती दे सकेंगे, यह सवाल अपनी जगह मौजूद है. विपक्षी दलों को अपनी एकजुटता को वैचारिक आधार देने की जरूरत है.

## सुभाषित

**अङ्गणवेदी वसुधा कुल्या जलधिः स्थली च पातालम्।**
**वाल्मिकः च सुमेरूः कृतप्रतिज्ञाम्पस्य धीरस्य।।**

अपनी प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहने वाले धीर व्यक्ति के लिए यह वसुधा (पृथ्वी) एक बगिया के समान होता है , समुद्र एक नहर के समान होता है (जब चाहे तैर कर पार कर लो), पाताल लोक एक मनोरंजन स्थल के समान होता है और सुमेरु पर्वत एक चींटी के घर के समान होता है. अतः मनुष्य को दृढ़प्रतिज्ञ एवं धीर-गम्भीर होना चाहिए.

# विपक्ष के पास नहीं है जीत का एजेंडा

**मुमकिन है कि इन क्षेत्रों में भी कभी-कभार कुछ स्थानीय समीकरणों और कारणों से भाजपा हार जाती हो. इसके बावजूद तथ्य यही है कि उस हाल में भी उसके अपने ठोस समर्थन आधार में ज्यादा सेंध नहीं लगती. यहां तक कि दक्षिण राज्य कर्नाटक में पिछले विधानसभा चुनाव में भी अन्य समीकरणों के कारण भले भाजपा हार गई, लेकिन अपने वोट आधार (36 प्रतिशत) की रक्षा करने में वह वहां भी सफल रही थी.**



• देश-काल



सत्येंद्र रंजन

चार राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नतीजे ऊपरी तौर पर यह बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के समर्थन आधार में विस्तार का सिलसिला अभी रुका नहीं है. तेलंगाना में एक हैरतअंगेज उलटफेर में कांग्रेस ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हरा दिया, लेकिन उसका भाजपा की सियासत के लिए कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं होगा. असलियत तो यह है कि वहां भी भाजपा के समर्थन आधार में विस्तार ही हुआ है. तो प्रश्न है कि आखिर यह परिघटना क्यों बेरोक आगे बढ़ रही है? क्या इसे विपक्ष की कुछ बुनियादी नाकामियों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए? इन नाकामियों में सर्व-प्रमुख तो संभवतः यही है कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भाजपा ने देश की राजनीति का संदर्भ बिंदु जिस मूलभूत रूप में बदल दिया है, विपक्ष ने संभवतः अभी तक उसके समझने की शुरुआत भी नहीं की है. वह अभी तक अपनी रणनीतियां इंकबैंसी-एंटी इंकबैंसी और जातीय-सामाजिक समीकरणों के पुराने संदर्भ बिंदुओं पर ही बना रहा है. मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के ताजा चुनाव नतीजों के बाद यह महत्त्वपूर्ण सवाल फिर प्रासंगिक हो गया है कि भाजपा आखिर लगातार जीत क्यों रही है? इस प्रश्न पर चर्चा से पहले यह तथ्य ध्यान में रखना चाहिए कि आज भी भाजपा का मुख्य गढ़ हिंदी भाषी प्रदेश और देश के पश्चिमी राज्य ही हैं. इसलिए उसकी ताकत पर चर्चा के संदर्भ में यहां के सियासी रुझान ही सबसे अहम हैं. मुमकिन है कि इन क्षेत्रों में भी कभी-कभार कुछ स्थानीय समीकरणों और कारणों से भाजपा हार जाती हो. इसके बावजूद तथ्य यही है कि उस हाल में भी उसके अपने ठोस समर्थन आधार में ज्यादा सेंध नहीं लगती. यहां तक कि दक्षिण राज्य कर्नाटक में पिछले विधानसभा चुनाव में भी अन्य समीकरणों के कारण भले भाजपा हार गई, लेकिन अपने वोट आधार (36 प्रतिशत) की रक्षा करने में वह वहां भी सफल रही थी. तो विपक्ष मोटे तौर पर कहीं भी भाजपा के समर्थन आधार में विस्तार को क्यों नहीं रोक पा रहा है? इसकी एक वजह यह बताई जा सकती है कि भाजपा के पास आज अकूत संसाधन हैं. वह देश के कॉर्पोरेट सेक्टर का प्रमुख सियासी औजार बनी हुई है, जिससे उसे असीमित पैसा और प्रचार तंत्र उपलब्ध हो जाता है. इसके अलावा संवैधानिक एवं वैधानिक संस्थाओं पर उसका पूरा नियंत्रण बन चुका है, जिसका लाभ भी उसे मिलता है. इस रूप में विपक्ष को चुनावी मुकाबले का समान धरातल नहीं मिलता. शुरू से ही यह धरातल भाजपा की तरफ झुका होता है. लेकिन यह आज का एक सच है और विपक्षी पार्टियां इसे स्वीकार करते हुए ही चुनाव मैदान में उतरती हैं. इस तथ्य से वे वाकिफ हैं कि अब भारत में चुनाव भले स्वतंत्र होते हों, लेकिन ये निष्पक्ष नहीं होते. मगर उन्हें इस बात से भी वाकिफ होना चाहिए भाजपा अगर आज सिस्टम को अपने अनुकूल ढाल सकी है तो पहले उसने ऐसा कर सकने की अपनी स्थिति बनाई. असल सवाल यह है कि आखिर उसकी वह स्थिति कैसे बनी?

अगर अंग्रेजी के दो शब्दों से इस सूरत का चित्रण करना चाहें, तो इस रूप में यह सवाल इस तरह पूछा जाएगा कि भारतीय राजनीति में भाजपा वह निर्णायक मोड़ लाने में कैसे सफल हुई, जिससे वह चुनाव जीतने योग्य मतदाताओं और संस्थाओं का ठोस समर्थन तैयार कर पाई? विपक्ष और गैर-भाजपा समूह अगर इस सवाल का सही उत्तर नहीं ढूंढ़ पाते हैं तो निकट भविष्य में भाजपा को किसी चुनाव में हराना अगर असंभव नहीं, बेहद मुश्किल जरूर बना रहेगा. चूंकि 2014 के बाद भारतीय राजनीति के संदर्भ बिंदु में आए © को समझने में विपक्ष नाकाम है, इसलिए उसके पास भाजपा की कोई काट आज मौजूद नहीं है. उस हाल में वह कुछ सियासी टोना-टोटकों से भाजपा को हरा देने की जुगत से ज्यादा आगे नहीं सोच पाता. जबकि उसने इस इंफ्लेक्शन पॉइंट और इसके परिणामस्वरूप बने भाजपा के क्रिटिकल मास को समझने का प्रयास किया होता तो देख पाता कि कॉरपोरेट और संस्थागत समर्थन भाजपा की ताकत का प्रमुख तत्व जरूर है, लेकिन सिर्फ इतने भर से भाजपा की चुनावी जीत तय नहीं होती. अगर इस बौद्धिक प्रयास में विपक्ष जुटता तो वह देख पाता कि भाजपा अपनी हिंदुत्व की विचाराधारा को भारत में प्रमुख राजनीतिक विचार के रूप में स्थापित करने में सफल हो गई है. इस आधार पर वह अपने पक्ष में मतदाताओं की इतनी ठोस गोलबंदी कर चुकी है कि चुनावों में उसे परास्त करना बेहद कठिन हो गया है. इस गोलबंदी का एक कारण संभवतः यह भी है कि राष्ट्रवाद को हिंदुत्व के नजरिए से परिभाषित करने में भाजपा काफी हद तक सफल हो चुकी है. इससे बहुत बड़ी संख्या में लोगों के मन-मस्तिष्क में हिंदुत्व की पैठ बन गई है.

अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी यह कहते हैं कि सेक्रेटरी स्तर पर आज ओबीसी के सिर्फ तीन अधिकारी हैं तो यह प्रश्न उनसे भी तो पूछा जाएगा कि इसके लिए कांग्रेस की कितनी जिम्मेदारी बनती है? या बिहार की जातीय जनगणना से जिन जातियों की कमजोर स्थिति सामने आई है, क्या वे यह नहीं पूछेंगी कि बिहार में 33 वर्ष से किसका राज है? उसके बाद का प्रश्न यह है कि जो पिछड़ापन सामने आया है, उसे दूर करने का क्या कार्यक्रम संबंधित दलों के पास है? क्या इसके लिए इन दलों के पास कोई विशिष्ट विकास नीति है? मसला सिर्फ इतना नहीं है. दरअसल, भाजपा अगर आज देश के एक बड़े हिस्से में अपराजेय मालूम पड़ती है तो उसका एक प्रमुख कारण सोशल इंजीनियरिंग की उसकी नीति भी है. जातीय प्रतिनिधित्व की आकांक्षाओं को उसने अपनी हिंदुत्ववादी राजनीति के बड़े तंबू के अंदर समेट लिया है. इस तरह वह 1990 के दशक में उभरी मंडलवादी राजनीति की काट तैयार कर ली है.

• बोधि-वृक्ष | सत्यकेतु संजय



## श्रेय और प्रेय

मन करि विषय अनल वन जरई. होहिं सुखी जो यह सर परई. मन रूपी हाथी, विषयों की अग्नि के जंगल में प्रवेश करके जल रहा है, छटपटा रहा है. यदि यह मन रूपी हाथी भगवान की कथा के सरोवर में आ जाए तो सुखी हो जाए. देखो दो ही मार्ग हैं, प्रेय और श्रेय. प्रेय बंधन में डाल कर, दुःख में डुबो देता है. श्रेय बंधन काट कर, भगवान से मिला देता है. पर प्रेय का चिंतन तो प्रकृति वश अपने आप ही होता है और श्रेय के चिंतन के लिए प्रयास करना पड़ता है. क्या? उसके लिए ध्यान से भगवान की कथा सुननी पड़ती है. क्योंकि भगवान को जानना आंखों से देख कर नहीं होता, कानों से सुन कर होता है. भगवान सामने ही खड़े हों, तुम कितने ही ध्यान से देखो, भगवान को पहचानना संभव नहीं. हां, पहले से ध्यान से सुना हुआ हो तब बात अलग है. सती जी आंखों से देखने पर भी नहीं पहचान पाईं, क्योंकि कानों से सुनते समय ध्यान से नहीं सुना था. पार्वती जी ने ध्यान से सुना तो जान गईं. शबरी ने ध्यान देकर गुरु जी से राम कथा सुनी तो पहचान गईं. तुलसीदास जी भी आंखों से नहीं पहचान पाए, हनुमान जी से सुना तब जाना. आज कथा खूब सुनाई भी जा रही है, सुनी भी जा रही है. पर परिणाम वही, ढाक के तीन पात. विचार करें! अधिकारी श्रोता में, ध्यान से सुनने वाले साधक में, संत मुख से निकली कथा पानी पर पड़े तेल जैसी तुरंत छा जाती है. जबकि अनधिकारी के लिए, जो कथा में बैठता तो है पर ध्यान से नहीं सुनता, कथा राख में डाली गई घी की आहुति के समान व्यर्थ चली जाती है. अधिकारी श्रोता तो किन्हीं पुण्यात्मा संत से, एक बार ही कथा सुन कर चल पड़ते हैं और पा जाते हैं. उन्हें तो राह मिली कि मंजिल मिली. यद्यपि इस जगत के मेले में अनेक हैं. जो अभी माया में भटक रहे हैं, फिर भी कुछ हैं, जो भगवान के साक्षात्कारी हैं. उन्हें खोज लो. उन्हें पहचान लो. उनके चरणों में बैठ कर, बड़े ध्यान से कथा सुनो. जैसे यदि तुम किसी ऐसे को पकड़ लो, जिसे बिजली ने पकड़ा हो, तो बिजली तुम्हें भी पकड़ लेती है. ऐसे ही तुम भगवान के सन्मुख होना चाहते हो तो उनके सम्मुख हो जाओ जो पहले से ही भगवान के सन्मुख हैं और देर मत करना. सोचते ही मत पड़े रहना. बाकी काम बाद में,

# टारगेट किलिंग अमेरिका का एकाधिकार नहीं

• देशांतर

पुष्परंजन

अमेरिका में टारगेट किलिंग पर रोक 1976 में लगा दी गई थी. उससे पहले अमेरिका के निशाने पर जो व्यक्ति होता, उसे दुनिया के किसी कोने में मार गिराने को क़ानूनन सही ठहराया जाता. 9/11 के बाद जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने अमेरिकी कांग्रेस में प्रस्ताव रखवाया, जिसकी बिनाह पर सुरक्षाबलों को उन्हें मारने का अधिकार मिल गया, जो अमेरिका के विरुद्ध आतंकी गतिविधियों में शामिल पाये जाते थे. 18 सितंबर, 2001 को बने इस क़ानून को ऑथराइजेशन फॉर द यूज़ ऑफ मिलिटरी फोर्स (एयूएमएफ) नाम दिया गया. दुनिया के किसी भी हिस्से से अमेरिका के विरुद्ध साजिश का ज़रा भी शक़ होता, ऐसे लोगों को उठाने और मरवाने का लाइसेंस बुश प्रशासन को मिल चुका था. बाद में बराक, ट्रंप और अब बाइडेन के समय 'एयूएमएफ' का इस्तेमाल रुका नहीं. यह लक्षित हत्याएं थीं. ऐसी टारगेट किलिंग का सबसे बड़ा उदाहरण नेवी सील के उस छापे से समझा जा सकता है, जिसमें ओसामा बिन लादेन मारा गया था. व्हाइट हाउस का तर्क था कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 में आत्मरक्षा के लिए बल प्रयोग के उपयोग का अधिकार केवल अमेरिका के पास है. हम अलकायदा, तालिबान या आइसिस सरगनाओं की टारगेट किलिंग इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि अमेरिका के विरुद्ध ये लोग साजिश करते दिखते हैं. फरवरी, 2013 में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लीक किए गए एक श्वेतपत्र में टारगेट किलिंग के लिए कानूनी ढांचे का विस्तृत विवरण दिया गया था. यों कहिए कि लंबे समय तक अमेरिकी प्रशासन ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया था कि व्हाइट हाउस कितने लोगों को आत्मरक्षा का अधिकार के नाम पर मरवा चुका है. यूएन में संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत रह चुके फिलिप अल्स्टन, आत्मरक्षा के अमेरिकी दावों की निंदा करते हुए कहते हैं कि यदि अन्य देश ऐसा करते हैं, तो अमेरिका के न्याय विभाग को आपत्ति होती है. लेकिन अमेरिका ने 'कहीं भी, कभी भी लोगों को मार डालो' का अधिकार प्राप्त कर लिया है. यह अराजक स्थिति है. कोलंबिया लॉ स्कूल के स्कॉलर मैथ्यू सी. वैक्समैन ने भी बयान दिया कि बिन लादेन को मारने के लिए अमेरिकी सील कमांडो को भेजना किसी देश की संप्रभुता का उल्लंघन ही था. अमेरिकी सरकार अपने अधिकारों की रक्षा अपने भूभाग पर करे तो बात समझ में आती है. मगर, सहमति के बिना विदेशी धरती पर अपने बल का उपयोग करना कहां का इंसाफ है? न्यू अमेरिका फाउंडेशन द्वारा किए गए एक

> फरवरी, 2013 में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लीक किए गए एक श्वेतपत्र में टारगेट किलिंग के लिए कानूनी ढांचे का विस्तृत विवरण दिया गया था. यों कहिए कि लंबे समय तक अमेरिकी प्रशासन ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया था कि व्हाइट हाउस कितने लोगों को आत्मरक्षा का अधिकार के नाम पर मरवा चुका है.

अध्ययन में बताया गया है कि अपने कार्यकाल के पहले दो वर्षों में, तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति बुश की तुलना में चार गुना अधिक टारगेट किलिंग को अधिकृत किया था. रिपोर्ट में दावा किया गया कि 2009 के बाद से लगभग 291 हमले किए गए हैं, जिनमें जनवरी, 2013 तक 2,264 कथित आतंकवादी ड्रोन के ज़रिये अथवा अन्य टारगेट किलिंग में मारे गए.सीआईए और डीओडी (डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस) टारगेट किलिंग जैसे ऑपरेशन पाकिस्तान-अफ़ग़ान सीमा के अलावा यमन, इराक़, सीरिया और लीबिया में भी चलाते रहे. पेंटागन 'किल एंड कैप्चर' कार्यक्रम में कितना आगे रहा है, उसके दस्तावेज़ों को सही से खंगालने पर स्पष्ट हो जाता है. 2009 में 'किल एंड कैप्चर' कार्यक्रम की भेंट 675 लोग चढ़ गये, यह संख्या 2011 में बढ़कर 2200 पर पहुंच चुकी थी. इंटरनेशनल सिक्योरिटी असिस्टेंट फोर्स (आईएसएएफ) के कमांडर जनरल जार्ज अलेन कहते हैं कि जैसे-जैसे परंपरागत फोर्स की संख्या कम होगी, टेक्नोलॉजी की मदद से टारगेट किलिंग में इज़ाफे की संभावना बढ़ेगी.1977 में पारित जेनेवा कन्वेंशन के तहत टारगेट किलिंग को युद्ध अपराध की श्रेणी में लाया गया था. मगर, इसे मानता कौन है? रूस, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, तुर्की, सउदी अरब, चीन जैसे दुनिया के चुनींदा देशों से कोई पूछे कि आतंकवाद उन्मूलन के नाम पर कितने लोगों की हत्याएं कराने के ऑर्डर उनकी सरकारों ने दिये हैं. आपको अनगिनत उदाहरण मिलेंगे. इजराइली प्रधानमंत्री अरियल शेरोन ने एक समय जार्ज बुश को लिखित आश्वासन दिया था कि यासिर अराफात की हत्या नहीं करवायेंगे. अराफात का मरना भी रहस्य था. बाद के वर्षों में हमास के कई नेता टारगेट कीलिंग के शिकार होते रहे. आतंकवाद के सफाये के नाम पर जो कुछ ग़लत-सही होता रहा, संयुक्त राष्ट्र महासभा तक में चुप्पी साध ली जाती.

# नशे की गिरफ्त से युवा को बचाना जरूरी

• सामयिकी

रामबाबू अग्रवाल

नशा एक अभिशाप है. यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है. नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू व धूमपान, चरस, स्मैक, ब्राउन शूगर जैसे घातक मादक दवाओं व पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है. इन पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक हानि पहुंचने के साथ सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है. साथ ही स्वयं व परिवार की सामाजिक स्थिति को भी नुकसान पहुंचता है. वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है. नशा अब एक अंतरराष्ट्रीय विकराल समस्या बन गई है. बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग व विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं. पहले नशा छुप-छुप कर किया जाता था, लेकिन आजकल समाज में यह स्टेटस सिंबल बन गया है, जो अत्यंत घातक है. इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पाने में ही मानव समाज की भलाई है. 29 वर्ष की औसत आयु के साथ भारत विश्व का सबसे युवा आबादी वाला देश बन गया है. एक ओर जहां विश्व की सबसे युवा आबादी वाला देश होना हमारे लिए गर्व की बात है तो वहीं दूसरी ओर अधिसंख्यक युवा आबादी के एक बड़े तबके का नशे की फितूर में डूब जाना चिंता का विषय है. व्यापक स्तर पर युवाओ में फैलती नशाखोरी भारत की मुख्य समस्याओं में से एक है. जिस तरह पश्चिमी देशों का समाज नशा को माडर्न एवं प्रगतिशीलता की निशानी मानता है, ठीक उसी तरह 21वीं शताब्दी के सभी समाज में नशापान की स्वीकार्यता व्यापक स्तर पर बढ़ी है. वैश्य व स्वर्ण समाज के लोग भी नशाखोरी के आदी बनते जा रहे हैं. यह कड़वी सच्चाई है कि भारत की अधिसंख्यक युवा आबादी नशे की लत का बुरी तरह शिकार हो चुकी है. नशा कई तरह का होता है, जिसमें शराब, सिगरेट, अफीम, गांजा, हेरोइन, कोकीन, चरस मुख्य है. नशा एक ऐसी बुरी आदत है, जो किसी इंसान को पड़ जाए तो उसे दीमक की तरह अंदर से खोखला बना देती है. नशा से पीड़ित व्यक्ति मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक रूप से बर्बाद हो जाता है. शहरों की कहानी ग्रामीण क्षेत्रों से बिल्कुल अलग है. शहरी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी शौक से घूमपान करती हैं. शहर में नशा से परहेज करने वालों को गंवार एवं अप्रगतिशील तक कहा जाने लगा है. भारत में शराब बिहार सहित कई राज्यों में प्रतिबंधित है. बावजूद इसके भारत में शराब की खपत अप्रत्याशित

> 29 वर्ष की औसत आयु के साथ भारत विश्व का सबसे युवा आबादी वाला देश बन गया है. एक ओर जहां विश्व की सबसे युवा आबादी वाला देश होना हमारे लिए गर्व की बात है तो वहीं दूसरी ओर अधिसंख्यक युवा आबादी के एक बड़े तबके का नशे की फितूर में डूब जाना चिंता का विषय है.

तरीके से बढ़ी है. हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हैरान कर देने वाली एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में शराब की खपत 2005 से 2016 तक दोगुनी हो गयी है. भारत में 2005 में प्रति व्यक्ति रोजाना शराब की खपत 2.4लीटर थी जो अब बढकर 5.7लीटर प्रति व्यक्ति रोजाना हो गयी है. हर रोज भारत में 4.2 लीटर शराब का उपभोग पुरुषों द्वारा और 1.5 लीटर शराब का उपभोग महिलाओं द्वारा किया जाता है. मादक पदार्थ इंसान के दिमाग पर बुरा असर डालते हैं. इन सभी मादक द्रव्यों से मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचने के साथ समाज, परिवार व देश को भी गंभीर हानि सहन करनी पड़ रही है. किसी भी देश का विकास उसके नागरिकों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है. लेकिन नशे की बुराई के कारण यदि मानव स्वास्थ्य खराब होगा तो देश का भी विकास नहीं हो सकता. नशा एक ऐसी बुरी आदत है, जो व्यक्ति को तन-मन-धन से खोखला कर देता है. इससे व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. उसके परिवार की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जाती है. इस बुराई को समाप्त करने के लिए शासन के साथ ही समाज के हर तबके को आगे आना होगा. तने पर कार्रवाई करने से पहले जड़ों को काटना होगा. तभी युवा पीढ़ी को बचाया जा सकता है. नशे के लिए समाज की बीमार मानसिकता, अहंकार व संकुचित सोच जिम्मेदार है, जबकि नशा समाज के लिए कैंसर से कम नहीं है. इससे न केवल नशा करने वाला ही प्रभावित होता है, बल्कि उसका परिवार, आस-पड़ोस व पूरा समाज प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में प्रभावित होते हैं. नशे की प्रवृत्ति से लड़ने के लिए सामाजिक स्तर पर स्वस्थ सोच का होना अनिवार्य है.युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों से बचाने के लिए अभिभावकों को व्यवस्था पर निर्भर रहने के बजाय खुद पहल करनी होगी. नशा कोई भी पहली बार खरीद पर नहीं करता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# कितना सार्थक है दुबई कॉप 28

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन या कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज के 28वें संस्करण यानी कॉप 28 की बैठक इस समय दुबई में चल रही है और कुछ महत्त्वपूर्ण घोषणाएं सुनने को मिल चुकी हैं. कॉप शिखर बैठकों का मूल उद्देश्य ऐसे बाध्यकारी समझौतों को अंजाम देना था, जो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को सीमित करने में मदद करे.पेरिस समझौते के बाद के दौर में इसमें काफी बदलाव आया है. अब ऐसी शिखर बैठकों की उपयोगिता इस बात के इर्दगिर्द तय होती है कि क्या वहां उपस्थित नेताओं को साझा लक्ष्य तय करने की दिशा में ले जाया जा सकता है, भले ही वे कानूनी रूप से बाध्यकारी न हों.कॉप में ऐसे दो लक्ष्य घोषित किए गए. इनके अलावा जलवायु और स्वास्थ्य को लेकर एक व्यापक समझौता हुआ. वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 2030 तक तीन गुना करने के लक्ष्य को 20 देशों का समूह अपने नई दिल्ली घोषणापत्र में ही आगे बढ़ा चुका है. दूसरा लक्ष्य था 22 देशों द्वारा 2050 तक नाभिकीय ऊर्जा को तीन गुना करने का वचन. नाभिकीय ऊर्जा संबंधी घोषणा खासतौर पर दिलचस्प है. आंशिक तौर पर इसलिए कि हरित ऊर्जा बदलाव में नाभिकीय ऊर्जा की भूमिका का विरोध देखने को मिला है. यहां तक कि यूरोपीय संघ के भीतर भी दो प्रमुख शक्तियों फ्रांस और जर्मनी का नजरिया इस विषय पर एकदम अलग-अलग है. पूर्व चांसलर एंगेला मर्केल के नेतृत्व में जर्मनी ने एक दशक से भी अधिक पहले अपने नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों को बंद करना आरंभ कर दिया था. इस बीच फ्रांस अभी भी ऊर्जा उत्पादन के लिए काफी हद तक नाभिकीय ऊर्जा पर भरोसा करता है.जर्मनी का रुख कई पर्यावरण कार्यकर्ताओं के अनुरूप है जो परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बुनियादी तौर पर असुरक्षित मानते हैं. परंतु यह स्पष्ट है कि दलील का यह पहलू सैद्धांतिक रूप से कमजोर है. अंतरराष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा एजेंसी ने कॉप28 में कई देशों के साथ एक वक्तव्य तैयार किया जिसने स्पष्ट किया कि विशुद्ध शून्य उत्सर्जन के लिए नाभिकीय ऊर्जा की आवश्यकता है. नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन में इजाफा किए बिना उत्सर्जन में कमी का कोई लक्ष्य हासिल नहीं होगा. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**




## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### पनौती/पनौटी/मनौती

**हिंदी** भाषा में पनौती शब्द अचानक ऐसा चर्चा में आ गया कि गांव-गांव, नगर-नगर, डगर-डगर हर जगह छा गया. बहुत संकोच के साथ यह सच बोलना पड़ रहा है कि अबतक मेरा भी पनौती शब्द से पाला नहीं पड़ा था, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जिह्वा से स्पर्श पाते ही यह शब्द तमाम देशवासियों के जिह्वा पर चढ़ गया. मैंने पनौती का वास्तविक अर्थ जानने के लिए कई शब्दकोशों के पन्ने उलटे. वर्धा हिंदी शब्दकोश में पनौती शब्द है ही नहीं. हां, पनौटी शब्द है, जिसका मतलब बताया गया है पान रखनेवाली डिबिया, जिसे पनबट्टा भी कहते हैं. भाषाविदों के अनुसार पनौती शब्द औती प्रत्यय से बना है-पन+औती=पनौती. पन का अर्थ है अवस्था या दशा. इसी पन शब्द से बनता है बचपन. यानी बच्चे की अवस्था. औती प्रत्यय से बने शब्द मनौती का मतलब है मन्नत या संकल्प. पनौती का अर्थ होता है बुरी दशा का समय यानी मुसीबत. मराठी भाषा में भी पनौती शब्द का प्रयोग मुसीबत आने के संकेत देनेवाले के लिए किया जाता है. जैसे रास्ता काटनेवाली काली बिल्ली को पनौती मान लिया जाता है. पनौती के पन शब्द को पानी के अर्थ में भी लिया जाता है, तब पनौती का अर्थ बाढ़ हो जाता है. बुरे ग्रह की दशा को भी पनौती माना जाता है. चाहे बाढ़ हो या शनि जैसे ग्रह की दशा दोनों ही हालतों में पनौती डरावनी तथा विनाश की सूचक है. ज्योतिष शास्त्र में शनिग्रह के राशि विशेष में प्रवेश करने को भी पनौती कहा जाता है. जिसकी राशि में शनि साढ़े सात सालों के लिए विचरण करता है, उसे साढ़ेसाती या बड़ी पनौती तथा ढाई साल के विचरण काल को ढैया या छोटी पनौती कहा जाता है. नेपाल के बागमती प्रांत के कावरे पालनचोक जिले में एक शहर का नाम पनौती है, जो राजधानी काठमांडू से 32 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में अवस्थित है और शिव मंदिर को लेकर प्रसिद्ध है.

# स्मार्ट मोबाइल फोन और स्मार्टनेस

• तीर-तुक्का

निर्मल गुप्ता

वह कतई स्मार्ट नहीं हो सकता, जिसके पास अपनी गर्दन को कमोबेश पैंतीस डिग्री पर मोड़, कंधे को उचका और उसके बीच अपने मोबाइल फोन को फंसा ट्रेफिक के सिपाही से आंखें चुराकर भरी सड़क पर टूव्हीलर को दौड़ाने का कौशल नहीं आता. वे लोग जो तमाम प्रयासों के बावजूद इस चातुर्य को पाने में असफल हैं वही इस मुद्दे पर सबसे अधिक नाक भौं सिकोड़ते हैं. इनके मन में इस तरह के कौशलसम्पन्न लोगों के प्रति सौतियाडाह टाइप की चिंता रहती है. नाकामयाब लोग ही अकसर बाय डिफॉल्ट चिंतक बनते हैं. अमेरिका से खबर आई है कि स्मार्टफोन से दिन भर चिपके रहने की आदत न केवल आंखों के लिए वरन गर्दन और रीढ़ की सेहत के लिए भारी पड़ सकती है. सिकुड़ी हुई नाकों को जब उन्हें इसका पता लगा तो उनकी त्वरित प्रतिक्रिया आई कि उन्हें तो यह बात पहले से ही पता थी. स्मार्ट लोगों ने कहा- हू केयर्स. नो रिस्क नो गेम. जिंदगी है खेल कोई पास कोई फेल. स्मार्टफोन अब महज संवाद का उपकरण नहीं रह गया है. इसके आका-प्रकार, कीमत और गुणवत्ता के जरिये ही इसे धारण करने वाले का सोशल स्टेट्स और स्मार्टनेस तय होती है. सिर्फ इतना ही नहीं, इसके सम्यक इस्तेमाल का सलीका ही धारक के व्यक्तित्व को आभामय बनाता है. इससे ही मित्र मंडली का निर्माण होता है. प्यार, दुलार, स्वीकार, दुत्कार और चीत्कार अभिव्यक्त होता है. मित्रों को ब्लॉक करने का सुगम उपाय मिलता है. सिर्फ इतना ही नहीं, आभासी दुनिया में सेलिब्रिटी स्टेटस मिलता है. उन्हें देश दुनिया की पल-पल की खबर रहती है और उनके हर पग की पदचाप सोशल साईट पर दर्ज होती जाती है. उनके कुत्ते के जुकाम होने की सूचना से लेकर नुक्कड़ के पान वाले की बिटिया की गुड़िया के ब्याह की खबर सचित्र वायरल हो जाती है. जब वह जाकिर हुसैन के तबला वादन से लेकर बाबूलाल हलवाई की बालूशाही की रेसिपी तक पर विचार व्यक्त करते हैं तो तीन सौ लाइक्स और सवा सौ कमेन्ट उनके सर्वगुण सम्पन्न होने की तुरंत पुष्टि कर देते हैं. मुल्क के स्मार्टफोन यूजर्स रोज तीन घंटे अठारह मिनट इसी तीन-तेरह में उलझे रहते हैं. उनके लगभग डेढ़ सौ बार फोन या मैसेज न आने पर भी घंटी का आभास होता है. इस जद्दोजहद में ये लोग इतनी अधिक हवा गहरी सांस के जरिये अपने भीतर भर रहे हैं कि आशंका है कि यदि ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन दुनिया में निर्वात कायम हो जायेगा. न्यूयार्क के एक रिसर्च सेंटर के अध्ययन के अनुसार स्मार्टफोन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा कर रहा है.



# लाइफ लाइन



डॉ दीपक चंद्रा प्रकाश
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ मेडिका, रांची

**एम्स की एक स्टडी रिपोर्ट के मुताबिक देश के करीब 11 फीसदी लोग ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया यानी ओएसए के शिकार हैं. आइए जानें क्या है ऑबस्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया, इसके लक्षण, कारण और उपचार...**

## रात में अचानक खुल जाती है नींद ?

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया एक गंभीर स्थिति है जिससे पीड़ित व्यक्ति रात में सोते समय अचानक गला दबने या सांस फूलने का अहसास करता है और इस वजह से अचानक उसकी नींद टूट जाती है. इससे पीड़ित व्यक्ति हर घंटे में 100 से भी अधिक बार श्वास रोकने और फिर से शुरू करने वाले इस दौरे का अनुभव कर सकता है. इस अनियमित श्वास का शरीर पर चक्रीय प्रभाव पड़ता है, जो आमतौर पर हानिकारक हो सकता है.

### यह है कारण

सामान्यतौर पर जब हम नींद के दौरान सांस लेते हैं तो हवा हमारे मुंह या नाक से बिना रुकावट फेफड़ों तक पहुंचती है और फिर वापस नाक या मुंह से बाहर जाती है. लेकिन ओएएस से पीड़ित शख्स जब सोते हैं तो गले की मांसपेशियां शिथिल या रिलैक्स सी हो जाती हैं और जीभ पीछे की तरफ गिर जाती है. ऐसे में हवा के आवागमन का रास्ता बाधित हो जाता है. इस कारण पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन फेफड़ों तक नहीं पहुंच पाता है. ऐसे में ब्रेन तक यह सूचना पहुंचती है कि ऑक्सीजन लेवल कम और कार्बनडाइऑक्साइड लेवल बढ़ रहा है. इससे गले की मांसपेशियां और जीभ अपनी सामान्य स्थिति में वापिस लौटती हैं, जिससे सांस फिर से आने लग जाती है. जब व्यक्ति सांस में रुकावट के कारण अचानक उठता है, तो वह आमतौर पर हांफने, दम घुटने या खर्राटे के साथ नींद खुलने का अनुभव करता है. ये सभी एहसास अवचेतन स्तर पर महसूस होते हैं और कई बार व्यक्ति को इसके बारे में बिल्कुल भी पता नहीं चलता है.

### पहचानिए लक्षण

ओएसए का सबसे सामान्य लक्षण है खर्राटे लेना. आमतौर पर हम लोग खर्राटे लेने को कोई गंभीर स्थिति नहीं मानते, लेकिन आप या आपके परिजन नियमित रूप से खर्राटे लेते हैं तो डॉक्टर से अवश्य संपर्क करें. ओएसए के अन्य लक्षणों में दिनभर नींद आना, सोते समय अचानक घुटन महसूस होना, मुंह सूखना, रात में पसीना आना, रक्तचाप बढ़ना, सुबह में सिरदर्द महसूस होना आदि भी शामिल हैं.

### ये हो सकते हैं जिम्मेवार

मोटापा ओएसए के लिए सबसे अधिक जिम्मेवार है. बॉडी मास इंडेक्स 30 से अधिक (मोटापा) हो तो सर्तक हो जाएं. इस तरह गर्दन की परिधि में पुरुषों में 17 इंच और महिलाओं 16 इंच से अधिक नहीं हो. 40 प्लास उम्र, शराब, धूम्रपान आदि भी इसके लिए जिम्मेवार हो सकते हैं.



### भारी पड़ सकती लापरवाही

ओएएस के कारण कई जटिलताएं हो सकती हैं और यह जान पर भी भारी पड़ सकता है. हालांकि सबसे आम दुष्प्रभाव है नींद में बाधा और चिड़चिड़ाहट जिसका असर दिन भर आपके काम पर पड़ सकता है. नींद में कई बार की बाधा और खराब नींद पैटर्न की वजह से ब्लड प्रेशर लेवल बढ़ जाने की आशंका होती है. इस कारण कॉर्डियोवैस्कुलर बीमारियों जैसे हार्ट अटैक आदि का खतरा बना रहता है. हृदय की आसामान्य गति, स्ट्रोक, टाइप टू डायबिटीज होने की आशंका बढ़ जाती है क्योंकि यह शरीर में ग्लूकोज संसाधित करने के तरीकों में बदलाव कर सकता है. इसके अलावा ओएसए हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता को भी कमजोर कर देता है.

### ऐसे होगा उपचार

सबसे अहम है लाइफस्टाइल में बदलाव. इससे पीड़ित व्यक्ति को वजन कम करने का प्रयास करना चाहिए. खाने में भरपूर फाइबर का उपयोग करें और भोजन में पौष्टिकता भी हो. प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट तेज कदम से टहलने या एक्सरसाइज करें. शराब-सिगरेट से दूर रहें. ऐसे रोगियों को करवट लेकर सोने की सलाह दी जाती है. दरअसल पीठ के बल सोने से कभी-कभी आपकी जीभ आपके गले के पीछे चली जाती है जो आपके गले से हवा के प्रवाह को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर देती है. हवा को आसानी से प्रवाहित करने और अपने खर्राटों को कम करने या रोकने के लिए आपको करवट लेकर सोना ही पड़ सकता है. इसके अलावा पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है. अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन और स्लीप रिसर्च सोसाइटी के अनुसार, आपको 7-9 घंटे की नींद हर रात लेनी चाहिए. अगर ऐसा नहीं होता है तो अगली रात खर्राटे आ सकते हैं. अपने बिस्तर के सिरहाने (सिर रखने वाले हिस्से) को कुछ इंच ऊपर उठाने से आपकी नाक के वायुमार्ग खुले रहकर खर्राटों को कम करने में मदद मिल सकती है. आप एक बाहरी नेजल डाइलेटर भी आजमा सकते हैं जो एक चिपकने वाली पट्टी होती है जिसे नाक के ऊपर नासिका छिद्रों पर लगाया जाता है. इससे वायुप्रवाह प्रतिरोध कम हो सकता है जिससे सांस लेना आसान हो जाता है.

### इन उपायों को अपना कर बहुत हद तक ओएसए को कंट्रोल किया जा सकता है.



ओबस्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया का पता लगाने और उसके उपचार के लिए चिकित्सक स्लीप लैब में व्यक्ति की नींद का अध्ययन करते हैं और फिर सोने के पैटर्न से एपनिया की गंभीरता का आकलन करते हैं. रात्रि के पहले आधे भाग में सोने और सांस लेने के पैटर्न के आधार पर इस स्थिति का निदान किया जाता है. निदान के बाद, रात के बाक़ी बचे दूसरे भाग में सीपीएपी यानी कंटीन्यूअस पॉजिटिव एयरवे प्रेशर या बीआईपीएपी यानी बाइलेवल पॉजिटिव एयरवे प्रेशर मशीन का उपयोग करके उपचार किया जाता है.

---

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : तृप्ति डिमरी

## नूडल्स खाकर रहती हैं मेंटली फिट!



*एनिमल फिल्म की अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इंटिमेट सीन व फिटनेस को लेकर इन दिनों काफी चर्चा में है. 29 साल की तृप्ति अपने हेल्थ और फिटनेस को लेकर खास सजग हैं. जहां खानपान में अनुशासन बरतती हैं, वहीं वर्कआउट में जमकर पसीने भी बहाती हैं.*

### कम से कम 45 मिनट का वर्कआउट

पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान तृप्ति डिमरी ने बताया कि वे सप्ताह में कम से कम पांच से छह दिन जमकर वर्कआउट करती हैं. उन्होंने बताया कि वर्कआउट का रुटीन पिछले दो या तीन वर्षों से बहुत सुसंगत नहीं था, लेकिन 2023 से वे अपने वर्कआउट को नियमित और पर्याप्त करने की कोशिश करती हैं. फिल्म, शूटिंग की तमाम व्यस्तताओं के बावजूद यह सुनिश्चित करती हूं कि मैं कम से कम 45 मिनट से एक घंटे के वर्कआउट को जरूर करें. तृप्ति ने हाल ही में वेट ट्रेनिंग करना शुरू किया है. वे हर दूसरे दिन टेनिस खेलती हैं. जिस दिन शूटिंग नहीं होती या कहीं जाना नहीं होता, उस दिन समय को योग में निवेशित करती हैं. बकौल तृप्ति योग ने उन्हें शांत होने में बहुत मदद की है और अपना लचीलापन वापस लाने में भी मदद की है.

### मनपसंद खाना भी जरूरी

तृप्ति खुद को फूडी में शामिल करती हैं. खाने में वे कुछ भी छोड़ने में विश्वास नहीं रखतीं. तमाम अनुशासन के बावजूद अपने फेवरिट डिश सेवन समय-समय पर जरूर करती हैं. बकौल तृप्ति जब हम अपने पसंद की चीजें खाते हैं तो मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है. इसलिए वे सप्ताह में कम से कम एक या दो बार अपनी पसंदीदा चीजें जरूर खाती हैं. इनमें नूडल्स और ह्यूमस शामिल हैं.

### रात का खाना जल्दी

आमतौर पर तृप्ति घर का बना खाना खाने की कोशिश करती हैं. सुबह की शुरुआत नींबू-पानी से होती है. इसके बाद ओट्स, दलिया आदि के साथ ढेर सारा फल और दूध लेती हैं. लंच में आमतौर पर रोटी, दाल-चावल, सब्जियां आदि होती हैं. रात का खाना जल्दी खाने की कोशिश करती हैं. बकौल तृप्ति जब से मैंने रात का खाना जल्दी खाना शुरू किया है, शरीर पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है. रात का खाना जल्दी खा लेते हैं, तो आपके सिस्टम को बिस्तर पर जाने से पहले भोजन को ठीक से पचाने के लिए 2-3 घंटे का समय मिलता है. इसके अलावा तृप्ति अच्छे स्वास्थ्य व फिटनेस के लिए भरपूर नींद को महत्वपूर्ण मानती हैं.

### मेडिटेशन महत्वपूर्ण

पिछले एक साल से नियमित रूप से ध्यान भी कर रही हैं जिससे उन्हें शांत होने में मदद मिली है. बकौल तृप्ति, मुझे लगता है कि भले ही व्यस्त दिनों में मुझे 5 मिनट या 10 मिनट भी मिलें, मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं अपने फोन के बिना, बिना किसी ध्यान भटकाए, अकेले बैठूं, भले ही यह 5 मिनट के लिए ही क्यों न हो और यह जादू की तरह काम करता है.

---

## प्लांटर फ़ेशियाइटिस

### हर दसवां शख्स इस दर्द से गुजरता है



डॉ ए. के. श्रीवास्तव
कंसलटेंट फिजीशियन, छाती व गहन रोग विशेषज्ञ



**प्लांटर फ़ेशियाइटिस एक बहुत ही कॉमन कंडीशन है जो बहुत से लोगों को परेशान करता है. प्लांटर फ़ेशियाइटिस पैरों के तलवे में स्थित प्लांटर फ़ेशिया के सूजन को कहते हैं. यह स्थिति एड़ी और तलवे के दर्द का सबसे प्रमुख कारण है. कई लोग इसे यूरिक एसिड या गाउट समझ कर कंफ्यूज हो जाते हैं. डॉ ए.के. श्रीवास्तव बता रहे हैं कि क्या है प्लांटर फ़ेशियाइटिस, यह कब होता है, इसके लक्षण क्या हैं, इसका इलाज कैसे होता है आदि...**

प्लांटर फ़ेशिया (तल की प्रावरणी या झिल्ली) एक मजबूत, रेशेदार अटैचमेंट (लिगामेंट के समान) है जो हमारी एड़ी से ले कर पैर की गेंद और पैर की उंगलियों तक फैला हुआ है. यह मोटे रबर बैंड की तरह लचीला होता है. प्लांटर फ़ेशिया हमारे तलवे की हड्डियों को एक साथ जोड़ता है और हमारे पैर के तल पर एक आर्च बनाता है.

### कब होता है प्लांटर फ़ेशियाइटिस

प्लांटर फ़ेशियाइटिस तब होता है जब हमारे प्लांटर फेशिया का अत्यधिक उपयोग किया जाता है या उसका अत्यधिक खिंचाव हो जाता है. कोई भी कारण जो आपके प्लांटर फ़ेशिया को नुकसान पहुंचाती है, उसमें सूजन ला सकती है, जैसे - काम के लिए पूरे दिन अपने पैरों पर खड़े रहना, खेलना, किसी सख्त सतह (जैसे फर्श) पर व्यायाम करना या काम करना, बिना स्ट्रेचिंग या वार्मअप के व्यायाम करना, ऐसे जूते पहनना जो आपके पैरों को पर्याप्त रूप से सहारा नहीं देते (जैसे फ्लिप फ्लॉप या फ्लैट, लचीले स्नीकर्स). घर पर नंगे पैर फ़र्श पर चलना, हाई आर्च्ड फुट, फ्लैट फुट, मोटापा या कुछ महीनों में ही 7-8 किलो से अधिक वजन बढ़ना. प्लांटर फ़ेशियाइटिस का संबंध मेटाबोलिक सिंड्रोम के साथ भी है.

### पहचानिए लक्षण

प्लांटर फ़ेशियाइटिस के सबसे आम लक्षण हैं - एडी में दर्द होना, पैर के आर्च में दर्द, अकड़न, एड़ी के आसपास सूजन, तंग एचिलिस टेंडन इत्यादि. सोने या बैठने के बाद खड़े होने पर दर्द होना. कुछ मिनटों तक चलने के बाद दर्द आमतौर पर दूर हो जाता है. लगातार मीठा दर्द भी हो सकता है. जब आप अपने प्रभावित पैर का उपयोग करते हैं या अपनी एड़ी पर दबाव डालते हैं तो तेज या चुभने वाला दर्द होता है. व्यायाम करने या हिलने-डुलने से अस्थायी रूप से आपका दर्द कम हो सकता है, लेकिन जैसे ही आप रुकेंगे, यह आमतौर पर बदतर हो जाता है.

### ज्यादातर को एक में



लगभग 10 में से 1 व्यक्ति को अपने पूरे जीवन में कभी न कभी प्लांटर फ़ेशियाइटिस होता है. अधिकांश लोगों को एक समय में एक पैर में प्लांटर फ़ेशियाइटिस होता है, हालांकि यह भी काफ़ी संभव है कि दोनों पैरों को एक साथ प्रभावित करे. यदि आप एक सप्ताह से अधिक समय से एड़ी या पैर में दर्द का अनुभव कर रहे हैं तो किसी चिकित्सक से मिलें.

## प्लांटर फ़ेशियाइटिस के उपचार

### एनएसएआईडी का सेवन

एनएसएआईडी (जैसे डाइक्लोफिनेक, आइबुप्रोफेन और नेप्रोक्सन) : दर्द और सूजन को कम करते हैं. डॉक्टर से बात किए बिना लगातार 10 दिनों से अधिक समय तक एनएसएआईडी न लें.

### आराम

खेलने, व्यायाम करने या उस किसी भी गतिविधि से कम से कम एक सप्ताह का ब्रेक लें जिसके कारण प्लांटर फ़ेशियाइटिस हुआ हो.

### बर्फ़ की सिंकाई

अपने पैर पर दिन में दो बार 10 से 15 मिनट के लिए बर्फ़ (पतले कपड़े में लपेट कर) से अपने तलवे पर घुमाएं.

### सपोर्टिव जूते पहनना

मजबूत व गद्देदार जूते पहनें. बिना बिल्ट-इन आर्च सपोर्ट वाले सैंडल, फ्लिप-फ्लॉप या अन्य फ्लैट जूते न पहनें. घर के फर्श पर भी नंगे पैर न चलें, अच्छे कुशन वाले स्लीपर पहने जैसे कलॉग्स.

### मालिश और स्ट्रेचिंग

फिजियोथेरेपिस्ट की मदद से स्ट्रेचिंग और मालिश तकनीकें सिखें जिन्हें आप अपने पैर और पिंडली की मांसपेशियों पर कर सकते हैं.

### ऑर्थोटिक्स या शू इन्सर्ट

आप अपने जूतों में इन्सर्ट जोड़ सकते हैं जो अतिरिक्त आर्च सपोर्ट जोड़ते हैं. कई प्रकार के सिलिकॉन के कुशन बाज़ार में उपलब्ध हैं.

### इम्मोबिलाइज़ेशन (स्थिरीकरण)

कुछ हफ्तों के लिए वॉकिंग बूट (जिसे कभी-कभी वॉकिंग कास्ट या न्यूमेटिक कैम वॉकर भी कहा जाता है) पहनने से आपका पैर अपनी जगह पर टिका रहेगा और आपके प्लांटर फ़ेशिया पर दबाव कम हो जाएगा.

### कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स

ये सूजनरोधी दवाएं हैं. डॉक्टर आपके प्लांटर फ़ेशिया में कॉर्टिकोस्टेरॉइड (जैसे ट्राईएम्नीसिलोन) इंजेक्ट कर सकते हैं.

### अन्य उपचार

प्लेटलेट रिच प्लाज़्मा, एक्स्ट्राकोर्पोरियल पल्स एक्टिवेशन टेक्नोलॉजी, पर्क्यूटेनियस नीडल टेनोटॉमी, सर्जरी जैसे गैस्ट्रोनीमियस रिसेशन आदि भी किए जा सकते हैं.

---

## ठंड में जोड़ों के दर्द से बचाएंगी ये रोटियां



डॉ मनीषा घई
सीनियर डायटीशियन

*यूरिक एसिड हमारे ब्लड में मौजूद एक केमिकल है, जिसका निर्माण प्यूरीनयुक्त खाद्य पदार्थों के टूटने से होता है. जब इसकी मात्रा शरीर में बढ़ जाती है तो यह हमारे जोड़ों में क्रिस्टल के रूप में जमा होने लगता है. ऐसी स्थिति में जोड़ों में दर्द, सूजन आदि की शिकायत होती है. यूरिक एसिड को कंट्रोल करने का सबसे पहला उपाय प्यूरीन युक्त खाद्य पदार्थों को यथासंभव न्यूनतम उपयोग है. साथ ही आहार में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल किया जाना चाहिए जिससे जोड़ों में जमा क्रिस्टल हमारे शरीर से बाहर हो जाए. आमतौर पर हम गेहूं की रोटियों का सेवन करते हैं. आज हम ऐसी रोटियों की बात करेंगे जिसके सेवन से यूरिक एसिड कंट्रोल हो सकता है.*



### ज्वार की रोटी

ज्वार के आटे से बनी रोटी के सेवन से यूरिक एसिड के नियंत्रण में मदद मिल सकती है. यह फाइबर से भरपूर होता है. लिहाजा यह पाचन तंत्र को साफ कर शरीर में जमा अतिरिक्त गंदगी बाहर करने में मददगार होती है.

### मड़ुआ की रोटी

मड़ुआ आयरन और फाइबर का बेहतर स्रोत है. इसके आटे से बनी रोटी के सेवन से ब्लड में यूरिक एसिड के स्तर को कम किया जा सकता है. मड़ुआ के आटे से बनी रोटी शरीर को गर्माहट भी देती है.

### ओट्स की रोटी

इसका सेवन यूरिक एसिड के साथ ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल कर सकता है. सूजन और दर्द से भी छुटकारा मिल सकता है.

### कोदो की रोटी

इसका सेवन भी यूरिक एसिड में लाभदायक है. इस स्पेशल अनाज को शुगर फ्री चावल के नाम से भी एक अलग पहचान मिली है.

### बाजरे के आटे की रोटी

बाजरा हालांकि पश्चिम भारत में अधिक प्रचलित है, पर यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मददगार है. यह यूरिक एसिड के क्रिस्टल को बनने से रोक सकता है. यह वेट लॉस व ब्लड शुगर कंट्रोल कर सकता है.

### सर्दियों में इनका सेवन बढ़ा सकता दर्द

**स्वीट ड्रिंक्स :** इस मौसम में यूरिक एसिड से होने वाले दर्द से बचना है तो चीनीयुक्त मीठे ड्रिंक्स का सेवन कम करें. मीठे पेय पदार्थों में फ्रक्टोज होता है जो गाउट के लिए हानिकारक है.

**बीयर या शराब :** शरीर गर्म रखने के लिए या फिर क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए कई लोग इस दिनों जमकर बीयर पीते हैं एनसीबीआई की स्टडी के मुताबिक शराब में प्यूरीन की मात्रा ज्यादा होती है. इस वजह से यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है.

**मीट :** मीट, सी फूड, ऑर् कुछ फिश के साथ ही ऑर्गन मीट को खाने से भी बचना चाहिए. सप्ताह में एक बार खाने में कोई हर्ज नहीं. पर इससे अधिक बार इनका सेवन शरीर में प्यूरीन का स्तर बढ़ा सकता है.

### ये सब्जियां भी नुकसानदेह

ठंड में मिलने वाली कई सब्जियां भी शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को बढ़ा देती हैं. हरी मटर, फूलगोभी, मशरूम, पालक, शतावरी में प्यूरीन की मात्रा ज्यादा होती है. इन सब्जियों का सीमित मात्रा में ही उपयोग करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### बालिका गृह से पांच में से चार लड़कियां फरार

**छपरा।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत बाजार समिति स्थित बालिका गृह से मंगलवार रात 5 में से 4 लड़कियां फरार हो गईं. सभी लड़कियां दीवार कूद कर भागने में सफल रहीं. हालांकि भागने के दौरान एक लड़की गिर गई और बुरी तरह जख्मी हो गई. वहीं चार लड़कियां बालिका गृह से भागने में सफल रही. इस घटना की जानकारी मुफस्सिल थाने की पुलिस को दी गई. सूचना के बाद मुफस्सिल थाने की पुलिस बालिका गृह पहुंची और जख्मी लड़की को इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल ले जाया गया. उसके प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया.

### शादीशुदा महिला ने कर ली खुदकुशी

**भागलपुर।** भागलपुर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली. आत्महत्या का कारण पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद बताया जा रहा है. घटना से इलाके में मातम पसर गया. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी. : इधर घटना की जानकारी ससुराल वालों ने फोन के माध्यम से नवादा के नवगछिया स्थित मृतका के मायके वालों को दे दी है. मौत की जानकारी मिलने के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया.

### डीईओ ने काटा एचएम व शिक्षकों का वेतन

**समस्तीपुर।** स्कूलों को लेकर जारी मॉडल टाइम टेबल को लेकर मध्य विद्यालय ताजपुर के मास्टर साहब लापरवाह दिखे. ऐसे में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए एचएम समेत सभी शिक्षकों के एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है. केके पाठक के निर्देश पर जिले में भी सभी वरीय अधिकारी लगातार स्कूलों का निरीक्षण कर रहे हैं. इसी कड़ी में बीते दिन मंगलवार को मवि ताजपुर निरीक्षण करने पहुंचे जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने बड़ी कार्रवाई की है. दरअसल विभाग के द्वारा जारी नए मॉडल टाइम टेबल का पूरी तरह उल्लंघन दिखा.

# सब मिलकर काम करेंगे तभी सफलता मिलेगी : नीतीश

**भाषा। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 67वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आजकल में खबर छप रहा था कि हम नहीं जा रहे हैं लेकिन हम तो बता ही दिए थे कि और भी लोग रहेंगे हम भी रहेंगे. हम तो चाहते हैं की तेजी से लोग करें काम. हम तो बार-बार बोल रहे हैं कि हमको कुछ नहीं चाहिए. हम तो बस इतना बोल रहे हैं कि सब लोग एक साथ काम में लगिए. मेरे जाने की बात रही तो हमको सर्दी-खांसी, बुखार हो गया था. इसलिए कहीं जा नहीं रहे थे. बाकी हम तो शामिल होंगे ही.

नीतीश से जब यह सवाल किया गया कि देश की मांग है आप नेतृत्व करें तो इसके जब आपने उन्होंने कहा कि नहीं यह सब बेकार है. हमारी नहीं राय है. हम नहीं ई सब चाहते हैं. अब कोई जो बोलना चाहता है तो बोले. हम तो चाहते हैं कि सब लोग साथ आकर काम करें. इसके अलावा जब उनसे सवाल किया गया कि आईएनडीआईए गठबंधन में रीजनल पार्टी की क्या भूमिका होनी चाहिए तो नीतीश कुमार ने कहा कि इसको लेकर आपस में बैठक कर बातचीत की जानी चाहिए लेकिन अभी कुछ भी करना उचित नहीं ना होगा. मीटिंग होगा तो उसमें यह सब चीज कहीं जाएगी. मीटिंग के बाद सब चीज आपको बता भी दिया जाएगा. हम तो सबको कह रहे हैं की बहुत अच्छे ढंग से तेजी से काम कीजिए.

पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस की तीन राज्य में हुई हार पर नीतीश कुमार ने कहा कि हर राज्य को अपना अधिकार है मतदान करने का. पिछले बार देखे नहीं कांग्रेस वाला कई जगह जीता था. इस बार भी मान लीजिए एक जगह तो जीत हुई है ना. कांग्रेस को भी कम वोट नहीं आया है. अच्छा ही वोट आया है. इसलिए इन सब चीजों पर कोई खास चर्चा नहीं है. हार जीत तो होते रहता है. अमित शाह के आगमन पर नीतीश कुमार ने कहा कि अमित शाह आ रहे हैं तो अच्छी बात है. हम जाएंगे उस मीटिंग में शामिल होंगे, उसमें कोई बात थोड़े न है.

## आओ जानें

### आइए जानते हैं बिहार के नदियों के बारे में

- बिहार के सीतामढ़ी जिले में समस्तीपुर-नरकटियागंज रेल लाइन पर स्थित ढेंग रेलवे स्टेशन के 2.5 किलोमीटर उत्तर में भारत में प्रवेश करती है.
- इस नदी की कुल लम्बाई 394 किलोमीटर है. नेपाल में इस नदी का कुल जल ग्रहण क्षेत्र 7884 वर्ग किलोमीटर है.
- ढेंग और बैरगनियां स्टेशन को जोड़ने वाली रेल लाइन पर बने पुल संख्या 89, 90, 91, 91ए और 91बी से होकर यह नदी दक्षिण दिशा में चलती है.
- 5 किलोमीटर दक्षिण चल कर बागमती शिवहर जिले के बखार चंडिहा और अदौरी गांव की सीमा में आती है.
- बिहार के तराई क्षेत्रों में प्रवेश करने के बाद यह नदी बाढ़ के दिनों में अक्सर अपना प्रवाह मार्ग बदल लेती है.
- इस नदी में बाढ़ के कारण बिहार के सीतामढ़ी, मुजफ्फपुर, दरभंगा और मधुबनी ज़िलों में काफ़ी क्षति पहुंचाती है.

## बंदूक की नोक पर एक्सिस बैंक में बड़ी लूट

# आरा में 16.50 लाख रु लूट कर भाग निकले अपराधी

**संवाददाता। आरा**



### खास बातें

- एसपी बोले-अपराधी कस्टमर बनकर घुसे थे अंदर
- बैंक मैनेजर के चैंबर में घुसे और पिस्टल सटा दी

आरा जिले में बुधवार को एक्सिस बैंक में 16.50 लाख रुपए लूटकर लुटेरे फरार हो गए. भोजपुर के एसपी प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि मामला नवादा थाना क्षेत्र के पुराना होमगार्ड मोड़ स्थित एक्सिस बैंक का है. जानकारी के मुताबिक बैंक खुलने के साथ ही लुटेरे बैंक में आ घुसे और एक कस्मटर की कनपट्टी पर पिस्टल सटा दी. एसपी ने बताया कि लुटेरे बैंक में कस्टमर बनकर घुसे थे. अपराधियों ने बैंक लूटने के बाद शटर गिरा दिया और फरार हो गए. आरा के नवादा थाना क्षेत्र के होमगार्ड मोड के पास एक्सिस बैंक की शाखा में लूट को लेकर पहले कहा गया कि पुलिस ने सभी को बैंक में घेर रखा है. हालांकि बाद में पता चला कि लुटेरे वहां से फरार हो गए. सुबह 10.30 बजे बैंक खुलते ही यह घटना हुई. बैंक में अपराधियों के होने की खबर पुलिस को लगी तो, पुलिस ने बैंक को चारों तरफ से घेर लिया.

बदमाशों ने बैंक लूटने का प्रयास किया. सुबह बैंक के खुलते ही बदमाश बैंक मैनेजर के चैंबर में पहुंच गए और पिस्टल तान दी. इसके बाद एक बदमाश ने कर्मचारी पर बंदूक ताने रखा. हालांकि बाद में कहा गया कि लुटेरे वहां से फरार हो गए. एसपी के अनुसार लुटेरे करीब 6 से 7 की संख्या में थे. उन्होंने अपने हाथों में पिस्टल ले रखा था. साथ ही बैंक खुलने के तुरंत बाद उन्होंने लूट की घटना को अंजाम दिया. फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों की पहचान और उन्हें पकड़ने की कोशिश में लगी है.

### बदमाशों ने जदयू नेता को सीने में मारी गोली, घायल

**संवाददाता। बेतिया**

बेतिया में मंगलवार को देर शाम में अपराधियों ने जदयू नेता के घर में घुसकर गोली मार दी है जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है. घायल जदयू नेता मनोज कुशवाहा को गंभीर स्थिति में जीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने इलाज कर बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है.

मनोज कुशवाहा वाल्मीकिनगर से जदयू सांसद सुनील कुशवाहा के स्थानीय प्रतिनिधि भी हैं. घटना योगापट्टी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव स्थित मनोज कुशवाहा के घर की घटना है. जहां अपराधियों ने मनोज कुशवाह को सीने में गोली मारी है. वहीं, गोली मारकर भाग रहे आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उनकी धुनाई कर दी. इसके बाद तीनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया. बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी लेकिन पुलिस इस मामले में जुटी हुई है. बताया जा रहा है कि पूर्व के विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया गया है. वहीं, जदयू के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने बताया कि तीन बदमाशों ने मनोज कुशवाहा के घर में घुसकर उनके सीने में गोली मार दी. कुशवाहा को जीएमसी में इलाज कर पटना रेफर कर दिया गया है. डॉक्टर ने बताया कि गोली मनोज कुशवाहा के सीने में फंसी हुई है. गोलीबारी की इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है.

# आईपीएस आदित्य ने किया सरेंडर

**संवाददाता। पटना**

गया के तत्कालीन एसएसपी आदित्य कुमार को आखिरकार सरेंडर करना पड़ा है. सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के बाद फरार चल रहे आदित्य कुमार ने मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया. उच्चतम न्यायालय ने फरार आईपीएस अधिकारी को दो हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था. मिली जानकारी के अनुसार आदित्य कुमार एसीजेएम-1 की अदालत में सरेंडर किया है. इसके बाद आरोपी के वकील ने कोर्ट से जमानत देने की अपील की, लेकिन न्यायालय ने इस मांग को खारिज कर दिया और



आरोपी अफसर आदित्य कुमार को जेल भेज दिया. गया के तत्कालीन एसएसपी के अलावे इनके सहयोगी गौरव राज, शुभम कुमार तथा राहुल रंजन जायसवाल एवं अन्य के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई के पुलिस उपाधीक्षक भास्कर रंजन के आवेदन पर 15 अक्टूबर 2022 को केस दर्ज किया गया था.

### शराब कांड से जुड़ा था मामला

बता दें कि आईपीएस आदित्य कुमार पर पटना उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस के नाम पर बिहार डीजीपी से पैरवी करने का आरोप लगा था. फर्जीवाड़ा के जरिए शराब कांड को खत्म करने के मामले में 15 अक्टूबर 2022 को आर्थिक अपराध इकाई ने आईपीएस आदित्य कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया था. इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने आईपीएस को निलंबित भी कर दिया था. वहीं, इस मामले को लेकर अब विपक्ष नीतीश प्रशासन पर सवाल भी उठा रहे हैं.

### एक ट्रैक्टर नकली सीमेंट के साथ चालक गिरफ्तार

**बगहा।** धनहा थाना क्षेत्र से एमपी बिरला कंपनी के सीएफए द्वारा एक ट्रॉली नकली सीमेंट जब्त किया गया है. जिसे धनहा थाना पुलिस को सुपुर्द कर नकली सीमेंट बनाने एवं बेचने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. इस मामले को लेकर पुलिस अभी रामनगर और नरकटियागंज में भी गहन छापेमारी कर रही है. दरअसल, बगहा में एमपी बिरला सीमेंट कंपनी का नकली सीमेंट बिक्री के लिए ले जाते समय पकड़ा गया. जिसके बाद नकली सीमेंट कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है. बताया जा रहा है कि रामनगर से एक ट्रॉली पर परफेक्ट प्लस सीमेंट की सैकड़ों बोरियां धनहा में बिक्री हेतु भेजा गया था.

## मुजफ्फरपुर में नकली नोट के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर-हाजीपुर फोरलेन पर फकुली चौक के पास से नकली नोट के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. कार्रवाई मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ ने की है. चारों तस्कर दो बाइक पर सवार थे, जिसमें दो तस्कर वैशाली के हैं.

मुख्य सरगना मनोज कुमार और मो. रिजवान के पास से एक हजार रुपये के नकली नोट मिले हैं. दो अन्य तस्कर चकमा देकर फरार हो गए. गिरफ्तार तस्करों से फकुली ओपी पर पूछताछ की जा रही है. गिरफ्तार शख्स जाली नोट तस्करी गिरोह से जुड़े हैं. इनके पास से 50 रुपये के 20 जाली नोट मिले हैं. बताया जा रहा है कि मनोज नकली नोट का सैंपल लेकर पहुंचा था. तस्करों को दो लाख के नकली नोट खपाने थे.

इधर, चार तस्करों की गिरफ्तारी पर देर शाम पुलिस के वरीय पदाधिकारी भी पहुंच गए. उन्होंने सभी से पूछताछ की, पुलिस ने इनकी बाइक जब्त कर ली है जो चोरी की होने की आशंका है. ओपी अध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि ये जाली नोट तस्कर गिरोह से जुड़े हैं.

## कारोबार

### अरविंद को बनाया मुख्य वित्त अधिकारी

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी मैजेंटा मोबिलिटी ने अरविंद कुमार एसआर को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया है. कुमार एक अनुभवी वित्त पेशेवर हैं. इससे पहले वह किनेको लिमिटेड में थे. कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, मैजेंटा में सीएफओ के रूप में वह वित्त व लेखा, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और कानूनी व सचिवीय कार्यों को संभालेंगे. मैजेंटा मोबिलिटी के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक मैक्ससन लुईस ने कहा, अरविंद वित्त क्षेत्र में मार्गदर्शन करने और संगठन को सतत वृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाने में रणनीतिक भूमिका निभाएंगे.

### सन फार्मा ने एक्लेरिस के साथ किया समझौता

**नयी दिल्ली।** सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई ने एक्लेरिस थेरेप्यूटिक्स इंक के साथ एक लाइसेंसिंग समझौता किया है. इसमें 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अग्रिम भुगतान, रॉयल्टी आदि शामिल हैं. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और इंक एक्लेरिस थेरेप्यूटिक्स के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं. इंक एक्लेरिस थेरेप्यूटिक्स एक क्लिनिकल-स्टेज बायोफार्मास्युटिकल कंपनी है जो 'इम्यूनो-इंफ्लेमेटरी' बीमारियों के लिए दवाएं बनाती है.

### ओबेरॉय ने ठाणे में 6.4 एकड़ जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली।** ओबेरॉय रियल्टी ने अपनी एक रियल एस्टेट परियोजना के लिए महाराष्ट्र के ठाणे में 196 करोड़ रुपये में 6.4 एकड़ जमीन की खरीद की प्रक्रिया पूरी कर ली है. कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जमीन की 'रजिस्ट्री' का काम पूरा हो गया है. कंपनी ने मई में महाराष्ट्र के ठाणे में पोखरण रोड-2 स्थित भूमि के अधिग्रहण के लिए एनआरबी बियरिंग्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे. एमओयू के कुछ नियमों और शर्तों को पूरा करने पर अधिग्रहण पूरा किया जाना था. यही प्रक्रिया अब पूरी हो गई है.

# नवंबर में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर

**वाहन बिक्री फाडा**

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री नवंबर में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई. इस दौरान यात्री वाहन और दोपहिया खंडों की बिक्री सबसे अधिक रही. वाहन डीलर के निकाय फाडा ने मंगलवार को यह बात कही. कुल खुदरा बिक्री नवंबर में 18 प्रतिशत बढ़कर 28,54,242 इकाई रही, जो नवंबर 2022 में 24,09,535 इकाई थी. यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 3,60,431 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 3,07,550 इकाई थी. इसी तरह दोपहिया वाहनों का पंजीकरण पिछले महीने 21 प्रतिशत बढ़कर 22,47,366 इकाई हो गया, जो पिछले साल नवंबर में 18,56,108 इकाई था. फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, नवंबर 2023 में भारतीय मोटर वाहन खुदरा उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक महीना बन गया है. इस महीने 28.54 लाख वाहन बेचे गए. इससे पहले मार्च 2020 में सर्वाधिक 25.69 लाख वाहन बेचे गए थे. उन्होंने कहा कि दोपहिया और यात्री वाहन खंड ने पिछले महीने नए रिकॉर्ड बनाए. सिंघानिया ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में 22.47 लाख वाहनों की बिक्री देखी गई. यह मार्च 2020 के पिछले उच्च स्तर से 1.77 लाख अधिक है. यात्री वाहन श्रेणी में 3.6 लाख इकाइयां बेची गईं, जो अक्टूबर 2022 के पिछले उच्च स्तर से 4,000 इकाइयां अधिक है.

उन्होंने कहा कि पिछले महीने पीवी की बिक्री दीपावली और नए और आकर्षक मॉडल जारी होने से बढ़ी. तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने बढ़कर 99,890 इकाई हो गई, जो नवंबर 2022 से 23 प्रतिशत अधिक है. हालांकि, नवंबर में ट्रैक्टर की बिक्री 21 प्रतिशत घटकर 61,969 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 78,720 इकाई थी.

### सुजुकी मोटर गुजरात ने 30 लाख उत्पादन का आंकड़ा किया पार

**भाषा। नयी दिल्ली**

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की गुजरात स्थित इकाई ने 30 लाख संचयी उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है. एमएसआई की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) ने फरवरी 2017 में परिचालन शुरू करने के बाद से करीब 6 साल 11 महीने में यह उपलब्धि हासिल की. एसएमजी की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7.5 लाख इकाई है. संयंत्र में निर्मित वाहन घरेलू व निर्यात दोनों बाजारों में बेचे जाते हैं. एमएसआई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, सुजुकी मोटर गुजरात के अधिग्रहण के साथ हम अपने उत्पादन लचीलेपन को और बढ़ा रहे हैं. हमारे बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन भी गुजरात संयंत्र में किया जाएगा. इसके वित्त वर्ष 2024-25 में शुरू होने की उम्मीद है.

वर्तमान में इस सुविधा में स्विफ्ट, बलेनो, डिज़ायर और फ्रोंक्स जैसे कुछ लोकप्रिय मॉडल बनाए जाते हैं. ताकेउची ने कहा कि 2022-23 में एसएमजी में निर्मित करीब 50 प्रतिशत वाहन वैश्विक बाजारों में निर्यात किए गए. एमएसआई के निदेशक मंडल ने हाल ही में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी) जापान से एसएमजी के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी. एसएमजी पहले एसएमसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी थी. अब यह मारुति सुजुकी के स्वामित्व में है.

### किआ ने ईवी चार्जिंग के लिए कई चार्ज प्वाइंट ऑपरेटर जोड़े

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता किआ इंडिया ने इलेक्ट्रॉनिक वाहनों (ईवी) की चार्जिंग के लिए मल्टीपल चार्ज प्वाइंट ऑपरेटर (सीपीओ) को जोड़ने और अपने चार्जिंग ऐप में एक नई सुविधा 'के-चार्ज' शामिल करने की बुधवार को घोषणा की. कंपनी ने बयान में कहा कि 'माईकिआ' ऐप में नया फीचर उपयोगकर्ताओं को देशभर में 1,000 से अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का पता लगाने की सुविधा देता है. इसके अलावा कार निर्माता ने अन्य कार कंपनियों के ग्राहकों के लिए भी इस चार्जिंग नेटवर्क तक पहुंच बढ़ाने की बात कही है. किआ ने इस पहल को लागू करने के लिए पांच चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों- स्टेटिक, चार्जजोन, रिलक्स इलेक्ट्रिक, लॉयन चार्ज और ई-फिल के साथ सहयोग किया है. किआ इंडिया के बिक्री एवं विपणन प्रमुख हरदीप सिंह बराड़ ने के-चार्ज को ग्राहकों के लिए एक सुविधाजनक पहल बताते हुए कहा कि यह टिकाऊ गतिशीलता को सबके लिए सुविधाजनक और सुलभ बनाने की दिशा में एक कदम है. कंपनी भविष्य में नए सीपीओ को शामिल करके चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करेगी.

## प्याज, टमाटर की कीमतों ने बढ़ाई मांसाहारी थाली की कीमत



**भाषा। मुंबई**

प्याज और टमाटर की बढ़ती कीमतों के कारण नवंबर में सामान्य शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत में मासिक आधार पर वृद्धि हुई है. एक घरेलू रेटिंग एजेंसी बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी. क्रिसिल एमआईएंडए रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्याज और टमाटर की कीमतों में मासिक आधार पर 58 प्रतिशत तथा 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी के कारण दाम बढ़े हैं. त्योहारी मांग और अनियमित वर्षा के कारण खरीफ के मौसम में कम उत्पादन के कारण प्याज और टमाटर की कीमतों में वृद्धि हुई.

रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी थालियों की कीमत में मासिक आधार पर क्रमशः 10 प्रतिशत और पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई. मासिक आधार पर मुर्गियों की कीमतों में मामूली एक से तीन प्रतिशत की गिरावट आई. मांसाहारी थाली की कीमत में मुर्गियों की कीमत का 50 प्रतिशत योगदान है. प्याज और टमाटर की कीमतों में क्रमशः 93 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ गई. दालों की कीमतें सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़ी. इनका शाकाहारी थाली की कीमत में नौ प्रतिशत योगदान है. घर पर बनी भोजन की थाली की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित कच्चे माले की कीमतों के आधार पर की जाती है.

**उछाल** घरेलू बाजारों के नए शिखर पर पहुंचने से निवेशकों की पूंजी बढ़ी

# सुबह के सौदों में निवेशकों की पूंजी 2.17 लाख करोड़ बढ़ी

**भाषा। नयी दिल्ली**



निवेशकों की पूंजी बुधवार को 2.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई. विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत पूंजी प्रवाह से घरेलू बाजारों के नए शिखर पर पहुंचने से निवेशकों की पूंजी बढ़ी है. घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार सातवें सत्र में तेजी जारी रही और वे नई ऊंचाई पर पहुंच गए. बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 303.25 अंक या 0.44 प्रतिशत उछलकर 69,599.39 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. निफ्टी भी 100.05 अंक या 0.48 प्रतिशत चढ़कर 20,955.15 के नए सर्वकालिक स्तर पर पहुंच गया.

बाजार में तेज उछाल से निवेशकों की पूंजी 2.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई. बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) मंगलवार को संयुक्त रूप से 348.64 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया. सोमवार को यह 346.47 लाख करोड़ थी. विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी बिक्री रणनीति को उलट दिया है और पिछले सात दिन से लगातार खरीदार बने हुए हैं. यह रुख भारतीय बाजार में उनके विश्वास को दर्शाता है. सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी के शेयर में सबसे अधिक 1.70 प्रतिशत, विप्रो में 1.43 प्रतिशत, टेक महिंद्रा में 1.36 प्रतिशत और नेस्ले इंडिया में 1.27 प्रतिशत की तेजी आई. एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स और रिलायंस भी लाभ में रहे. बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 29 नवंबर को पहली बार 4000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया. एनएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को पहली बार 4000 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया था.

### एयरलाइन उद्योग को 2024 में 25.7 अरब डॉलर के लाभ की उम्मीद

**जिनेवा ।** विमानन कंपनियों के वैश्विक समूह आईएटीए ने बुधवार को कहा कि यात्री एवं कार्गो (ढुलाई) दोनों खंडों में सामान्य वृद्धि होने से एयरलाइन उद्योग वर्ष 2024 में 25.7 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज कर सकता है. इसके साथ ही कैलेंडर वर्ष 2023 में विमानन उद्योग का शुद्ध लाभ 23.3 अरब डॉलर रह सकता है. इसके पहले संगठन ने जून में कहा था कि इस साल शुद्ध लाभ 9.8 अरब डॉलर रहने का अनुमान है. अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) में दुनियाभर की 300 से अधिक एयरलाइन कंपनियां शामिल हैं. आईएटीए ने कहा कि एयरलाइन उद्योग का परिचालन लाभ वर्ष 2023 के 40.7 अरब डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 49.3 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है.

## 75 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा अडाणी समूह

**भाषा। नईदिल्ली**

अडाणी समूह की योजना 2030 तक समूह की ऊर्जा बदलाव पहल पर 75 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की है. समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को यह जानकारी दी. अडाणी ने बुधवार को बयान में कहा कि इस निवेश से 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के समूह के दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा. समूह के चेयरमैन ने कहा, हम बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा, स्वदेशी पूर्णतः एकीकृत विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और हरित हाइड्रोजन समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हमारी ऊर्जा बदलाव पहल पर 2030 तक 75 अरब डॉलर का कुल निवेश 2030 तक 45 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के हमारे दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा. यह भारत को कॉर्बन मुक्त करने के मार्ग में एजीईएल की भूमिका को मजबूत करेगा. यह निवेश अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के जरिए किया जाएगा. अमेरिका स्थित मेरकॉम कैपिटल ग्रुप की नवीनतम वार्षिक वैश्विक रिपोर्ट में एजीईएल दूसरे सबसे बड़े वैश्विक सौर पीवी डेवलपर के रूप में उभरा है. इसका परिचालन वाला नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो 8.4 गीगावाट है, जो भारत में सबसे अधिक है. यह 12 राज्यों में फैला हुआ है, जो संचयी रूप से 4.1 करोड़ टन से अधिक सीओ2 उत्सर्जन की भरपाई करता है.

▼ ब्रीफ खबरें

### धनवार शहरी जलापूर्ति योजना का प्रस्ताव तैयार

**रांची।** नगर विकास विभाग ने धनवार और डोमचांच शहरी जलापूर्ति योजना को लेकर प्रस्ताव तैयार किया है. केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 के तहत डोमचांच के लिए 9227 लाख की जलापूर्ति योजना तैयार की गई है, वहीं शहरी जलापूर्ति योजना के तहत धनवार के लिए 7251 लाख रुपये की योजना तैयार की गई है. गुरुवार को इन दोनों योजनाओं को कैबिनेट से मंजूरी मिल सकती है.

### पीके सिन्हा ईसीआरकेयू गोमो के शाखा सचिव बने

**गोमो ।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गोमो के शाखा सचिव लोको पायलट पीके सिन्हा को बनाया गया है . स्टेशन मास्टर एसएन झा अध्यक्ष व सीनियर टेक्नीशियन आरबी चौधरी को सहायक सचिव पद पर मनोनीत किए गए हैं. हाजीपुर जोन के महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष डीके पांडे की अनुशंसा पर जीएम कार्यालय हाजीपुर के पत्र के आलोक में धनबाद रेल मंडल के डीपीओ( 2 ) रतन राकेश लकड़ा ने 4 दिसंबर को विभागीय पत्र जारी कर सूचनार्थ प्रेषित किए हैं.

### सारंडा के मकरंडा पंचायत में लगा शिविर

**मनोहरपुर ।** प्रखंड के सुदूरवर्ती सारंडा के मकरंडा पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मनोहरपुर प्रखंड प्रमुख गुरुवारी देवगम,बीडीओ शक्तिकुंज,मुखिया रानी गुड़िया उपस्थित थे. जिनके हाथों से विधिवत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख, बीडीओ, मुखिया एवं अन्य के हाथों विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के अलावा कंबल का वितरण किया गया.

### बसपा ने मनाया महा परिनिर्वारण दिवस

**चाईबासा ।** बीएसपी, प सिंहभूम जिला के तत्वावधान में भारतीय संविधान निर्माता,नारी समाज के मुक्तिदाता,कमजोर एवं दलित शोषितों का मसीहा,परमपूज्य डॉ भीमराव अंबेडकर का महा परिनिर्वारण दिवस बानागुटू चाईबासा क्षेत्र में मनाया गया है.जिसमें मुख्य अतिथि तुरी सुन्डी एवं विशिष्ट अतिथि मेवालाल होनहगा उपस्थित हुए.कार्यक्रम को मुख्य अतिथि तुरी सुन्डी ने भारतीय संविधान निर्माता, परमपूज्य बाबासाहेब डॉ बीआर अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया.

### सिंहभूमि क्षत्रीय महासभा ने निकाला कैंडल मार्च

**चांडिल ।** सिंहभूम क्षत्रीय महासभा की ओर से बुधवार को करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में चांडिल में कैंडल मार्च निकाला गया. वहीं महासभा के सदस्यों ने उनकी पुण्य आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित किया. शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर शोक संतप्त परिवार के लिए भगवान से प्रार्थना की गई. सिंहभूमि क्षत्रीय महासभा के सदस्यों ने कहा कि उनकी हत्या शासन एवं प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है.

### अमन हत्याकांड के बाद बढ़ी कोर्ट की सुरक्षा

**धनबाद ।** धनबाद जेल में बंद शूटर अमन सिंह की हत्या के बाद धनबाद कोर्ट परिसर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान, प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी ने बुधवार शाम करीब 4:30 बजे कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को अंदर प्रवेश करने के हर स्थान पर गहनता से चेकिंग करने का निर्देश दिया है.

### टेढ़ी हरैया की टीम ने हासनदाग को हराया

**मेराल ।** मेराल प्रखंड के हासनदाग गांव में स्वर्गीय कौशल कुमार ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी क्रिकेट स्मृति क्लब टूर्नामेंट के तत्वावधान में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हासनदाग और टेढ़ी- हरैया के टीमों के बीच खेला गया. इस मैच में टेढ़ी हरैय ने हासनदाग को चार रनों से हराया. इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने टेढ़ी हरैया की टीम को 21000 नगद एवं शील्ड दिया.

रेलवे से वेतन लेते हैं 40 से 50 हजार रुपये, 10 से 15 हजार देकर मित्र व करीबियों से कराते हैं काम

# हाजिरी बनाकर चले जाते हैं रेलकर्मी, करीबियों से कराते हैं ड्यूटी

**संवाददाता । धनबाद**



धनबाद रेल मंडल में वर्तमान समय में 25 हजार से अधिक रेलकर्मी हैं. जिसमें दर्जनों रेलकर्मी ऐसे हैं जो हाजिरी बनाकर चले जाते हैं और अपने बदले करीबियों से ड्यूटी कराते हैं. जिसमें परिचालन व अन्य विभाग के पोर्टर समेत कई रेलकर्मी हैं. सूत्रों के अनुसार पिछले कई वर्षों से दर्जनों रेलकर्मी ऐसे हैं, जो पदाधिकारियों से सेटिंग कर अपने बदले में मित्र या करीबियों से ड्यूटी कराते हैं. रेलकर्मी सिर्फ हाजिरी बनाकर 40 से 50 हजार रुपये वेतन ले रहे हैं. वे अपने बदले 8 से 12 घंटे की ड्यूटी कराकर मित्र या करीबियों को 10 से 15 हजार रुपये वेतन देते हैं. यह सबकुछ गोपनीय तरीके से चलता है. दूसरे किसी रेलकर्मी को पता भी चल जाता है तो वह किसी वरीय पदाधिकारी को इसलिए शिकायत नहीं करता है कि कहीं उसका तबादला सैकड़ों किमी दूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में न कर दिया जाए. क्योंकि कई ऐसे रेलकर्मी हैं जो वर्षों से नक्सल प्रभावित सैकड़ों किमी दूर ग्रैंडकॉर्ड और सीआईसी सेक्शन के स्टेशनों व हॉल्ट में ड्यूटी कर रहे हैं. रेलकर्मियों की पत्नी व बेटे संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर थक चुके हैं, लेकिन 8 से 10 साल बाद भी मुख्यालय के स्टेशन या कार्यालयों में पोस्टिंग नहीं की गई है.

#### नाइट ड्यूटी करने वाले रेलकर्मी सबसे अधिक उठाते हैं फायदा

सूत्रों के अनुसार नाइट ड्यूटी में काम करनेवाले रेलकर्मी सबसे अधिक फायदा उठाते हैं . वे रात्रि में हाजिरी बनाकर चले जाते हैं और अपने बदले दूसरे व्यक्ति को ड्यूटी पर लगा देते हैं . संबंधित विभाग के पदाधिकारी को इसके बदले नजराना मिल जाता है . एक तरफ रेलवे से वेतन ले लेते हैं और दूसरे तरफ दिन में कोई दूसरा काम कर पैसा कमा लेते हैं . इन रेलकर्मियों में कोई ठेकेदारी तो कोई निजी व्यवसाय करते हैं . ऐसे रेलकर्मी बड़े अधिकारियों के काफी चहेते होते हैं, जिसके कारण उन्हें कोई परेशानी नहीं होती है .

आओ जानें

### झारखंड के प्रमुख विश्वविद्यालय

- रांची विश्वविद्यालय, रांची बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची
- भारतीय खनि विद्यापीठ विश्वविद्यालय, धनबाद
- विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
- सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका
- नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर
- बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद
- अर्का जैन विश्वविद्यालय, जमशेदपुर
- डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची
- कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

अरका जैन यूनिवर्सिटी में स्वास्थ्य मूल्यांकन मॉड्यूल कार्यशाला आयोजित

# नर्सिंग छात्रों ने व्यावहारिक कौशल की बारीकी को जाना

**संवाददाता । जमशेदपुर**

अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ नर्सिंग में की ओर से भावी नर्सों को व्यापक व्यावहारिक ज्ञान से लैस करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें विशेष रूप से बीएससी के विद्यार्थियों के लिए डिजाइन किए गए एक अभिनव स्वास्थ्य मूल्यांकन मॉड्यूल का अनावरण किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य सैद्धांतिक शिक्षा और व्यावहारिक नैदानिक अभ्यास के बीच अंतर को दर्शाना व समझाना था. अरका जैन यूनिवर्सिटी के जेईएच ऑडिटोरियम ब्लॉक आर्यभटटा कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसकी शुरुआत नर्सिंग के छात्र सुजॉय मैती नर्सिंग छात्र ने एक परिचयात्मक सत्र के साथ की, जिसमें विभिन्न शारीरिक प्रणालियों को समझने में स्वास्थ्य मूल्यांकन के महत्व और दायरे को रेखांकित किया.

नर्सिंग ट्यूटर रोहित पॉल लकड़ा ने मस्कुलोस्केलेटल प्रणाली और इसकी शारीरिक रचना, कार्यों, सामान्य बीमारियों और मूल्यांकन तकनीकों के बारे में बताया. स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए प्रतिभागी चर्चाओं और व्यावहारिक प्रदर्शनों में लगे रहे.अतिथि वक्ता ने संबोधित करते हुए कार्यशाला में उनकी विशेषज्ञता और योगदान पर प्रकाश डाला. की-नोट स्पीकर डॉ अरुण कुमार, न्यूरोलॉजिस्ट (वरिष्ठ सलाहकार), ब्रह्मानंद नारायण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को पौधा भेंट कर स्वागत किया.डॉ अरुण कुमार ने नर्सिंग करियर की शुरुआत में इन कौशलों को निखारने के महत्व पर जोर दिया. ब्रह्मानंद नारायण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ अरुण कुमार, सेंट्रल नर्वस सिस्टम पर गहन ज्ञान साझा किया.स्कूल ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य द्वारा आभार स्वरूप डॉ अरुण कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया.



#### हृदय स्वास्थ्य के मूल्यांकन की दी जानकारी

नर्सिंग ट्यूटर अंशुमाला खलखो ने हृदय स्वास्थ्य, संचार प्रणाली के कार्यों, सामान्य हृदय मूल्यांकन और हृदय स्वास्थ्य के मूल्यांकन के तरीकों को कवर किया . नर्सिंग ट्यूटर वर्षा बसुरी ने जेनिटोरिनरी सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें मूत्र और प्रजनन स्वास्थ्य, मूल्यांकन विधियों और समग्र स्वास्थ्य मूल्यांकन में इन आंकलन के महत्व पर चर्चा की गई . अंशुमाला खलखो ने वक्ताओं, सुविधा प्रदाताओं, नर्सिंग छात्रों और आयोजकों के योगदान को स्वीकार करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया . साथ ही इसमें उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला से मिली प्रमुख सीख पर प्रकाश डाला . प्रो जिनु एनी जोसेफ के मार्गदर्शन और कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर देने के लिए आभारी हैं . उन्होंने इस आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा करने में मदद के लिए प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो (डॉ) एसएस रजी के प्रति भी आभार जताया . उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से डॉ अरुण कुमार, अनुभवी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और शिक्षकों के नेतृत्व में सत्र छात्रों को स्वास्थ्य मूल्यांकन तकनीकों की जटिलताओं को समझने का अवसर प्राप्त हुआ . इंटरैक्टिव प्रदर्शनों और सिमुलेशन के माध्यम से, प्रतिभागियों ने रोगी मूल्यांकन के महत्वपूर्ण पहलुओं, उनकी भविष्य की भूमिकाओं के लिए महत्वपूर्ण कौशल में महारत हासिल की .

### खिलाड़ियों तो फीफा नियमों को अपनाकर मिलेगी सफलता: एसपी

**सेन्हा ।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठियो खेल मैदान में आदिवासी अखड़ा समिति सीठियो के तत्वावधान में 17वां कार्तिक उरांव अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. मुख्य अतिथि जिले के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां, विशिष्ट अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद,जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, मुखिया शोभा देवी, आदिवासी अखड़ा समिति के अध्यक्ष फुलदेव उरांव, साजिद अहमद चंगू, समाजसेवी मुजिबुल रहमान, राजा सहित अन्य के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं स्व कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर खेल का उद्घाटन किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सीठियो गांव स्थित खेल मैदान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के नियम फीफा के साथ फुटबॉल खेल खेलें है दोनों टीमों का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा. खेल में हार जीत एक प्रक्रिया है जो लगा रहता है. एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि मेहनत करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है. उन्होंने कहा कि बच्चे खेल के साथ पढ़ाई नियमित रूप से करते रहें और जीवन के मुश्किल से लड़ना सीखें पढ़ाई और खेल जीवन को बेहतर बनाता है. इधर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को आगे लाने की दिशा में राज्य सरकार ध्यान दे रहें है आप जिस खेल में रुचि रखते है उसमें लगातार मेहनत करें और मंजिल तक पहुंच कर समाज के अन्य लोगों को प्रेरणा बने.

# महिला को शिक्षा से वंचित रखना सबसे बड़ी लैंगिक हिंसा: डीसी

**संवाददाता। लोहरदगा**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं जेएसएलपीएस लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को लिंग हिंसा के खिलाफ सामुदाय आधारित अभियान नई चेतना-सह-डायन प्रथा उन्मूलन हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आज नगर भवन, लोहरदगा में किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डालसा सचिव राजेश कुमार समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई. मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि वर्तमान समय में किसी महिला को शिक्षा से वंचित रखना सबसे बड़ी लैंगिक हिंसा है. अगर आप उसे शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं दे रहे हैं या उसे रोक रहे हैं तो यह सबसे बड़ी लैंगिक भेदभाव है. मेरा मानना है कि परिवार में जो अवसर पुरूष को मिल रहा है, वह अवसर महिला को भी मिलना चाहिए. एक महिला परिवार को संवारने का कार्य करती है. अगर हम उसे शिक्षा प्राप्त करने से रोकेंगे तो यह उसके वजूद को खत्म करने जैसा होगा.

#### जेएसएलपीएस के उत्पादों को मिले जगह

उपायुक्त ने कहा कि जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं बेहतर उत्पाद बनाती रही हैं . यहां कई उत्पाद हैं जो काफी बेहतर हैं . उन्हें बाजार में जगह मिलनी चाहिए जितना अन्य कंपनियों के उत्पादों को मिलता है . जिला प्रशासन हमेशा आपके सहयोग के लिए खड़ा है .

# मांग पूरी नहीं हुई तो जारी रहेगा हमारा धरना: पोदना

**संवाददाता । रांची**

1971 में भारत पाकिस्तान की युद्ध में घायल पोदना बलमुचु समेत परिवार का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा. इस दौरान राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव बुधवार को भूतपूर्व सैनिक पोदना बलमुचु समेत परिवार से मिले और धरना दे रहे लोगों के साथ में धरना स्थल पर अनिश्चित काल के लिए बैठ गए. इस मौके पर उत्तम यादव ने कहा कि देश की सेवा करने वाला पूरा परिवार सरकार से हक अधिकार की मांग कर रहा है. इसके बावजूद राज्य में सम्मान नहीं मिलना दुख की बात है.सरकार इनकी मांग पूरी करे. नही तो उग्र आंदोलन करेंगे. आज ये अकेले अपना हक अधिकार मांग रहे हैं. राज्य भर के शहीद परिवार को बुलाकर राजभवन के समक्ष धरना देगे.



**1971 भारत पाकिस्तान की युद्ध में घायल हुए थे :** पूर्व सैनिक पोदना बालमुचु ने कहा कि मार्च में चाईबासा डीसी कार्यालय के समक्ष अपनी मांग को लेकर 9 दिन तक धरना दिया था. पश्चिम सिंहभूम से रांची पहुंचने में चार दिन लग गये. 140 किमी दूरी तय कर रांची पहुंचे हैं. सरकार द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार घायल परिवार को भूमि, नौकरी, पेंशन दी जाती है. उसी कानून के तहत सरकार से अपना हक मांग रहे हैं. अधिकार देने का प्रावधान है तो लिख कर दीजिए.

### एमएड प्रशिक्षुओं को एक माह के इंटर्नशिप के बाद विदाई

**चाईबासा ।** बीएड विभाग के छात्राओं द्वारा कोल्हान विश्वविद्यालय से आए एमएड प्रशिक्षुगणों को एक माह के इंटर्नशिप के बाद विदाई दी गई. बुधवार को विदाई समारोह की शुरुआत बीएड बहुउद्देशीय कक्ष में दीप जलाकर किया गया.इस अवसर पर महिला कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो डोरिस मिंज ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान इंटर्नशिप एक महत्वपूर्ण पद होता है.जिससे प्रशिक्षुगणों तथा अध्यनरत विद्यार्थियों दोनों को लाभ होता है. इस अवसर पर उपस्थित बीएड के विभागाध्यक्ष मो मोबारक करीम हाशमी ने सभी एमएड प्रशिक्षुओं को एक माह के दौरान सभी प्रशिक्षण क्रियाकलाप सफलतापूर्वक करने के लिए धन्यवाद दिया.उनके सुंदर भविष्य की कामना की.मौके पर मौजूद कोल्हान विश्वविद्यालय की एमएड विभागाध्यक्ष डॉ सुचित्रा बेहरा ने सभी प्रशिक्षुओं को इंटर्नशिप पूरा होने पर बधाई दी. इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं तथा बीएड छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा अपने कौशलात्मक विकास का परिचय दिया.

# गैर कानूनी कारोबार का हब बना चांडिल , कानून व्यवस्था चौपट

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र गैर कानूनी कारोबार का हब बन गया है.यहां कानून का नहीं, बल्कि अवैध कारोबार करने वालों का राज चलता है.यही कारण है कि टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के किनारे खुलेआम ट्रकों से अवैध रूप से कोयला उतारा जाता है और अन्य वाहनों से छड़, सीमेंट, स्पंज आयरन समेत अन्य सामग्री कटिंग की जा रही है.टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 हो या चांडिल-धनबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 32 दोनों मुख्य सड़कों के साथ ही चौका-कांड्रा सड़क,चौका-पातकुम सड़क और रांगामाटी-सिल्ली सड़क के किनारे अवैध कारोबारों का अड्डा कुकुरमुत्ते की तरह खुल गया है. कानून व्यवस्था को मुंह चिढ़ाता काला कारोबार क्षेत्र के लिए बदनुमा दाग बनता जा रहा है.

**ढाई किलोमीटर में पांच अड्डा :** होटलों और झाड़ियों की आड़ में काले कारनामों से धन कमाने की धंधेबाजों की ललक देखकर आम लोग आश्चर्य में हैं. बताया जा रहा है कि टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर ईचागढ़ थाना के करीब ढाई किलोमीटर के क्षेत्र में पांच स्थानों पर अवैध कारोबार संचालित हो रहे हैं.दारुदा और नागासेरेंग साप्ताहिक बाजार के पास पुलिस की नाक के नीचे से धड़ल्ले से कोयले का अवैध कारोबार किया जा रहा है, लेकिन इस मामले में पुलिस अनजान हैं. नीमडीह थाना क्षेत्र के लुपुंगडीह और आदरडीह में दो स्थानों पर बेरोकटोक गोरखधंधा चल रहा है. वहीं चौका थाना क्षेत्र में तो अवैध कारोबार अब उद्योग का रूप ले लिया है. ग्रामीणों का कहना है कि खुलेआम किए जा रहे अवैध कारोबार की जानकारी क्या क्षेत्र की पुलिस को नहीं है या उनके संरक्षण में धंधा किया जा रहा है. चांडिल थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित तीन मिनी शराब फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ हो चुका है. तीनों स्थानों में बड़े पैमाने पर नकली शराब बनाया जाता था. आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसी क्षेत्र में और भी मिनी फैक्ट्री हो सकती है.

### आरवीएस एकेडमी के छात्रों ने किया आरवीएस कॉलेज का दौरा

**जमशेदपुर ।** मानगो के डिमना स्थित आरवीएस एकेडमी के 2 के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा किया. कॉलेज के प्रो सुशांत मोहंती ने छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह दौरा आप सभी के लिए अपने करियर के चुनाव में काफी मददगार साबित होगा. इस कॉलेज में इंजीनियरिंग, बीबीए, बीसीए, एमसीए एवं डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग आदि की छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गयी. कॉलेज के करियर काउंसलर प्रो जीवन कुमार ने छात्र-छात्राओं को कॉलेज के सभी विभागों की प्रयोगशालाएं दिखायी एवं उपयोगिता बतायी. उन्हें अपना करियर किस क्षेत्र में बनाना चाहिए इस विषय पर विस्तार से समझाया। छात्र-छात्राएं कॉलेज का भ्रमण कर काफी उत्साहित नजर आये. कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के भ्रमण इसलिए जरूरी हैं कि बच्चे अक्सर गलत क्षेत्र का चुनाव कर लेते हैं, जिस वजह से उन्हें काफी दिक्कत होती है.

बोकारो के विभिन्न स्कूलों में खुशी क्लास का आयोजन

# सकारात्मकता भरी हंसी आपके व्यक्तित्व को निखारती है : चौहान

**संवाददाता । बोकारो**



श्री अय्यपा प्लस टू विद्यालय बोकारो सिटी, सतनपुर प्लस टू उवि और रामरुद्र प्लस टू स्कूल ऑफ एक्सीलेंस चास में खुशी क्लास का आयोजन हुआ. दूसरे सत्र में सतनपुर स्कूल कैंपस में खुशी चौपाल का आयोजन हुआ. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देना है. सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है. यों कहें सकारात्मकता ही आपको सफलता दिलाएगी.

चौहान ने सकारात्मकता की ताकत से संबंधित कहानी भी सुनाईः एक गांव में दो मित्र थे. गांव के 5 किमी की परिधि में तकरीबन 30 गांव थे. पढ़ाई के लिए एकमात्र प्राथमिक विद्यालय था. एक मित्र सोचता, यहां शिक्षा के लिए कुछ होना चाहिए. दूसरे मित्र ने सोचा, मुझे अपने गांव के लिए कुछ करना है. वह अपनी खेतिहर जमीन का एक टुकड़ा बेच कर गांव में स्कूल बनाने लगा. उसका हौसला देख ग्रामीणों ने भी मदद शुरू कर दी. 3-4 साल के अंदर उसका स्कूल पूरे एरिया में प्रसिद्ध हो गया. 2 हजार छात्र हो गए. उसकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो गई. पहला मित्र सोचता रहा, दूसरा मित्र बाजी मार ले गया. आप देखें, एक दोस्त सिर्फ सोचता रहा, दूसरों पर दोष मढ़ता रहा.यह असफलता, निराशा और नकारात्मकता का प्रतीक है, जबकि दूसरे दोस्त ने अपने बूते परिवर्तन की लहर बहा दी. यही विजेता की पहचान है.

चौहान ने बच्चों से कहा- शिव खेरा की सुनें, " विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारने वाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए ". साथ ही धीरूभाई अंबानी की भी सुन लें- " बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, आगे की सोचो, क्योंकि विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है.

**श्रद्धांजलि** नेशनल फाउंडेशन ऑफ अंबेडकर मिशन के लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी

# पुण्यतिथि पर याद किए गए संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर

**संवाददाता। धनबाद**

संविधान निर्माता बाबा साहब की पुण्यतिथि पर नेशनल फाउंडेशन ऑफ अंबेडकर मिशन के लोगों ने बुधवार को धनबाद के डीआरएम चौक के समीप स्थापित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के संघर्षों को याद किया .

इस मौके पर नेशनल फाउंडेशन ऑफ अंबेडकर मिशन के अध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने कहा कि बाबा साहेब न सिर्फ संविधान के शिल्पकार थे बल्कि शोषितों एवं वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा भी थे. वह आधुनिक भारत के निर्माता थे. उन्होंने संविधान और शिक्षा के बदौलत भारत में छुआ छूत जैसे विकराल बीमारी को भी भारत जैसे देश से समाप्त किया .उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का महान योगदान युगों - युगों तक याद किया जाएगा.



डीआरएम चौक पर स्थापित प्रतिमा को बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते लोग.

### महुदा में मनाई गयी डॉ. अंबेडकर की 68वीं पुण्य तिथि

**महुदा ।** महुदा के मुर्लीडीह 20/21 अंबेडकर चौक में अम्बेडकर विचार मंच ने देश के शिल्पकार डॉ . भीमराव अंबेडकर का 68वां पुण्यतिथि मनाया .इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया .वहीं मंच के अध्यक्ष अब्दुल समद अन्सारी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब भारत के एकमात्र ऐसे महापुरुष हुए जिन्होंने देश के सभी वर्गों को समानता का अधिकार दिलाया .

### प्रतिमा को दूध से नहलाकर मनाई गई पुण्यतिथि



**सिंदरी ।** भारत के प्रथम कानून मंत्री व संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 67 वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर रोहड़ाबांध स्थित बाबासाहेब की आदमकद प्रतिमा को भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने बुधवार को दूध से नहलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की . इसके साथ ही भाकपा (मा), बुद्धिजीवी कल्याण मंच सहित अन्य सदस्यों ने भी बाबासाहेब को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की .लक्की सिंह ने बाबासाहेब को देश का गौरव बताते हुए सिंदरी के आसपास की दर्जनों महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया . उन्होंने कहा कि भारत के विशाल संविधान के रचयिता बाबासाहेब महान पुरुष थे . इनको युगांतर तक पूजा जाएगा .

### संपत्ति से जुड़े कार्यो का भी उठाये लाभ : अपर समाहर्ता

**धनबाद।** जिले में चल रही आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया जा रहा है. शेष बचे कार्यो के लिए समय सीमा भी निर्धारित की जा रही है. इसके अलावा हमलोग व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी कर रहे है. इसके अलावा राजस्व विभाग से जुड़े कार्यो के लिए सभी शिविरों में अलग से कांउटर भी बनाये गये है. जहां कोई भी व्यक्ति जमीन से जुड़े कार्य के लिए आवेदन दे सकता है. उक्त जानकारी बुधवार को अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि राजस्व अभिलेखों में संशोधन, संपत्ति अथवा भूमि का म्यूटेशन, संपत्ति अथवा भूमि की मापी, लगान रसीद, ऑनलाइन भू-अभिलेख में सुधार आदि कार्य कांउटर पर किये जा रहे है.

▼ ब्रीफ खबरें

### कैरोलिन वोज्नियाकी को वाइल्ड कार्ड मिला

मेलबर्न । दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी को ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2024 के लिये वाइल्ड कार्ड दिया गया है. वह सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में अपने दोनों बच्चों को लेकर आने की सोच रही हैं. ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी और ऑस्ट्रेलिया के छह खिलाड़ियों को पहले चरण में वाइल्ड कार्ड दिये गए. तीन साल के ब्रेक के बाद 33 वर्ष की वोज्नियाकी अगस्त में ही कोर्ट पर लौटी है. उन्होंने मांट्रियल और सिनसिनाटी में खेला और अमेरिकी ओपन में चौथे दौर तक पहुंची जहां उन्हें कोको गॉ ने हराया.

### मेरे इलाके में 30 घंटे से बिजली नहीं है : अश्विन

**चेन्नई** । भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के कारण चेन्नई के लोगों की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि उनके अपने इलाके में पिछले 30 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल है. तमिलनाडु और आसपास के इलाकों में 'मिगजॉम' तूफान ने तबाही मचाई हुई है. चेन्नई में मंगलवार को बारिश रूक गई लेकिन जगह जगह काफी पानी जमा है, बिजली कटी हुई है और मोबाइल नेटवर्क नहीं आ रहा. अश्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि मेरे इलाके में भी 30 घंटे से अधिक समय से बिजली नहीं है.

### 15 दिसंबर से स्नूकर और पुल चैंपियनशिप

**रांची** । बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक पांच दिवसीय 16 वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा. यह चैंपियनशिप शिक्षाविद डॉ. मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन 19 दिसंबर के उपलक्ष्य में विगत 15 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है. डॉ. जाकिर ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन 14 दिसंबर तक करवा सकते हैं. रजिस्ट्रेशन के लिए हुए यश किंग (9155088000), राहुल सिंह (9262728999) और इंद्रजीत (9341316833) से संपर्क किया जा सकता है. इस बार के इवेंट - मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर 6 रेड्स, 9 बॉल्स और पूल हैं.

# विश्व कप से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौट सकते हैं डु प्लेसी

**भाषा । अबुधाबी**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने संकेत दिया है कि वह अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं. डुप्लेसी ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच रॉब वाल्टर से पिछले कुछ समय से संपर्क में हैं. उन्होंने आखिरी बार टी-20 मैच 2020 में खेला था जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिये आखिरी मैच फरवरी 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेला था. उन्होंने अबुधाबी टी-10 लीग के प्रसारक से कहा कि मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौट सकता हूं. हम पिछले कुछ समय से इस पर बात कर रहे हैं. मैने नये कोच से इस पर बात की है.अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप में संतुलन देखना होगा. डुप्लेसी ने दुनिया भर की टी-20 लीग में शानदार प्रदर्शन किया है. उन्होंने इस साल आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिये 14 मैचों में 730 रन बनाये और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे. उन्होंने 2014 और 2016 टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट से आधिकारिक तौर पर संन्यास नहीं लेने के बावजूद उनका पिछले दो टूर्नामेंटों में चयन नहीं हुआ. वाल्टर ने सोमवार को कहा था कि डु प्लेसी, क्विंटोन डिकॉक और रिली रोसोयू का टी-20 विश्व कप में चयन हो सकता है.



**2023** आईपीएल में डु प्लेसी में 730 रन बनाए थे

> *डुप्लेसी ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच रॉब वाल्टर से पिछले कुछ समय से संपर्क में हैं. उन्होंने आखिरी बार टी-20 मैच 2020 में खेला था जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिये आखिरी मैच फरवरी 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेला था.*

## आओ जानें

### आईसीसी टी-20 रैंकिंग

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | रवि बिश्नोई | भारत | 699 |
| 2 | राशिद खान | अफगानिस्तान | 692 |
| 3 | वनिंदु हसरंगा | श्रीलंका | 679 |
| 4 | आदिल रशीद | इंगलैंड | 679 |
| 5 | महेश तीक्षणा | श्रीलंका | 677 |
| 6 | सैम कुरन | इंगलैंड | 659 |
| 7 | फजलहक फारूकी | अफगानिस्तान | 657 |
| 8 | मुजीब उर रहमान | अफगानिस्तान | 656 |
| 9 | अकेल हुसैन | वेस्ट इंडीज | 655 |
| 10 | एनरिक नॉर्टजे | दक्षिण अफ्रीका | 647 |

**जूनियर हॉकी विश्व कप : भारत और स्पेन के बीच मुकाबला आज**

# भारत को आत्मुग्धता से बचना होगा

**खास बातें**

- भारत ने अपने पहले मुकाबले में कोरिया को हराया था
- भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा

**भाषा । कुआलालंपुर**

एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप में सकारात्मक शुरूआत के बाद भारत को गुरुवार को पूल सी में स्पेन के खिलाफ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा. उपकप्तान अराइजीत सिंह हुंडल की हैट्रिक के दम पर भारत ने पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया. भारत के कोच सी आर कुमार टीम के प्रदर्शन से खास खुश नहीं दिखे. उन्होंने कहा कि टीम को बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करके अनावश्यक पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा. भारतीय टीम ने पहले मैच में छह पेनल्टी कॉर्नर दिये जबकि दो ही बना सकी. कुमार ने कोरिया के खिलाफ मैच के बाद कहा कि हमें खुशी है कि हमने पूरे तीन अंक लिये लेकिन हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा. हमने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल गंवाये जिस पर ध्यान देना होगा. उन्होंने कहा कि इतने पेनल्टी कॉर्नर देना सही नहीं है. हमने छह पेनल्टी कॉर्नर दिये और दो ही बना सके. इसमें एहतियात बरतने की जरूरत है.

### भारत ने 2001 और 2016 में जीता था विश्व कप

भारत ने 2001 में होबर्ट और 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीता है. वहीं 1997 में इंग्लैंड में रजत पदक जीता था. कप्तान उत्तम सिंह और हुंडल पिछली बार भी भुवनेश्वर में टूर्नामेंट खेले थे जब भारत चौथे स्थान पर रहा था. स्पेन ने 2005 में रॉटरडम में कांस्य पदक जीता था. इस पूल में भारत, स्पेन और कोरिया के अलावा कनाडा की टीम भी है. भारत को शनिवार को कनाडा से खेलना है. पूल ए में गत चैम्पियन अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, चिली और मलेशिया है जबकि पूल बी में मिस्र, फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका हैं. पूल डी में बेल्जियम, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान हैं. हर ग्रुप में से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल पहुंचेंगी.



**1997** विश्व कप में भारत ने जीता था रजत

### विकनेश की अपील को नाडा ने खारिज किया

**नई दिल्ली** । केरल के फुटबॉलर एम विकनेश की दो साल के प्रतिबंध को चुनौती देने वाली अपील नाडा के पैनल ने खारिज कर दी. यह प्रतिबंध विकनेश पर नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) की अनुशासनात्मक समिति ने लगाया था. देश में फुटबॉल खेल से संबंधित डोपिंग के गिने चुने मामले आये हैं.नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने सितंबर-अक्टूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों के दौरान लिये गये डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ 'टरब्यूटालिन' पाये जाने पर विकनेश को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया था जो 12 नवंबर 2022 से शुरू हुआ था. यह पदार्थ आमतौर पर खांसी के सीरप में पाया जाता है. दो दिसंबर को दिये गये आदेश में नाडा के अपील पैनल ने अनुशासनात्मक समिति के फैसले को बरकरार रखा था लेकिन इसकी तारीख में बदलाव कर इसे पांच अप्रैल 2023 से शुरू किया था.

**जूनियर बॉक्सिंग**

## रजत जीत अमीषा लौटीं रांची, एयरपोर्ट पर स्वागत



**संवाददाता । रांची**

इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अमीषा केरकेट्टा बुधवार को रांची लौटीं. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनके कोच द्रोणाचार्य एवार्ड से सम्मानित बीबी मोहंती और जेएसएसपीएस के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया. बताते चलें कि आर्मेनिया में आयोजित आईबीए वर्ल्ड जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के 54 किलो बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में बॉक्सर अमीषा को कजाकिस्तान की आयाजन सिडिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा था.

उन्होंने इस प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीता है. अमीषा झारखंड की पहली बॉक्सर हैं, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और रजत पदक जीता.

## आज अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत

**अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट : आज अफगानिस्तान से भिड़ेगा भारत**

**भाषा । दुबई**

भारत शुक्रवार को एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) पुरुष अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में अफगानिस्तान से भिड़ेगा. पाकिस्तान शुरूआती दिन के दूसरे मैच में नेपाल के सामने होगा. भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना रविवार को होगा. अमीरात क्रिकेट बोर्ड की मेजबानी में आयोजित किये जा रहे इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में आठ टीम शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी. इन टीम को चार चार के दो ग्रुप में विभाजित किया गया है. ग्रुप ए में भारत, अफगानिस्तान, नेपाल और पाकिस्तान शामिल हैं. पूल बी में बांग्लादेश, जापान, श्रीलंका और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात मौजूद हैं. प्रत्येक दो ग्रुप में से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी जो 15 दिसंबर को खेले जायेंगे. टूर्नामेंट का फाइनल 17 दिसंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा. वहीं सभी आईसीसी अकादमी ओवल्स एक और दो में खेले जायेंगे.

## जब तक चलूंगा आईपीएल खेलूंगा: मैक्सवेल

**मैक्सवेल ने कहा- आईपीएल शायद मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा**

**भाषा । मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के स्टार हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि जब तक वह चल पा रहे हैं, दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल में खेलते रहेंगे. पैंतीस वर्ष के मैक्सवेल हाल ही में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप जीत के नायकों में से एक रहे हैं. वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिये खेलेंगे. मैक्सवेल ने एएपी से कहा कि आईपीएल शायद आखिरी टूर्नामेंट होगा जो मैं खेलता रहूंगा. जब तक मैं चल सकता हूं , आईपीएल खेलता रहूंगा. उन्होंने कहा कि मेरे पूरे करियर में आईपीएल का काफी योगदान रहा है. जिन लोगों से मैं मिला हूं या जिन कोचों के मार्गदर्शन में खेला है . जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेला हूं. इससे मुझे बहुत फायदा मिला है . उन्होंने कहा कि आपको एबी डिविलियर्स और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ दो महीने खेलने का मौका मिल रहा है. इससे ज्यादा सीखने का मौका क्या हो सकता है. मैक्सवेल का मानना है कि अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को आईपीएल खेलना चाहिये. उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल खेलेंगे. यहां वेस्टइंडीज के समान हालात होंगे और गेंद स्पिन लेगी.

मैक्सवेल बिग बैश लीग के पहले मैच में ब्रिसबेन हीट्स के खिलाफ मेलबर्न स्टार्स के कप्तान होंगे.



### वॉर्नर के विकल्प का चयन क्लास के आधार पर करें: ख्वाजा

**मेलबर्न** । ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से अपील की है कि डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद उनके विकल्प का चयन 'फॉर्म' नहीं बल्कि 'क्लास' के आधार पर करें. वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ तीन जनवरी से अपने शहर सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेलेंगे. ख्वाजा अपने अगले जोड़ीदार को लेकर अधिक चिंतित नहीं है लेकिन उन्होंने चयनकर्ताओं से सही खिलाड़ी के चयन का आग्रह किया. उन्होंने सेन रेडियो से कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता कि मेरा अगला जोड़ीदार कौन है. चयनकर्ता जिसे भी चुनना चाहते हैं, चुनें. उन्होंने कहा कि आप टीमों का चयन फॉर्म के आधार पर नहीं करते. आप यह देखते हैं कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कौन है. अगर फॉर्म के आधार पर टीम चुनी जाये तो आस्ट्रेलियाई टीम में हर दूसरे सप्ताह बदलाव होगा.

**आईसीसी रैंकिंग**

## दुनिया के नंबर एक टी-20 गेंदबाज बने बिश्नोई

**भाषा । दुबई**

भारत के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत पांच पायदान की छलांग लगाकर बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज हो गये. बिश्नोई ने हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त हुई श्रृंखला में पांच मैच में नौ विकेट झटके थे. तेईस वर्षीय बिश्नोई के 699 रेटिंग अंक हैं, उन्होंने इस तरह पांच पायदान के फायदे से अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान (692 अंक) को शीर्ष से हटा दिया. श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसारंगा और इंग्लैंड के आदिल राशिद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं और दोनों के 679 अंक हैं. श्रीलंका के महीश तीक्षणा (677 अंक) शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं. बिश्नोई खेल के इस छोटे प्रारूप में शीर्ष 10 में काबिज एकमात्र गेंदबाज हैं जबकि अक्षर पटेल नौ पायदान की छलांग से 18वें स्थान पर पहुंच गये.



### बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं सूर्या

भारत को टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में आस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ एक पायदान खिसककर सातवें स्थान पर पहुंच गये. हार्दिक पंड्या ने आल राउंडर खिलाड़ियों की सूची में तीसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि वह चोट के कारण ऑस्ट्रेलिय के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाये थे.

- 699 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर पहुंचे बिश्नोई
- बिश्नोई ने पांच पायदान की छलांग लगाई
- शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं बिश्नोई

**दिग्ग ने कहा** सभी प्रारूपों में काफी अधिक क्रिकेट के कारण आधुनिक क्रिकेट में ऑलराउंडर की कमी

# हरफनमौलाओं का विकास हो रहा है प्रभावित : कैलिस

**भाषा । नई दिल्ली**

दिग्गज हरफनमौलाओं की सूची में शामिल जाक कैलिस ने कहा है कि सभी प्रारूपों में काफी अधिक क्रिकेट के कारण आधुनिक क्रिकेट, विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में स्तरीय ऑलराउंडर की कमी हो गई है. सर गारफील्ड सोबर्स (8032 रन और 235 विकेट) को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर माना जाता है जबकि इसमें कोई संदेह नहीं कि कैलिस (25 हजार से अधिक रन और 235 विकेट) आधुनिक युग के महान ऑलराउंडर में से एक हैं. क्रिकेट जगत ने 1980 के दशक में इमरान खान, रिचर्ड हैडली, इयान बॉथम और कपिल देव के रूप में चार महान ऑलराउंडर देखे जबकि नई



सदी में कैलिस और एंड्रयू फ्लिंटॉफ का जलवा देखने को मिला. लेकिन टी-20 क्रिकेट के आने और दुनिया भर में नए नियमों के साथ कई लीग के शुरू होने से हरफनमौलाओं के विकास पर असर पड़ा. कैलिस ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि इसका उत्तर देना कठिन है, हरफनमौला खिलाड़ी आपको हर दिन नहीं मिलते. क्रिकेट के इतिहास में बहुत सारे ऑलराउंडर नहीं हैं. बहुत सी चीजें, क्रिकेट की मात्रा भी निश्चित रूप से एक भूमिका निभाती है. दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व कप्तान लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलने के लिए भारत में है. कैलिस ने इंडियन प्रीमियर लीग का नाम नहीं लिया लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स का यह पूर्व कोच 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम का समर्थक नहीं है जहां टीम अपनी बल्लेबाजी या गेंदबाजी पारी के दौरान अपनी जरूरत के अनुसार एक खिलाड़ी को बदल सकती है. उन्होंने कहा कि कुछ टी-20 प्रतियोगिताओं में वैकल्पिक खिलाड़ी होते हैं (आईपीएल) और मैं इसका बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं क्योंकि यह आपकी टीम में ऑलराउंडर की भूमिका खत्म कर देता है. जिन टीमों के पास अच्छे हरफनमौला खिलाड़ी नहीं हैं वे अब 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रही हैं.

### दक्षिण अफ्रीका को घर पर हराना मुश्किल

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के मुश्किल दौरे पर रवाना हो गई है. यह टेस्ट खेलने वाला एकमात्र बड़ा देश है जहां भारत ने 31 साल में एक भी टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है. कैलिस ने कहा कि यह अच्छी भारतीय टीम है लेकिन दक्षिण अफ्रीका को घर पर हराना मुश्किल है. सेंचुरियन संभवत: दक्षिण अफ्रीका के जबकि न्यूलैंड्स भारत के अनुकूल होगा यह अच्छी श्रृंखला होगी और अंत में एक या दो सत्र से फैसला होगा कि कौन सी टीम दूसरी से बेहतर खेली. यह करीबी मुकाबला होगा. भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ी कप्तान रोहित (36 साल), कोहली (35 साल), रविचंद्रन अश्विन (37 साल) और रविंद्र जडेजा (35 साल) के अलावा मोहम्मद शमी (33 साल) अगले कुछ वर्षों में टीम का साथ छोड़ेंगे और बदलाव का दौर आएगा. कैलिस का मानना है कि अगर प्रतिभावान युवाओं को सीनियर टीम के साथ रखकर निखारा जाता है तो बदलाव के दौर आसानी से बीत जाएगा.

# बांग्लादेश की स्थिति मजबूत

**दूसरा टेस्ट : न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया**

**भाषा । मीरपुर (बांग्लादेश)**

बांग्लादेश ने कम स्कोर पर आउट होने के बावजूद न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम को लड़खड़ाकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां अपनी स्थिति मजबूत कर ली. टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी बांग्लादेश की टीम केवल 172 रन पर आउट हो गई लेकिन इसके बाद उसके गेंदबाजों ने उसे शानदार वापसी दिलाई. खराब रोशनी के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब न्यूजीलैंड 12.4 ओवर में पांच विकेट पर 55 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था. इस विकेट पर खेलना दोनों टीमों के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल रहा. विकेट से असमान उछाल मिल रही थी और गेंद अधिकतर समय नीची रह रही थी. न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके बांग्लादेश के बल्लेबाजों को दबाव में रखा. पहले सात ओवर में केवल आठ रन बने. बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर (31 रन देकर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने तीन-तीन जबकि बाएं हाथ के अन्य स्पिनर एजाज पटेल ने 54 रन देकर दो विकेट लिए.



**क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचा कर आउट होने वाले पहले बांग्लादेशी बने मुशफिकुर :** बांग्लादेश की तरफ से मुशफिकुर रहीम ने सर्वाधिक 35 रन बनाए. मुशफिकुर रहीम क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचा कर आउट होने वाले बांग्लादेश के पहले क्रिकेटर बने. रहीम के अलावा शहादत हुसैन ने 31 रन का योगदान दिया.

## मुंबई में फिल्म 'द आर्चीज' के प्री-रिलीज इवेंट में दिखे बॉलीवुड के कई सितारे



अभिनेता फरहान अख्तर व उनकी पत्नी शिबानी



सबा आजाद के साथ अभिनेता ऋतिक रोशन



अभिनेत्री कैटरीना कैफ



अभिनेता शाहरुख खान अपने फैमिली के साथ

## आओ जानें

### वन लाइनर करंट अफेयर्स

1. अटारी वाघा बॉर्डर पर फहराया जाएगा भारत का सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा.
2. अडानी ग्रुप का विझिंजम बंदरगाह भारत के लिए एक समुद्री गेम चेंजर है.
3. कैबिनेट ने विपणन सीजन 2024-25 के लिए रबी फसलों के लिए एमएसपी को मंजूरी दी.
4. धर्मेंद्र प्रधान ने इंडिया स्किल्स 2023 प्रतियोगिता शुरू की.
5. धर्मेंद्र प्रधान ने वेब पोर्टल 'अपना चंद्रयान' लॉन्च किया.
6. केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भारत स्टेम शिखर सम्मेलन 2023 के 5वें संस्करण को संबोधित किया.
7. सीएम योगी गोंडा में खोलेंगे पहला मिशन शक्ति कैफे.
8. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने सहकारी बैंक की जमा-लिंक्ड ऋण योजना शुरू की.
9. आंध्र सरकार के स्कूली छात्रों को टैब पर संदेह निवारण ऐप मिलेगा.
10. राजीव चन्द्रशेखर ने 'हार्टलैंड त्रिपुरा' परियोजना का उद्घाटन किया.

### ब्रीफ खबरें

#### संसद पर हमले की मिली धमकी, पुलिस अलर्ट

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में मौजूद खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से 13 दिसंबर को संसद हमले की बरसी पर 'संसद की नींव को हिला देने' की धमकी वाला एक वीडियो संदेश जारी होने के बाद दिल्ली पुलिस सतर्क है. शीतकालीन सत्र के दौरान 13 दिसंबर 2001 को संसद पर आतंकवादी हमला हुआ था. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि संसद और उसके आसपास के इलाकों की सुरक्षा पहले ही बढ़ा दी गई है.

#### कार दुर्घटना में एक भारतीय की मौत

**मेलबर्न।** एक भयानक कार हादसे में एक 26 वर्षीय भारतीय व्यक्ति की मौत हो गई. एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई. मृतक की पत्नी ने उसके पार्थिव शरीर को भारत में उसके माता-पिता के पास पहुंचाने के लिए मदद की अपील की है. विंडहैम टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, खुशदीप सिंह सोमवार को रात करीब 11 बजकर 15 मिनट पर पार्मस रोड से गुजर रहे थे. तभी उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई.

#### तालिबान की शैक्षणिक नीतियों से नुकसान

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'ह्यूमन राइट्स वॉच' की बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान की अपमानजनक शैक्षणिक नीतियां अफगानिस्तान में लड़कियों के साथ ही लड़कों को भी नुकसान पहुंचा रही हैं. मानवाधिकार समूह ने कहा कि लड़कों की शिक्षा पर पड़े गहरे असर पर काफी कम ध्यान दिया गया है. तालिबान ने 2021 में सत्ता पर कब्जा जमाने के बाद लड़कियों के छठी कक्षा से आगे पढ़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है.

#### कश्मीर में तापमान गिरा, ठंड हुई तेज

**श्रीनगर।** घाटी में ठंड बढ़ने के कारण पूरे कश्मीर में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे पहुंच गया है. अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह शून्य से नीचे 1.4 डिग्री सेल्सियस था. उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 18 मिनट के लिए करनी पड़ी स्थगित

# सांसद के बयान पर लोस में हंगामा

**भाषा। नयी दिल्ली**

लोकसभा में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक सांसद द्वारा हिंदी भाषी राज्यों को लेकर दिए गए अपमानजनक बयान पर सत्तापक्ष ने माफी की मांग की और इस मुद्दे पर सदन में दोनों पक्षों के हंगामे के कारण कार्यवाही लगभग 18 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी. सदन में प्रश्नकाल के दौरान जब द्रमुक नेता टी आर बालू पूरक प्रश्न पूछने के लिए खड़े हुए तो केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने सदन में मंगलवार को द्रमुक सांसद डीएनवी सेंथिल कुमार के हिंदी पट्टी के राज्यों को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान का मुद्दा उठाया.

गोयल ने कहा कि बालू को अपनी पार्टी के सांसद के बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यह नहीं चल सकता कि कोई भी सदस्य यहां कुछ भी बोलकर चले जाएं. पहले उन्हें माफी मांगनी होगी. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि द्रमुक सांसद का बयान उत्तर और दक्षिण को बांटने का प्रयास है. इस दौरान बालू और विपक्ष के कुछ सदस्यों ने केंद्रीय मंत्रियों की मांग पर ऐतराज जताया. दोनों पक्षों की ओर से हंगामा होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही करीब 11.42 बजे दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

सेंथिल कुमार ने मंगलवार को सदन में जम्मू कश्मीर से संबंधित विधेयकों पर चर्चा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए टिप्पणी की थी.

#### सरकार ने कितने वादे पूरे किए ?

द्रमुक सदस्य पी विल्सन ने कहा कि सरकार ने जो वादे किए थे उनमें से कितने वादे पूरे किए गए? नदी जोड़ने का वादा अधूरा है, काले धन की वापसी आज तक नहीं हुई. किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई. गंगा की सफाई नहीं हुई. दो करोड़ रोजगार नहीं मि. पेट्रोल डीजल की कीमत, एलपीजी की कीमत कम नहीं हुई. उल्टे नोटबंदी की गई, जीएसटी लगाया गया और ऐसे कदम उठाए गए कि राज्यों की हालत खस्ता हो गई. उन्होंने केंद्र सरकार पर विपक्ष शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया. तमिलनाडु सरकार ने विभिन्न मदों में अपने बकाये के लिए केंद्र सरकार से बार बार अनुरोध किया है लेकिन उसे उसके हिस्से के कोष नहीं मिलते. गांवों में हालत बहुत बुरी है जहां न तो रोजगार है और न ही पर्याप्त मजदूरी मिल पा रही है.

#### मांगी माफी

- मैंने अनुचित तरीके से एक शब्द का इस्तेमाल किया था
- उस शब्द को इस्तेमाल करने की कोई मंशा नहीं थी



शीतकालीन सत्र के दौरान सांसद सदन की कार्यवाही में भाग लेते हुए.

#### नए विधेयक से जम्मू-कश्मीर में क्या होगा बदलाव

5 अगस्त 2019 को सरकार ने जम्मू-कश्मीर को खास दर्जा देने वाले आर्टिकल 370 को खत्म कर दिया था. साथ ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेश बना दिया था. अब ये नया बिल जम्मू-कश्मीर में विधानसभा सीटों को बढ़ाने का प्रावधान करेगा. ये कानून बनता है तो जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 114 सीटें हो जाएंगी. जम्मू-कश्मीर में 5 अगस्त 2019 से पहले 111 विधानसभा सीटें थीं. इनमें से 24 सीटें पीओके में थीं. वहां चुनाव नहीं कराए जा सकते. इस तरह कुल 87 सीटें होती थीं, लेकिन लद्दाख के अलग होने के बाद 83 सीटें ही बची थीं. बिल के कानून बनने के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सीटें बढ़कर 83 से 90 हो जाएंगी. जम्मू में 6 और कश्मीर में एक सीट बढ़ जाएगी.

#### टिप्पणी को लोकसभा की कार्यवाही से हटाया गया

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हिंदी भाषी राज्यों को लेकर द्रमुक सांसद डीएनवी सेंथिल कुमार द्वारा मंगलवार को सदन में दिए गए एक बयान को कार्यवाही से हटा दिया है. सेंथिल कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए हिंदी भाषी राज्यों के लिए अपमानजनक टिप्पणी की थी. हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान के लिए माफी मांग ली थी. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हाल में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए मैंने अनुचित तरीके से एक शब्द का इस्तेमाल किया था. उस शब्द को इस्तेमाल करने की कोई मंशा नहीं थी और मैं इससे गलत संदेश जाने पर माफी मांगता हूं.

### मायावती ने मुफ्त अनाज योजना पर कसा तंज, कहा-

## मेहनतकश समाज की हालत त्रस्त और चिंताजनक है

**भाषा। लखनऊ**



मायावती ने आंबेडकर के 67वें 'परिनिर्वाण दिवस' पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अतिपिछड़ों सहित उपेक्षित बहुजनों के मसीहा व देश के मानवतावादी समतामूलक संविधान के निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आज उनके 'परिनिर्वाण दिवस' पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित.

उन्होंने एक अन्य पोस्ट में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पर तंज करते हुए कहा कि देश के 81 करोड़ से अधिक गरीब लोगों को पेट पालने के लिए सरकारी अन्न के लिए मोहताज बना देने ना यह आजादी का सपना था और ना ही उनके लिए कल्याणकारी संविधान बनाते समय बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सोचा था. उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में रोटी-रोजी के अभाव एवं महंगाई की मार के कारण गरीब, मजदूर, छोटे व्यापारी, किसान, मध्यम वर्ग सहित सभी मेहनतकश समाज की हालत त्रस्त व चिन्तनीय है जबकि संविधान को सही से लागू करके उनकी हालत अब तक काफी संवर जानी चाहिए थी.

## केवल 'आप' नि:शुल्क शिक्षा की गारंटी दे सकती है : केजरीवाल

**भाषा। नयी दिल्ली**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अन्य दलों ने आम आदमी पार्टी (आप) का एजेंडा चोरी कर लिया है और वे निशुल्क बिजली उपलब्ध कराने की बात कर रहे हैं तथा गारंटियां दे रहे हैं लेकिन इसके बावजूद निशुल्क शिक्षा उनकी सूची में नहीं है. वह बाबा साहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यहां 'आप' कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

मुख्यमंत्री ने कहा कि आंबेडकर 1913 में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने के लिए गए और उन्होंने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया. केजरीवाल ने कहा कि अगर वह 10-15 साल और जीवित रहते तो वह देश में सभी सरकारी स्कूलों को सुधार देते. किसी भी दल ने शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया. उन्होंने कहा कि इन दलों ने हमारा पूरा एजेंडा चुरा लिया है. वे अब सभी गारंटी दे रहे हैं और निशुल्क बिजली दे रहे हैं लेकिन निशुल्क शिक्षा की गारंटी नहीं दे रहे हैं. केवल 'आप' ही शिक्षा की गारंटी दे सकती है. उन्होंने कहा कि 'आप' ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी कुछ किया है. उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में देश में लोगों को जानबूझकर अशिक्षित रखा गया.

### '2024 में लोकतंत्र को और अधिक खतरा है'

## ट्रंप को जीतने नहीं दे सकते : बाइडन

**भाषा। बोस्टन**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चुनाव प्रचार अभियान के दानदाताओं से मंगलवार को कहा कि अगर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की दौड़ में नहीं होते तो शायद वह भी दोबारा इस पद के लिए चुनाव नहीं लड़ते. उन्होंने चेतावनी दी कि '2024 में लोकतंत्र को और अधिक खतरा है' तथा ट्रंप एवं उनके सहयोगी लोकतांत्रिक संस्थानों को नष्ट करने पर तुले हैं. राष्ट्रपति ने धन जुटाने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों इस बात के प्रति आगाह किया कि अगर पूर्व राष्ट्रपति ने फिर से व्हाइट हाउस पर नियंत्रण का दावा किया तो क्या हो सकता है. उन्होंने ट्रंप के बयानों का जिक्र किया और देश में लुटेरों को जड़ से नष्ट करने का संकल्प जताया. बाइडन ने जोर देकर कहा कि अगर ट्रंप इस दौड़ में नहीं होते तो मैं भी इस दौड़ में नहीं होता.

#### खास बातें

- ट्रंप लोकतांत्रिक संस्थानों को नष्ट करने पर तुले हैं
- लुटेरों को जड़ से नष्ट करने का लिया संकल्प

### चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए किया जा रहा सर्वेक्षण

## 'मिचौंग' कमजोर होकर उत्तर की ओर बढ़ा

**भाषा। अमरावती**

आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में मंगलवार को तबाही मचाने के बाद चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' कमजोर होकर कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया और अब यह उत्तर की ओर बढ़ गया है. मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने कहा कि मौसम प्रणाली के उत्तर की ओर बढ़ने और अगले छह घंटों में बहुत कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की उम्मीद है.



#### तमिलनाडु ने केंद्र से मांगी 5,060 करोड़ की सहायता

**चेन्नई।** चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' से हुए नुकसान को लेकर तमिलनाडु सरकार ने केंद्र से 5,060 करोड़ रुपये की अंतरिम राहत की मांग की है. राज्य सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुल नुकसान का आकलन करने के लिए एक सर्वेक्षण किया जा रहा है. एक विस्तृत रिपोर्ट बाद में तैयार की जाएगी और अतिरिक्त धनराशि की मांग की जाएगी.

#### स्थिति सामान्य होने तक डटे रहेंगे अधिकारी : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवात 'मिचोंग' से प्रभावित हुए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए बुधवार को कहा कि अधिकारी लोगों की सहायता के लिए जमीनी स्तर पर अथक प्रयास कर रहे हैं और स्थिति पूरी तरह से सामान्य होने तक डटे रहेंगे.

**विरोध** राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में राजस्थान के कई शहरों में प्रदर्शन

**भाषा। जयपुर**

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में बुधवार को राजस्थान में कई जगह प्रदर्शन हुए. फिलहाल कहीं से हिंसा की कोई खबर नहीं है. पुलिस के अनुसार हमलावरों की पहचान की ली गई है और उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है. राजपूत समुदाय के लोगों ने जयपुर के खातीपुरा इलाके में प्रदर्शन किया, जहां से उन्होंने बाजार बंद कराने के लिए दूसरे हिस्सों में कूच किया. गोगामेड़ी समर्थकों ने हत्या के विरोध में जयपुर बंद का आह्वान किया है.

**पुलिस को मिली थी हत्या की खुफिया जानकारी :** श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने पुलिस महानिदेशक को हटाने की मांग की. उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस से सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी लेकिन, राजस्थान पुलिस ने उन्हें सुरक्षा प्रदान नहीं की.



#### फूटा गुस्सा

- फिलहाल कहीं से हिंसा की कोई खबर नहीं है
- आरोपी के गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है

#### इस घटना से 'सर्व समाज' आक्रोशित है

मकराना ने कहा कि आरोपियों को नहीं पकड़े जाने पर राजपूत समाज में भारी आक्रोश है और वे देशभर में विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे. उन्होंने कहा कि इस घटना से न केवल राजपूत समाज, बल्कि 'सर्व समाज' आक्रोशित है. कुछ लोगों ने जयपुर में खातीपुरा सड़क को जाम कर दिया. बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग जयपुर के मानसरोवर इलाके में मेट्रो मास अस्पताल के बाहर बैठे हैं, जहां गोगामेड़ी का शव रखा गया है. जोधपुर व उदयपुर से भी प्रदर्शन के समाचार हैं लेकिन कोई हिंसा नहीं हुई.

#### राज्यपाल मिश्र ने अधिकारियों के साथ की बैठक

सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के मद्देनजर राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों की विशेष बैठक ली. उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए. मिश्र ने कहा कि राज्य में शूटरों द्वारा दिन दहाड़े हत्या गंभीर मामला है. उन्होंने संगठित अपराध से उपजे हालात पर निरंतर निगरानी रखे जाने की हिदायत दी. विशेष रूप से उन्होंने अपराधियों को पकड़े जाने के लिए पुख्ता कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए.

#### हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित हुई

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि मंगलवार को गोगामेड़ी और अपने साथ आए नवीन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या करने वाले दो हमलावरों पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश की जा रही है. पुलिस ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की जांच के लिए बुधवार को विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है. राज्यपाल मिश्र ने इस हत्याकांड के बाद राज्य के हालात को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से फोन पर बात भी की है.

#### राहुल को पुष्पगुच्छ भेंट करते रेवंत रेड्डी



बुधवार को नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पार्टी के तेलंगाना प्रमुख ए रेवंत रेड्डी के साथ. -फोटो: पीटीआई

## लोग परेशान: डुमरा मार्ग पर रेल फाटक से गुजरने वाले लोगों को होती है परेशानी

# आफत है बाघमारा का रेल फाटक

प्रेम कुमार । बाघमारा

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा रेल मंडल अंतर्गत बाघमारा -डुमरा मार्ग पर केबिन के समीप बना रेल फाटक यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है. दिन भर में दर्जनों बार फाटक बंद होने से आम जनों की न सिर्फ परेशानियां बढ़ी है, बल्कि लोगों का घंटों समय बर्बाद होता है. डुमरा तरफ जाने या फिर बाघमारा की ओर आने के लिए लोगों को रेलवे फाटक पर देर तक मुकदर्शक बन खड़ा रहना पड़ता है. जानकारी के अनुसार बीसीसीएल के ब्लॉक दो एवं बरोरा क्षेत्र के बेनीडीह रेलवे साइडिंग से कोयला लोड होने वाला रेलवे का रैक खानु डीह स्टेशन के समीप लगाए गए वजन घर से वजन के क्रम में दिन भर में कई बार चक्कर लगाता है. एक बार रेलवे वैगन खाली होता है, तो दूसरी बार कोयला लोड होता है. बताया जाता है कि रेलवे वैगन के आने-जाने का सिलसिला दिन भर में दर्जनों बार होता है. रोजाना 8-10 रेक लगती है. इसके अलावा खानूडीह स्टेशन होकर कई पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन होता है. उक्त रेल फाटक की यह स्थिति है की कुछ माह पूर्व प्रखंड के मंदरा पंचायत की एक गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए ले जाया जा रहा था,फाटक बंद होने का कारण उसकी डिलीवरी फाटक के पास ही हो गयी. लोगों की राय में उक्त रेलवे फाटक से गुजरना किसी आफत से कम नहीं है. अगर उक्त रेलवे फाटक को छोड़ भी दिया जाये तो भीमकनाली होकर आने -जाने में लोगों का काफी समय बर्बाद होता है. गाड़ी में अधिक पेट्रोल लगना भी स्वाभाविक है. जाड़े , बरसात या फिर भीषण गर्मी का मौसम हो, लोगों को इस रेलवे फाटक के पास खड़े होकर इसके खुलने का इंतजार करना पड़ता है.



**सांसद-विधायक गंभीर पर रेलवे बेपरवाह**

उक्त रेल फाटक पर ओवर ब्रिज बनाये जाने को लेकर क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं बाघमारा के विधायक ढुल्लु महतो ने मामले को गंभीरता से लिया है. मामले को रेलवे बोर्ड एवं रेल मंत्री के समक्ष रखा गया है परंतु अभी तक सिर्फ आश्वासनों की पोटली मिली है.

### कोरा साबित हुआ जीएम का आश्वासन

खानुडीह स्टेशन में 5 जनवरी 2016 के दिन आरक्षण काउंटर सह प्रतीक्षालय का उद्घाटन करने आये दक्षिण -पूर्व रेलवे के जीएम आशीष कुमार गोयल के समक्ष स्थानीय लोगों ने उक्त रेल फाटक पर ओवर ब्रिज बनाये जाने की मांग रखी परंतु 8 साल बीत जाने के बाद भी जीएम द्वारा दिया गया आश्वासन महज कोरा साबित हुआ.

### रेलवे को लाखों-करोड़ों का मुनाफा

जानकारी के मुताबिक बीसीसीएल के द्वारा ब्लॉक दो के केकेसी लिंक साइंडिंग में कोयला ढुलाई के एवज में रेलवे को प्रति माह लाखों रूपए का मुनाफा होता है. इसके अलावा झारखंड सरकार को राजस्व मद में प्रतिमाह लाखों रुपया भुगतान किया जाता है. इसके बावजूद रेलवे विभाग लोगों की परेशानियों के इतर आंख बंद किये हुए है.

## धनबाद में सुबह से हो रही बारिश से बढ़ी ठंड

**धनबाद।** चक्रवात तूफान मिचौंग ने बुधवार को मौसम का मिजाज बदल दिया. सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक लगातार हुई बारिश की वजह से लोग अपने अपने घरों में दुबके रहे. ठंड में भी अचानक बढ़ोतरी देखने को मिली. सड़क, बाजार और सरकारी दफ्तरों में अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवजाही कम रही. हालांकि तापमान में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला. दिन का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा. मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वोत्तर तेलंगाना और इससे सटे दक्षिण छत्तीसगढ़-दक्षिण ओडिशा तथा तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर बना दबाव कमजोर होकर उसी क्षेत्र में कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो गया है. चक्रवाती तूफान का असर समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है. जिसके आसपास के राज्यों में हल्के से मध्यम दर्ज की बारिश अभी देखने को मिल रही है. गुरुवार को भी इसका असर कई स्थानों पर देखने को मिल सकता है. शुक्रवार से मौसम में बदलाव नजर आएगा. आंशिक बादल रहने के साथ न्यूनतम तापमान में भी दो से चार डिग्री गिरावट देखने को मिलेगी, साथ ही ठंड में भी इजाफा होगा.

### आओ जानें

## सात दिसंबर का इतिहास

- 1825– भाप से चलने वाला पहला जहाज 'इंटरप्राइज' कोलकाता पहुंचा. 1856– देश में पहली बार आधिकारिक रूप से 'हिंदू विधवा' का विवाह कराया गया.
- 1889– विश्व में वर्तमान रुप की पहली गाड़ी बनाई गयी.
- 1941– दूसरे विश्व युद्ध के दौरान आज ही के दिन जापान ने अमेरिका के पर्ल हार्बर पर मशहूर हवाई हमला किया.
- 1949– आज के दिन भारतीय सशस्त्र बल फ्लैग डे मनाया जाता है.
- 1992– आज ही के दिन दक्षिण अफ्रीकी धरती पर पहली बार कोई वनडे मैच खेला गया.
- 1995– भारत ने संचार उपग्रह इनसेट-2सी का प्रक्षेपण किया.
- 1988– अर्मेनिया में आए 6.9 तीव्रता वाले भूकंप से 25 हजार लोगों की मौत, लाखों बेघर.
- 2001– तालिबान ने कई दिनों तक चली लड़ाई के बाद अफगानिस्तान के कांधार पर कब्जा छोड़ा.
- 2002– तुर्की की आजरा अनिन मिस वर्ल्ड बनीं.
- 2008– हरियाणा के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने चन्द्रमोहन को मुख्यमंत्री पद से बर्खास्त किया.
- 2008– भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने जापान टूर का ख़िताब जीता.
- 2009– डेनमार्क के कोपेनहेगन में जलवायु शिखर सम्मेलन शुरू.

# एसबीआई ने छात्रों को किया जागरुक

संवाददाता । हजारीबाग



**साइबर फ्रॉड**

- ऑनलाइन गिफ्ट के प्रति सजग रहने की दी गई सलाह
- सावधानी ही फ्रॉड से बचाव का सबसे अहम उपाय है: नितेश

आईसेक्ट विश्वविद्यालय मटवारी स्थित सिटी कैंपस में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से साइबर फ्रॉड को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया. मौके पर एसबीआई के रीजनल मैनेजर नितेश आनंद ने कहा कि साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूकता आवश्यक है. उन्होंने कहा कि आए दिन साइबर अपराध की गतिविधियां बढ़ रही हैं, ऐसे में सावधानी ही इससे बचाव का सबसे अहम उपाय है. उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन गिफ्ट या निःशुल्क मिलने वाले लाभ के प्रति सजग रहने की सलाह दी. आरबआई के मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को तानासिन व जंबो जैसे इलेक्ट्रॉनिक गजट हैक की संभावना वाली वेबसाइट को सर्च नहीं करने की सलाह दी. वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने वर्तमान समय में बढ़ रहे इलेक्ट्रॉनिक गजट पर निर्भरता के मद्देनजर साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूकता कार्यक्रम को अहम बताया. साथ ही एसबीआई के अधिकारियों व कर्मचारियों के पहल की सराहना की. पीबीबी के शाखा प्रबंधक मिथिलेश कुमार ने भी साइबर अपराध को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया. साथ ही विद्यार्थियों को ओपन वाई-फाई कनेक्ट करने से बचने की सलाह दी. इस बीच एसबीआई हजारीबाग शाखा के मुख्य प्रबंधक सहवीर कुमार ने आधुनिक समय में बैंक संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म की महत्ता और उसकी उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की. मौके पर एटीएम चैनल मैनेजर असीम कुमार अधिकारी, उपप्रबंधक राजीव रंजन, उपप्रबंधक नौलखा कुमार, पीबीबी उपप्रबंधक विकास कुमार, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन डॉ बिनोद कुमार समेत लोग मौजूद थे.

# सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने किया बोकारो का दौरा

संवाददाता । बोकारो



बोकारो के जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते व डिसल्फराइजेशन यूनिट का उद्घाटन करते सेल अध्यक्ष.

**खास बातें**

- दौरे के दौरान अमरेंदु ने जगन्नाथ मंदिर में पूजा की
- अमरेंदु ने डिसल्फराइजेशन यूनिट 1 व 2 का उदघाटन किया

सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश मंगलवार की देर शाम बोकारो पहुंचे. उनके बोकारो आगमन पर निदेशक प्रभारी आरएसपी, अतिरिक्त प्रभार बीएसएल अतानु भौमिक सहित बीएसएल के अधिशासी निदेशकों ने उनका स्वागत किया. अपने दौरे के क्रम में बुधवार को उन्होंने सबसे पहले जैविक उद्यान में वृक्षरोपण किया और जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. उन्होंने बीजीएच के नर्सिंग स्कूल के सभागार में अस्पताल के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ से भी मुलाकात की. प्लांट भ्रमण के क्रम में सेल अध्यक्ष ने एसएमएस-2 के डिसल्फराइजेशन यूनिट 1 एवं 2 का उदघाटन किया. इस इकाई के परिचालन में आ जाने से अब बीएसएल द्वारा उत्पादित इस्पात के गुणवत्ता में और अधिक बेहतरी लाई जा सकेगी. प्रकाश ने संयंत्र परिसर के अंदर प्रस्तावित ब्राउनफील्ड एक्सपेंशन से जुड़े स्थलों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों से जानकारी ली. सयंत्र भ्रमण के क्रम में सेल अध्यक्ष ने बीएसएल की महिला कर्मियों से भी मुलाकात की और हॉट स्ट्रिप मिल का दौरा किया. इस दौरान सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश तथा निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक ने डॉ बीआर अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की. इसके बाद बोकारो निवास में आयोजित अलग-अलग बैठकों में उन्होंने बीएसएल के युवा प्रबंधकों और ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. प्रकाश ने बीएसएल के वरीय अधिकारियों से भी अलग से बैठक कर उत्पादन, परियोजनाएं व अन्य अहम विषयों की समीक्षा की. इस बैठक में बीएसएल एवं उसके अधीनस्थ इकाइयों के अधिशासी निदेशक व मुख्य महाप्रबंधक भी शामिल हुए. गुरुवार को अपराहन बोकारो से प्रस्थान करने से पूर्व सेल अध्यक्ष ऑफिसर्स एसोशिएशन एवं एससी-एसटी प्रतिनिधियों से मुलाकात करने के साथ ही बीएसएल के सीएसआर से जुड़े कुछ प्रोजेक्ट्स का अवलोकन करेंगे.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# इंटीग्रेटेड कोर्स कर कॅरियर बनाना युवाओं के लिए है आसान



**रजनीश प्रसाद एजुकेशन रिपोर्टर**

**इंटीग्रेटेड कोर्स में एक साथ अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कोर्स का एडमिशन मिल जाता है. 12वीं के बाद 5 साल के एक कोर्स, उन छात्रों के लिए एक अवसर है जो एक ही सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन लेवल और मास्टर लेवल के दोनों कोर्स में प्रवेश पाना चाहते हैं. इंजीनियरिंग, साइंस, मैनेजमेंट, लॉ, कामर्स या आट्र्स में इस तरह के कोर्स कर सकते हैं. 12वीं के बाद इंटीग्रेटेड कोर्स किया जाता है, इसे करने के बाद एक साथ ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट दोनों ही डिग्री मिल जाती है और योग्यता बढ़ जाने से आपके लिए करियर के बेहतर विकल्प भी बढ़ जाते हैं.**

### इंटीग्रेटेड कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा

- जीआरई
- जीएमएटी
- ओयूएटीईटी
- आईसीएआर एआईईईए
- सीयूसीईटी
- क्लेट
- एलसेट
- एमएच सेट लॉ
- एआएलईटी
- टीएस लॉ सेट
- एपी लॉ सेट
- एल नेट
- आईएलएसएटी
- आईपीयू सेट
- किट ईई बीसीए
- सेट
- बीयू एमएटी
- आरयूईटी

### कॅरियर स्कोप

इंजीनियरिंग, आट्र्स या फिर किसी फील्ड में इंटीग्रेटेड कोर्सेज करने के बाद स्टूडेंट्स के पास संबंधित इंडस्ट्री में नौकरी पाने के बेहतर विकल्प होते हैं. इंटीग्रेटेड एमबीए, बैचलर इन इंटीग्रेटेड मार्केटिंग कम्युनिकेशन आदि कोर्सेज करने के बाद आपके लिए गवर्नमेंट और प्राइवेट जॉब्स के अवसर रहते हैं. अन्य साधारण कोर्सेज की तुलना में इंटीग्रेटेड कोर्स करने वालों की शैक्षिक योग्यता अधिक हो जाती है और उन्हें नौकरियों के अच्छे अवसर आसानी से मिल जाते हैं. नीचे कुछ टॉप इंडस्ट्रीज के बारे में बताया गया है.

- स्कूल, कॉलेज
- यूनिवर्सिटीज
- मार्केटिंग
- डवरटाइजिंग
- ब्रांड मैनेजमेंट
- गवर्मेंट सेक्टर
- पीएसयू
- पब्लिक रिलेशन
- ब्रांड मैनेजमेंट
- आईटी कंपनियां
- रिटेल कंपनियां
- गवर्मेंट डिपार्टमेंट

### क्यों करें इंटीग्रेटेड कोर्स

- **समय की बचत:** कैंडिडेट को पांच साल में दो डिग्री मिलती हैं. आप अपने प्लेसमेंट को लेकर बेहतर कैंडिडेट होंगे और 3 साल के दो कोर्सेज की अलग-अलग पढाई की तुलना में आपका 1 साल बच जाता है.
- **एक साथ दो डिग्री:** इंटीग्रेटेड कोर्स करने वाले कैंडिडेट्स को साधारण कोर्स करने वालों की तुलना में एक साथ दो डिग्री मिलते हैं.
- **कॉस्ट एफेक्टिव:** विभिन्न इंस्टिट्यूट/ यूनिवर्सिटीज में लंबी प्रवेश प्रक्रिया, फीस या अन्य खर्च समाप्त करने में इंटीग्रेटेड कोर्स काफी मददगार है. कैंडिडेट का एक बार का निवेश होता है और साधारण कोर्स करने वालों की तुलना में काफी पैसे बचते हैं.
- **बेहतर समझ होना:** छात्र इंटीग्रेटेड कोर्स करते हैं तो वह लगातार पढ़ाई करते रहते हैं, अन्य की तुलना में कोर्स के बाद थोड़ा भी गैप नहीं होता है. इससे उन्हें कोर्स के लिए अन्य चरणों से नहीं गुजरना होता है और उनकी समझ भी बेहतर होती है.
- **आकर्षक सैलरी पैकेज:** अधिक से अधिक डिग्री वाले स्टूडेंट्स को आकर्षक सैलरी पैकेज मिलता है और उन्हें साधारण ग्रेजुएशन कोर्स करने वालों की तुलना में अधिक सैलरी मिलती है.

### जानिए इंटीग्रेटेड कोर्स की लिस्ट

- बीए एलएलबी
- बीबीए एमबीए
- बीटेक एमटेक
- बीएससी बीएड
- बीएससी एमएससी
- बीएससी एलएलबी
- बीकॉम एमबीए
- बीए एमए
- बीकॉम एलएलबी
- बीकॉम एसीसीए
- बीबीए एमबीए
- बीकॉम एलएलबी
- बीकॉम सीआईएमए
- इंटिग्रेटेड एमएससी इन इकोनामिक्स
- इंटिग्रेटेड एमएससी इन कंप्यूटर साइंस
- इंटिग्रेटेड एमएससी इन एमएलटी
- इंटिग्रेटेड एमएससी इन बायोटेक्नोलॉजी
- बीएससी एमएससी कंप्यूटर साइंस
- बीएससी एमएससी इकोनामिक्स
- बीएससी एमएससी बायोटेक्नोलॉजी
- बीएससी एमएससी मैथमेटिक्स
- बीएससी एलएलबी
- बीए एमए इंग्लिश
- बीए एमए हिस्ट्री
- बीए एमए पोलिटिकल साइंस
- बीए एमए सोसियोलॉजी

### भारत के संस्थान

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रोहतक
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बोध गया
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जम्मू
- जेवियर यूनिवर्सिटी
- नरसी मोंजी इंस्टिट्यूट और मैनेजमेंट स्टडीज
- मुंबई यूनिवर्सिटी
- लखनऊ यूनिवर्सिटी
- दिल्ली यूनिवर्सिटी
- नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी
- हेरिटेज लॉ कॉलेज
- किंग्स्टन लॉ कॉलेज
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी
- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
- गवर्नमेंट डूंगर कॉलेज, बीकानेर, राजस्थान
- जिंदल ग्लोबल बिजनेस स्कूल
- आर्य विद्यापीठ कॉलेज, गुवाहाटी, असम
- गुवाहाटी कॉलेज, असम
- एसआरएम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- एलपीयू, जालंधर
- पद्मा लॉ कॉलेज
- यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ
- सिंहगढ़ लॉ कॉलेज

### ऐसे करें आवेदन

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन करने के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.



### इंटीग्रेटेड कोर्स के बाद जॉब

- **बीए एलएलबी:** जज, वकालत, कानूनी सलाहकार आदि.
- **बीबीए एमबीए:** मैनेजर, मार्केटिंग मैनेजर, सेल्स मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजर, एचआर मैनेजर आदि.
- **बीए बीएड:** टीचर, प्राइवेट टीचर, प्राइवेट ट्यूटर, एजुकेशनल रिसर्चर, काउंसलर आदि.
- **इंटिग्रेटेड एमबीए:** इंटीग्रेटड एमबीए के बाद बहुत करियर विकल्प प्राप्त होते हैं. बैंकिंग, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, बैंकिंग एंड फाइनेंस डाटा एनालिटिक्स आदि फील्ड में अच्छी जॉब्स ऑफर की जाती हैं.
- **बीकॉम सीआईएमए:** फाइनेंस कंटोलर, फॉरेंसिक अकाउंटेंट, चार्टर्ड अकाउंटेंट, प्रोजेक्ट मैनेजर आदि.
- **बीकॉम एलएलबी:** लीगल एडवाइजर, वकील, कॉरपोरेट लॉयर, जज, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर आदि.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)